जबलपुर
सोमवार, 1 अप्रैल 2024
- चैत्र मास कृष्ण पक्ष-7
- वर्ष : 18 अंक : 326
- पृष्ठ : 14, मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम
अधि. 38
न्यून. 21

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

8 दिल्ली शराब नीति घोटाले का 'सच'



मैट्रो
14 सीबीएसई स्कूलों ने बढ़ा दी 15 फीसदी फीस

विदिशा-रायसेन लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी प्रतापभानु शर्मा से 'हरिभूमि और आईएनएच' न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का 'चुनावी संवाद'

# 50 साल के 'अनुभव' से कह सकता हूं कि अब जिस तरह की गंदी राजनीति चल रही है, ऐसी कभी नहीं हुई

**ये भी बोले शर्मा?**

- इस चुनाव के बाद दल-बदलुओं की कोई हैसियत नहीं रहेगी
- ईवीएम पर नजर रखना बहुत जरूरी है, यह मुद्दा राष्ट्रीय स्तर पर उठ रहा है
- विदिशा संसदीय क्षेत्र में 3 दशक में बहुत कुछ कबाड़ा हो चुका है

**हरिभूमि न्यूज:भोपाल।** विदिशा-रायसेन संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी ने दो बार सांसद रहे प्रतापभानु शर्मा को फिर से प्रत्याशी बनाकर उतारा है। यह सीट आजादी के बाद से ही कांग्रेस के लिए मुश्किल भरी रही है। यहां कुल 15 लोकसभा चुनाव हुए, जिसमें से कांग्रेस दो बार जीतने में कामयाब रही। यह सीट अटल विहारी वाजपेयी और रामनाथ गोयनका जैसी शख्सियत को संसद भेज चुकी है। इस सीट से शिवराज सिंह चौहान भी जननेता के रूप में अपनी पहचान बनाने में कामयाब रहे हैं। हाल ही में कथित राजनैतिक वनवास खत्म कर शिवराज सिंह चौहान फिर से मैदान में हैं। उनके मुकाबले के लिए कांग्रेस से पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा हैं। शर्मा इस सीट पर 33 साल बाद चुनावी मैदान में उतरे हैं। वे 1980 और 1984 में सांसद चुने गए थे। उनका कहना है कि अब वादाखिलाफी बहुत हो चुकी है। इसके चलते बदलाव बेहद जरूरी है। विदिशा संसदीय क्षेत्र में 3 दशक में बहुत कुछ कबाड़ा हो चुका है। वे 'हरिभूमि' और 'आईएनएच' न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से 'चुनावी संवाद' कार्यक्रम में अपनी बात रख रहे थे।




**उनसे सीधी बात**

*सवाल: आप लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं, आपकी क्या है चुनावी रणनीति?*

*जवाब: मैं कांग्रेस पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी हूं। पूरी दमखम से चुनाव लड़ रहा हूं और जीतूंगा भी। भाजपा ने जिस प्रत्याशी को मेरे सामने उतारा है, उन्होंने अपने संसदीय और मुख्यमंत्रित्व काल में ऐसा कुछ भी नहीं किया, जिसका उल्लेख किया जाए। उनकी कथनी और करनी में कितना अंतर है, यह जनता समझ रही है। लोकल मुद्दे इतने हो गए हैं कि उसका कोई सही प्रतिनिधित्व नहीं हो रहा है। बेतवा नदी की शुद्धि के लिए शिवराज ने 20 साल पहले कहा था, जो आज तक नहीं हुआ। उद्योग आएंगे, वे भी नहीं आए। मनमोहन सिंह के कार्यकाल में यहां की सांसद सुषमा स्वराज को रेल कारखाना दिया था, जिसका अस्तित्व नहीं दिख रहा। रोजगार का मुद्दा वहीं का वहीं है। किसानों को फसल के दाम नहीं मिल रहे। महंगाई का मुद्दा तो बना ही हुआ है।*

*सवाल: जब शिवराज के प्यादे चुनाव जीत जाते हैं तो अब वजीर खुद मैदान में हैं, कैसे जीतेंगे आप?*

*जवाब: क्षेत्र की जनता जनार्दन को समझने की जरूरत है। शिवराज ने हमारे क्षेत्र को क्या दिया? रोजगार के लिए कितने उद्योग लगाए। नेता तो आते-जाते रहते हैं, लेकिन जनता तो वहीं की वहीं खड़ी है। जनता के आशीर्वाद से हम जीतेंगे। नेता तो स्वार्थ की सौदेबाजी करते रहते हैं। भाजपा ने तो 'दलबदल सेल' खोल दिया है। लोगों को लालच देकर खरीद रही है। हो सकता है कि शशांक भार्गव हारने के बाद टेंशन में आए हों तो वे चले गए। 50 साल के अनुभव से कह सकता हूं कि अब जिस तरह की गंदी राजनीति चल रही है।*




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**चुनावी संडे : मेरठ में मोदी ने भरी हुंकार-भ्रष्टाचार हटाओ... तो दिल्ली में इंडी गठबंधन ने रामलीला मैदान पर प्रदर्शन कर कहा- लोकतंत्र बचाओ**

*मेरठ से पीएम की चेतावनी : चुनावी अभियान शुरु करते हुए मोदी ने कहा- मैं भ्रष्टाचार पर कार्रवाई कर रहा हूं, तो कुछ लोग अपना आपा खो बैठे हैं*

# भ्रष्टाचारियों पर एक्शन होकर रहेगा, ये है मोदी की 'गारंटी'

पीएम मोदी ने कहा है कि मैंने लाल किले से कहा था कि यही समय है सही समय है भारत का समय आ गया है भारत चल पड़ा है।

> पीएम ने कहा कि जब भारत दुनिया में नंबर तीन पर पहुंचेगा तो देश में गरीबी तो दूर होगी ही, और साथ-साथ एक सामर्थ्यवान और एक सशक्त देश बनेगा।



एजेंसी ▶▶ मेरठ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ से भाजपा का आक्रामक चुनावी कैंपेन शुरू कर दिया है। मेरठ की इस रैली में हरियाणा और यूपी के मुख्यमंत्री भी मौजूद रहे।

पहली बार रालोद के जयंत चौधरी ने भी पीएम के साथ मंच साझा किया। मेरठ से भाजपा ने रामायण धारावाहिक में भगवान राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल को अपना उम्मीदवार बनाया है। इस सभा में पीएम मोदी ने करप्शन पर हो रही विपक्षी दलों के नेताओं पर कार्रवाई पर कि मैं भ्रष्टाचार पर कार्रवाई कर रहा हूं, तो कुछ लोग अपना आपा खो बैठे हैं और मेरे प्यारे देशवासियों मैं कहता हूं मोदी की गारंटी रहती है।

- ***पहली बार रालोद के जयंत चौधरी ने भी पीएम के साथ मंच साझा किया***
- ***मेरठ से भाजपा ने रामायण धारावाहिक में भगवान राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल को अपना उम्मीदवार बनाया***



**पीएम ने कहा- इससे हर भारतीय नाराज**

## कच्चातीवू द्वीप कांग्रेस ने श्रीलंका को दिया था गिफ्ट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर 1974 में कच्चातीवू द्वीप को श्रीलंका को सौंपने का आरोप लगाया। पीएम मोदी द्वारा ये आरोप तमिलनाडु भाजपा प्रमुख के अन्नामलाई द्वारा सूचना के अधिकार आवेदन के माध्यम से हाल ही में सामने आए खुलासे के बाद लगाया गया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में हैरानी और गुस्सा व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के कामों ने भारत की अखंडता और राष्ट्रीय हितों से गंभीर रूप से समझौता किया है। उन होंने पोस ट में लिखा-आंखें खोलने वाली और चौंका देने वाली! नए तथ्यों से पता चलता है कि कैसे कांग्रेस ने लापरवाही से से कच्चातीवू को दे दिया। इससे हर भारतीय नाराज है और लोगों के मन में फिर से पुष्टि हुई है कि हम कभी भी कांग्रेस पर भरोसा नहीं कर सकते! भारत की एकता, अखंडता और हितों को कमजोर करना कांग्रेस का तरीका रहा है। ये कांग्रेस का 75 वर्षों से काम करने का तरीका रहा है। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लिखा-कांग्रेस ने स्वेच्छा से कच चातीवू छोड़ दिया और उन्हें इसका कोई पछतावा भी नहीं है।

**रामलीला मैदान पर 'लोकतंत्र बचाओ' रैली में राहुल का बड़ा हमला**

## लोकसभा चुनाव को आईपीएल की तरह फिक्स करना चाहती है भाजपा



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को इंडिया गठबंधन के 28 दलों के बड़े नेता जमा हुए हैं। यहां राहुल गांधी ने अपने भाषण के दौरान मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा और कांग्रेस के बैंक अकाउंट्स बंद किए जाने के मामले को प्रमुखता से उठाया। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा लोकसभा चुनाव को 'मैच फिक्स' करके लड़ना चाहती है। राहुल गांधी ने ईवीएम, मैच फिक्सिंग, सोशल मीडिया और मीडिया का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा दबाव की राजनीति के बिना 180 सीटें तक नहीं जीत सकती। राहुल गांधी ने कहा कि आज आईपीएल मैच हो रहे हैं। जब अंपायरों पर दबाव डाला जाता है, खिलाड़ियों को खरीदा जाता है और कप्तानों को मैच जीतने की धमकी दी जाती है, तो इसे क्रिकेट में मैच फिक्सिंग कहा जाता है। हमारे सामने लोकसभा चुनाव हैं।


रैली में इंडिया गठबंधन के 28 दलों के बड़े नेता जमा हुए

अखिलेश बोले- जब 400 से ज्यादा सीटें जीत रहे हैं तो घबराए क्यों हैं?

**केजरीवाल की पत्नी सुनीता बोलीं**

### आपके केजरीवाल शेर हैं, जल्द जेल से बाहर आएंगे

केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने कहा कि मोदी जी ने मेरे पति को जेल में डाल दिया, क्या पीएम ने सही किया? क्या आप मानते हैं कि वह एक सच्चे देश भक्त और ईमानदार व्यक्ति हैं? क्या केजरीवाल को इस्तीफा देना चाहिए? केजरीवाल शेर हैं, ज़्यादा दिन तक जेल में नहीं रख पाएंगे।



**खबर संक्षेप**


### कांग्रेस को नया नोटिस 1745 करोड़ मांगे

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस को आयकर विभाग से एक बार फिर नया नोटिस मिला है। इसमें आकलन वर्ष 2014-15 से 2016-17 तक के लिए 1,745 करोड़ रुपए के टैक्स की मांग की गई है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। कांग्रेस से अब तक कुल कुल 3,567 करोड़ रुपए के कर की मांग की जा चुकी है। ताजा नोटिस 2014-15 (663 करोड़), 2015-16 ( 664 करोड़) और 2016-17 (करीब 417 करोड़ रुपए) से संबंधित हैं।



### वंदे भारत ट्रेन आते ही टूटा हाई वोल्टेज तार

**नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर के घाट पिंडरई में रविवार को बड़ा हादसा टल गया। यहां वंदे भारत ट्रेन के आते ही सी फाईव ओएचई ब्रेकेज तार टूट गई और अचानक ट्रेन के पहिए उसी समय जाम हो गए। तेज चिंगारी के साथ ही तार जमींन पर आ गिरी, जिससे रेल यातायात संचालन प्रभावित हो गया। हालांकि, हादसे में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। ट्रेन नरसिंहपुर स्टेशन पर लगभग दो घंटे खड़ी रही। अमरकंटक एक्सप्रेस करकबेल में छह घंटे खड़ी रही।



**कांग्रेस छोड़कर जाने वालों पर बरसे दिग्विजय**

### जिनको दलाली करना है वो ही जा रहे हैं सरकार के साथ

मां बगलामुखी में विशेष हवन-अनुष्ठान कर 21 किमी की पदयात्रा शुरु की



**नलखेड़ा।** पूर्व मुख्यमंत्री और राजगढ़ लोकसभा से कांग्रेस उम्मीदवार दिग्विजय सिंह रविवार को पीतांबरा सिद्ध पीठ मां बगलामुखी मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने मां बगलामुखी के पूजन हवन-अनुष्ठान कर अपनी 21 किमी की पदयात्रा शुरु की। इस मौके पर सिंह ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जाने वालों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा वही नेता जा रहे हैं, जिनको धंधा करना है, डर है गलत काम किए हैं, जेल चले जाएंगे। उनको चाहिए रेत की खदानें, क्रेशर चाहिए, जिनको दलाली करना है वो जा रहे हैं सरकार के साथ।

**एसआई समेत चार किए गए सस्पेंड**

### मंत्री पुत्र व रेस्टोरेंट संचालक पर किया गया काउंटर प्रकरण

रेड सिग्नल पर बाइक को टक्कर मारने के कारण हुआ था विवाद



रेस्टोरेंट संचालक का मेडिकल हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित 'अम्मा बाबूजी' रेस्टोरेंट के पास माखन लाल कॉलेज तिराहे पर शनिवार रात पत्रकार की बाइक को टक्कर मारने और उससे मारपीट करते हुए रेस्टोरेंट में घुसकर रेस्टोरेंट संचालक और संचालिका से मारपीट करने वाले स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के बेटे अभिज्ञान पटेल और उसके साथी पर पुलिस ने साधारण मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

**महाकाल नगरी में शर्मनाक हैं ये घटनाएं**

### मुंबई के परिवार से विवाद सिर फोड़ा किसी के तोड़े पैर

प्रशासन ने दुकान पर चलाया बुलडोजर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

बाबा महाकाल की नगरी में मंदिरों के बाहर पार्किंग प्रसाद तिलक लगाने वाले और अन्य लोग श्रद्धालुओं के साथ छोटी-छोटी बातों पर विवाद करने के साथ ही मारपीट तक आमदा हो जाते हैं। इससे उज्जैन नगरी का नाम शर्मसार हो रहा है। रविवार सुबह भी काल भैरव क्षेत्र में ऐसा ही कुछ देखने को मिला।

**राष्ट्रपति ने घर जाकर किया सम्मान, पीएम मोदी भी रहे मौजूद**

## वरिष्ठ नेता आडवाणी 'भारत रत्न' से सम्मानित

भावुक होकर पीएम काफी देर तक आडवाणी का हाथ अपने हाथ में लिए रहे



**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को रविवार को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से नवाजा गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली में आडवाणी के आवास पर उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू भी मौजूद थे। इस दौरान पीएम मोदी आडवाणी का हाथ अपने हाथ काफी देर तक लिए रहे और भावुक दिखे। इससे पहले राष्ट्रपति मुर्मू ने शनिवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में पूर्व प्रधानमंत्रियों पीवी नरसिम्हा राव व चौधरी चरण सिंह, कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन और दो बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' मरणोपरांत प्रदान किया था।

**शिवपुरी में लू, 10 जिलों में पारा 38 डिग्री के करीब**

## इस महीने के शुरू में होगी बारिश गर्मी, मध्य में 44 डिग्री तक पारा

इस साल अप्रैल का महीना पिछले साल के मुकाबले अपेक्षाकृत अधिक गर्म रह सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



आज से मध्यम गर्मी के अप्रैल की शुरुआत हो रही है। इस साल माह के पहले सप्ताह में मौसम मिजा-जुला रहेगा। लेकिन, मध्यम में तेज गर्मी सताएगी।

महीने के अंत में फिर मौसम बदलेगा और बादल, बौछारों के बीच लू और तेज तपन से लोग परेशान होंगे। इस महीने एक या दो दिन बारिश के साथ ओले के भी हालात बन सकते हैं, जो गर्मी की तपन और बढ़ाएंगे। इस साल अप्रैल का महीना पिछले साल के मुकाबले अपेक्षाकृत अधिक गर्म रह सकता है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार एक से 8 अप्रैल तक प्रदेश में बादल, बौछारों के बीच मध्यम से तेज गर्मी रहेगी। 9 से 15 अप्रैल भीषण गर्मी रहने का अनुमान है। इस बीच अधिकतम तापमान 43 से 44 डिग्री तक जाएगा।

**सीएम यादव ने कहा -कांग्रेस के बड़े नेताओं ने अपने परिवार में ही कांग्रेस को 'बंद' कर लिया**

भाजपा के अंदर कांग्रेस के लोग बड़ी संख्या में आकर अपने आप में सुकून पाते हैं

## कमलेश शाह को 'गाली' देना उचित नहीं नकुलनाथ आदिवासी समाज से माफी मांगें

अमरवाड़ा से कांग्रेस विधायक कमलेश शाह पिछले दिनों कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गए थे

इस पर नकुलनाथ ने कहा था कि कांग्रेस छोड़ने वाले लोग 'गद्दार' हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अमरवाड़ा से विधायक कमलेश शाह को गद्दार कहने के मुद्दे पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी नकुलनाथ पर जमकर हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि कमलेश शाह को गाली देना उचित नहीं है, नकुलनाथ को आदिवासी समाज से माफी मांगना चाहिए। भाजपा के अंदर कांग्रेस के लोग बड़ी संख्या में आकर अपने आप में सुकून पाते हैं। दरअसल, छिंदवाड़ा जिले के अमरवाड़ा से कांग्रेस विधायक कमलेश शाह पिछले दिनों कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गए थे। इस पर नकुलनाथ ने कहा कि कांग्रेस छोड़ने वाले लोग गद्दार हैं। इस पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी समाज के लोगों के साथ चलने की जो भाजपा की परंपरा है, वह सहज लोगों को आकर्षित करती है। कांग्रेस और खासकर इनके बड़े नेताओं ने अपने परिवार में कांग्रेस को बंद कर लिया है।




**छिंदवाड़ा में कमलनाथ की स्थिति बहुत गड़बड़**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गोड़ समाज के नेता कमलेश शाह अभी तक कांग्रेस में थे, तो बहुत अच्छे थे। जिनकी तीन पीढ़ियां विधायक रही हैं। कमलेश शाह राज परिवार के सदस्य हैं, शाह हमारे परिवार में शामिल हो गए हैं। अब उनको गद्दार, बिकाऊ कहना और गाली देना- मैं इसे किसी भी दृष्टि से उचित नहीं मानता। आदिवासी समाज के ऐसे नेता को गाली देना, ये बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। नकुलनाथ को उनसे और उनके पूरे समाज से क्षमा मांगना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि छिंदवाड़ा में कमलनाथ की स्थिति बहुत गड़बड़ है।






# रामलीला मैदान में विपक्षी गठबंधन की महारैली: 'आप' ने सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी तो कांग्रेस ने खाते फ्रीज करने को बताया 'अलोकतांत्रिक'

रामलीला मैदान में विपक्ष की लोकतंत्र बचाओ रैली आयोजित की गई। रैली को विपक्षी महागठबंधन के कई दिग्गज नेताओं ने संबोधित किया। इस मौके पर दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने सीएम की गिरफ्तारी को अलोकतांत्रिक बताया तो कांग्रेस ने पार्टी के फ्रीज किए गए खातों को लेकर हमला बोला।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 का आगाज हो चुका है और सभी दल अपने-अपने तरीकों से चुनाव प्रचार के अभियान में लगे हुए हैं। आज रविवार को विपक्षी दलों के आईएनडीआईए अलायंस द्वारा दिल्ली के रामलीला मैदान में एक मेगा रैली का आयोजन किया गया है। इसमें विपक्षी दलों के कई प्रमुख नेता शामिल हुए हैं। विपक्षी गठबंधन ने इस रैली को 'लोकतंत्र बचाओ रैली' नाम दिया है।

इस रैली में अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल भी शामिल हुई हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। खरगे ने कहा कि राष्ट्रपति भवन में शनिवार को पीएम मोदी से मुलाकात हुई थी। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात हुई और चुनाव पर चर्चा हुई। चुनाव के बारे में पूछने पर मैंने कहा कि यह निष्पक्ष नहीं हो रहा है और हमारी पार्टी के खाते के पैसे पहले ही चोरी हो गए हैं। खरगे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पर 3,567 करोड़ रुपए की पैनेल्टी लगाई गई है। 14 लाख का हिसाब हमने नहीं दिया तो 135 करोड़ पैनेल्टी लगाई। अब वह बढ़कर 3,567 करोड़ रुपए कर दी गई है।

उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई को लोकतंत्र के हित में नहीं कहा जा सकता है। इस मौके पर सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने रैली में दिल्ली सीएम का संदेश पढ़ा है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को ज्यादा दिन तक जेल में नहीं रखा जा सकता, वह शेर हैं। भाजपा वाले कह रहे हैं केजरीवाल को इस्तीफा देना चाहिए,आप बताइए कि क्या केजरीवाल को इस्तीफा देना चाहिए? उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने जेल से ही गठबंधन के की तरफ से 6 गारंटी दी है।

- सुनीता केजरीवाल ने सीएम केजरीवाल का पढ़ा संदेश
- कांग्रेस ने इलेक्टोरल बांड की जांच कराने की मांग रखी

## केंद्र की एनडीए सरकार पर जमकर भड़के महागठबंधन के नेता



### अखिलेश ने कहा 4 सौ सीटें एनडीए की जा रहीं है



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि रैली के आयोजन के लिए आप के नेताओं का धन्यवाद। आज हम दिल्ली आए है और दिल्ली वाले बाहर गए हैं। ये समझ लेना हमसब एक साथ आ रहे हैं और दिल्ली वाले हमेशा के लिए बाहर जा रहे हैं। अगर 400 सीट आ रही है तो आप से घबराहट क्यों है, क्यों केजरीवाल और सोरेन को जेल भेजा है। हम अगर आने वाले का स्वागत करते हैं तो धूम-धाम से विदाई भी करते है ,पूरी दुनिया में भारत का नाम खराब किया है।

### प्रियंका गांधी ने रखी ये पांच मांगें

रैली में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने सरकार की कई कार्रवाईयों का विरोध करते हुए पांच मांगे रखीं।



प्रियंका ने कहा कि पहली कांग्रेस की पहली मांग चुनाव आयोग को चुनाव के लिए समान अवसर देना सुनिश्चित होना चाहिए। दूसरी मांग करते हुए कहा कि ईडी,सीबीआई और आईटी को विपक्षी नेताओं के खिलाफ दबाव बनाने वाली कार्रवाई पर रोक लगाएं।तीसरी मांग करते हुए प्रियंका ने कहा कि हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल को तुरंत छोड़े तथा चौथी मांग ये है कि विपक्षी को आर्थिक रूप से कमजोर करने की कोशिश पर तत्काल रोक लगना चाहिए। उन्होंने पांचवी मांग इलेक्टोरल बांड्स की जांच के लिए एसआईटी गठित मांग की।

### इंसान को इंसान से लड़ाया जा रहा: फारूक अब्दुल्ला



एनसी प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि आज हमारा मकसद सिर्फ एक है कि हम सब संविधान को बचाएं। इंसान को इंसान से लड़ाया जा रहा है। वो सब नेता जिन्हें आज जेल में बंद कर दिया गया है। वे बाहर तभी आ पाएंगे जब आप इस आईन को पकड़ेंगे और चुनाव का समय आएगा आपको वोट देना होगा। आप उस बटन का दबाइएगा जो इस हुकूमत को हराएगा। इंडिया गठबंधन को हम सबको मिलकर मजबूत करना है।

### लोकतंत्र को बचाना हमारी जिम्मेदारी: शरद पवार



एनसीपी-एससीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा, 'इस सरकार (केंद्र सरकार) ने दिल्ली के सीएम, झारखंड के सीएम को गिरफ्तार किया है और विभिन्न राज्यों के कई अन्य नेताओं को भी जेल में डाल दिया है।

### हुकूमत वो करते हैं जिनका दिलों पर राज होता: भगवंत मान



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा, 'देश का लोकतंत्र खतरे में है। ये देश किसी के बाप की जागीर नहीं है। ये 140 करोड़ लोगों का देश है। ये (भाजपा) क्या समझते हैं, इसको भी अंदर खत्म कर दो, उसको भी अंदर कर दो, ये नेता फ्रीज कर दो, क्या आप ऐसे जीत जाएंगे? हुकूमत वो करते हैं जिनका दिलों पर राज होता है, यूं कहने पर तो मुर्गों के सिर पर ताज होता है।

### ये ऊर्जा लोकतंत्र को जीत दिलाएगी: सीताराम येचुरी



माकपा महासचिव सीताराम येचुरी ने कहा, 'भारत की राजनीति में एक नई ऊर्जा आज पैदा हुई है जो यहां मौजूद है। ये ऊर्जा भारत के संविधान और लोकतंत्र को जीत दिलाएगी और तानाशाही की ताकतों को हरवाएगा।' सीपीआई के महासचिव डी. राजा ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी आप सभी के साथ मिलकर भारत, संविधान और लोकतंत्र को बचाने और भाजपा को हराने के लिए हमारे साझा संकल्प की घोषणा करती है।

### देश में मिली-जुली सरकार की जरूरत- उद्धव ठाकरे

दिल्ली के रामलीला मैदान में हुई विपक्षी गठबंधन की रैली में शिवसेना यूबीटी के चीफ उद्धव ठाकरे गठबंधन सरकार पर जोर दिया है। उन्होंने कहा है कि एक व्यक्ति और पार्टी की सरकार नहीं चल सकती है। मिली जुली सरकार हमें बनानी ही पड़ेगी। उन्होंने कहा कि पूरा देश कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल के साथ है। भाजपा को लग रहा होगा कि अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन को गिरफ्तार करने से लोग डर जाएंगे लेकिन उन्होंने अपने देशवासियों को कभी पहचाना नहीं।



### भगवान राम के आदर्शों से सीख लेनी चाहिए- कल्पना



हम आदिवासियों की कहानी लंबी लड़ाई की कहानी है। लोकतंत्र को खत्म करने के लिए कोशिश की गई है, उसको समाप्त करने के आप लोग आए है। आज संविधान की गारंटी को खत्म किया जा रहा है। इनकी गारंटी की गारंटी कौन लेगा। देश मे कोई नेता बड़ा नहीं हो सकता। देश की जनता सबसे बड़ी होती है। अपना देश बचाना है तो इंडिया गठबंधन का साथ देना होगा। कल्पना ने कहा कि आज से ठीक 2 महीने पहले हेमंत जी को गिरफ्तार किया गया था और केजरीवाल जी को 10 दिन पहले बिना सबूत के। आज हम सबको भगवान राम के आदर्शों से सीख लेनी चाहिए। झारखंड झुकेगा नहीं, इंडिया झुकेगा नहीं।

### देश बहुत मुश्किल हालात से गुजर रहा- महबूबा



पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा कि देश बहुत मुश्किल हालात से गुजर रहा है। ऐसा हाल है, ना कोई वकील, ना कोई दलील, ना कोई कार्रवाई, सीधा जेल। शायद कलयुग का अमृतकाल इसी को कहते हैं कि आप बिना कुछ पूछे लोगों को जेल में डाल देते हैं... मैं आपके चुने हुए नुमाइंदों की बात कर रही हूं जिन्हें आप वोट देकर विधायक, सांसद, मुख्यमंत्री, मंत्री बनाते हैं। कैसे उन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर बिना कोई वकालत और कार्रवाई के जेल में डाला जाता है।

### मनोज तिवारी बोले
## कांग्रेस नेता अंदर ही अंदर हंस रहे होंगे



महागठबंधन की रैली को लेकर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि भ्रष्टाचारियों का एक बड़ा गिरोह रामलीला मैदान में खड़ा होकर अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर रो रहा होगा। ये नजारा उसी जगह पर हुआ जहां कभी अरविंद केजरीवाल ने खड़े होकर इन सभी लोगों को भ्रष्टाचारी कहा था और इनकी गिरफ्तारी की मांग की थी। कांग्रेस और अन्य पार्टियों के वरिष्ठ नेता अंदर ही अंदर मुस्कुरा रहे होंगे। वहां खड़ा गैंग यही सोच रहा होगा अरविंद केजरीवाल के साथ जो कुछ भी हो रहा है वह बिल्कुल सही है। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि रैली करने पर कोई रोक नहीं है। लेकिन सभा कौन कर रहा है? जो लोग भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं, जो जनता का पैसा लूटने के आरोप में जेल में हैं। ईमानदारी का चोला पहनकर नई तरह की राजनीति करने की बात कहने वाले अब जेल से सरकार चलाने की बात कर रहे हैं। सुना है कि लालू यादव के नक्शे कदम पर चलते हुए केजरीवाल अपनी पत्नी को सीएम बनाना चाहते हैं। ऐसे लोग पीएम मोदी की ईमानदार सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं।

### ये नेता शामिल हुए

रामलीला मैदान की रैली में सोनिया गांधी (कांग्रेस), एम खड़गे (कांग्रेस), राहुल गांधी (कांग्रेस), शरद पवार (एनसीपी), उद्धव ठाकरे (यूबीटी), आदित्य ठाकरे (यूबीटी), अखिलेश यादव (सपा)तेजस्वी यादव (राजद), डेरेक ओ ब्रायन (टीएमसी), टी शिवा (डीएमके), फारूक अब्दुल्ला (नेकां), चंपई सोरेन (झामुमो), कल्पना सोरेन (झामुमो), सीताराम येचुरी (सीपीएम), डी राजा (सीपीआई), दीपंकर भट्टाचार्य (सीपीआई-एमएल), जी देवराजन (फॉरवर्ड ब्लॉक) शामिल होंगे।

---

## खबर संक्षेप

### यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर यौन उत्पीडन का आरोप



**कोलकाता।** विश्वभारती यूनिवर्सिटी की तीन छात्राओं ने एक गेस्ट प्रोफेसर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। इनका आरोप है कि इस प्रोफेसर ने सेमेस्टर परीक्षा में पास कराने के बदले में शारीरिक संबंध बनाने की मांग की। यूनिवर्सिटी के फारसी, उर्दू और इस्लामिक स्टडी डिपार्टमेंट में पढ़ने वाली तीनों स्टूडेंट्स ने आरोप लगाया कि उन्हें वॉट्सएप पर अश्लील मैसेज भी भेजे।

### गद्दा फैक्ट्री में लगी भीषण आग, भारी क्षति



**भिवानी।** हरियाणा के भिवानी जिले से आग लगने का मामला सामने आ रहा है। जहां के देवसर गांव में अज्ञात कारणों से गद्दा फैक्ट्री में आग लग गई। आग से फैक्ट्री में रखा करोड़ों रुपये का सामान जल कर राख हो गया। इस दौरान फैक्ट्री में बंधी कई गाय भी आग की चपेट में आ गई। प्रशासन से आग पर काबू पाने के लिए भिवानी के अलावा सिवनी, तोशाम से दमकल की गाड़ियों को बुलाया गया।

### दो तस्करों के दो मंजिला मकान किए गए कुर्क



**जम्मू।** पुलिस ने नशा के खिलाफ जारी लड़ाई में कड़ी कार्रवाई करते हुए उत्तरी कश्मीर के बारामुला व दक्षिण कश्मीर के कुलगाम में दो नशा तस्करों को दो मंजिला मकान कुर्क कर लिए। आरोप है कि यह संपत्तियां नशे के कारोबार से कमाए गए धन से जुटाई गई थीं। बारामुला के उड़ी सेक्टर में पुलिस ने कुख्यात नशा तस्कर आजाद अहमद मीर के दो मंजिला मकान पर कार्रवाई की है।

---

### यूसीसी पर असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने दी सलाह

# बदरुद्दीन अजमल को चुनाव से पहले शादी कर लेनी चाहिए

बदरुद्दीन असम के धुबरी से तीन बार के सांसद है, इस बार चौथी बार लड़ रहे हैं

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे राजनीतिक माहौल में गर्मी बढ़ती जा रही है। एआईयूडीएफ के धुबरी सांसद बदरुद्दीन अजमल पर हिमंत बिस्वा सरमा तीखा कटाक्ष किया है।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत ने कहा कि अगर वह दोबारा शादी करना चाहते हैं, तो उन्हें लोकसभा चुनाव से पहले ऐसा करना चाहिए. क्योंकि असम सरकार बाद में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लाएगी।उदलगुरी में एक चुनावी बैठक के मौके पर, असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि यूसीसी कानून बहुविवाह को गैरकानूनी घोषित कर देगा और अगर बदरुद्दीन 'फिर से शादी करते हैं' तो उन्हें जेल होगी। हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा 'चुनाव के बाद, यूसीसी लागू हो जाएगा और अगर वह दोबारा शादी करेंगे तो उन्हें जेल हो जाएगी, क्योंकि सभी के लिए एक से अधिक शादियां अवैध घोषित कर दी जाएंगी।

### असम यूसीसी लागू करने वाला तीसरा राज्य होगा

#### सरमा ने भरोसा दिलाया कि शादी में बुलाएंगे तो जरूरी जाऊंगा




मालूम हो कि हिमंत बिस्वा सरमा असम में समान नागरिक कानून का वादा कर रहे हैं, जो विवाह, तलाक, रखरखाव, विरासत, गोद लेने और संपत्ति के उत्तराधिकार को नियंत्रित करने वाले धार्मिक व्यक्तिगत कानूनों की जगह लेगा। भाजपा नेता ने कहा कि अगर अजमल उन्हें अपनी शादी में बुलाएंगे तो मैं भी इसमें शामिल होऊंगा लेकिन चुनाव के बाद वह ऐसा नहीं कर सकते, क्योंकि कानून सभी के लिए समान होगा। गौरतलब है कि असम सरकार ने पिछले महीने असम मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण अधिनियम, 1935 को निरस्त करने की मंजूरी दे दी। हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा था कि उत्तराखंड और गुजरात के बाद असम यूसीसी लागू करने वाला तीसरा राज्य होगा। बदरुद्दीन असम के धुबरी निर्वाचन क्षेत्र से तीन बार सांसद हैं ।

### एआईएमआईएम के साथ यूपी में चुनाव लड़ेंगी पल्लवी पटेल



सपा के साथ सीटों पर हुई असहमति के बाद अपना दल कमेरावादी आने वाले लोकसभा चुनाव में एआईएमआईएम के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। खबरें भी आईं थी कि पल्लवी पटेल की मायावती के साथ बातचीत चल रही है और वह बसपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगी। पर ऐसा नहीं हुआ। इस गठबंधन की औपचारिक घोषणा जल्द होगी। इस गठबंधन के द्वारा यूपी की दो दर्जन से अधिक सीटों पर प्रत्याशी उतारने की तैयारी की जा रही है। तीन दिन पहले पल्लवी पटेल ने हैदराबाद में ओवैसी से मुलाकात की थी।

### बिहार में कांग्रेस को बड़ा झटका, नाराज अनिल शर्मा ने दिया इस्तीफा



बिहार में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। लोकसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन में हुई सीट शेयरिंग को लेकर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल शर्मा ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। लोकसभा चुनाव को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष अपने-अपने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर रहे हैं। बिहार में महागठबंधन ने भी अपने प्रत्याशियों के नाम का ऐलान किया है, जिसे लेकर राजद और कांग्रेस में खींचतान सामने आ रही है। एक तरफ जहां पूर्णिया सीट को लेकर राजद और कांग्रेस में मनमुटाव सामने आ रही हैं।

### गठबंधन से अलग हुए स्वामी प्रसाद मौर्य अकेले लड़ेंगे चुनाव



सपा से बगावत करने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य की बात इंडी गठबंधन से भी नहीं बनी। अंततः स्वामी ने अकेले लोकसभा चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। इतना ही नहीं उन्होंने दो सीटों पर प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर दिया है।स्वामी प्रसाद मौर्य ने जिन दो सीटों पर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा की हैं उनमें उत्तर प्रदेश की कुशीनगर और देवरिया लोकसभा सीट शामिल हैं। कुशीनगर सीट से खुद स्वामी प्रसाद चुनाव मैदान में उतरेंगे।वहीं देवरिया लोकसभा सीट से एसएन चौहान को उम्मीदवार बनाया है।राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य से साफ कर दिया है कि इंडिया गठबंधन से राह अलग हो चुकी है। खबर है कि मौर्यसूबे की पांच सीटों पर चुनाव लड़ेंगे और जल्द ही उम्मीदवारों के नाम का ऐलान भी करेंगे।अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए स्वामी प्रसाद मौर्य ने लिखा है कि राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के गठन दिनांक 22 फ़रवरी से लेकर आज तक निरंतर इंडिया गठबंधन को जिताने और मजबूत बनाने का प्रयास करता चला आ रहा हूं। इसी क्रम में देशवासियों से हमने अपील भी किया कि संविधान बचाओ-भाजपा हटाओ, लोकतंत्र बचाओ-भाजपा हटाओ, देश बचाओ-भाजपा हटाओ.' स्वामी प्रसाद कुशीनगर जिले की पडरौना विधानसभा सीट से लगातार तीन बार विधायक रहे हैं।

---

### कोर्ट से मिली जमानत

## महिला खिलाड़ियों को थप्पड़ मारने का है आरोप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को गोवा पुलिस ने दो महिला खिलाड़ियों के कथित शारीरिक उत्पीड़न के मामले में शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। खाड़ एफसी की टीम में शामिल पलक वर्मा और रितिका ठाकुर ने एआईएफएफ में आधिकारिक शिकायत दर्ज की है। दीपक शर्मा हिमाचल प्रदेश फुटबॉल संघ के महासचिव भी हैं। हालांकि उनको इस मामले में कोर्ट से जमानत मिल गई है। जानकारी के मुताबिक दोनों खिलाड़ियों ने उस रात का पूरा वाकया बताया। शिकायत में लिखा, 'हमें खाना नहीं मिला था तो हम अंडे उबाल रहे थे। दीपक शर्मा इस बात से गुस्सा हो गए। वह कमरे में आए और मुझे (पलक) और रितिका को मारा। टूर्नामेंट के पहले ही दिन से वह नशे में रहते थे। लीग से पहले हिमाचल से दिल्ली आते हुए वह हर समय दारू साथ लेकर चल रहे थे और हमारे सामने पी रहे थे। टीम की मैनेजर नंदिता शर्मा उनका बचाव कर रही थीं। हम चाहते हैं आप जल्द कार्रवाई करें क्योंकि हमें जान का खतरा महसूस हो रहा है।'

### टीएमसी के पूर्व सांसद पर ईडी का बड़ा एक्शन

## छापामार कार्रवाई में विमान-फ्लैट समेत 3 राज्यों से कई संपत्तियां की जब्त,दिनभर... चली कार्रवाई

निवेशकों को फ्लैट और भूखंड आदि देने का 'झूठा वादा' किया गया था

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

लोकसभा चुनाव से पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का धड़ाधड़ एक्शन जारी है। केंद्रीय एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के पूर्व सांसद के.डी. सिंह की चिटफंड कंपनी अल्केमिस्ट समूह के खिलाफ एक्शन लिया है। कंपनी के एक विमान और हिमाचल प्रदेश, हरियाणा एवं मध्य प्रदेश में 29 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति तथा फ्लैट जब्त किए हैं। एजेंसी ने शनिवार (30 मार्च) को यह जानकारी दी।

### चिटफंड कंपनी अल्केमिस्ट समूह के खिलाफ हुआ एक्शन

टीएमसी के पूर्व सांसद केडी सिंह की चिटफंड कंपनी अलकेमिस्ट की संपत्ति कुर्क की गई है। सीएम ममता बेनर्जी सहित टीएमसी के अन्य नेताओं ने कंपनी के पैसे से चुनाव प्रचार किया है।

#### कंपनी पर भ्रष्टाचार का आरोप



जानकारी के मुताबिक यह जांच सीबीआई, उत्तर प्रदेश पुलिस और पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा दर्ज की गई कई प्राथमिकियों से संबंधित है। इसमें आरोप है कि चिटफंड समूह ने अलकेमिस्ट होल्डिंग्स लिमिटेड और अलकेमिस्ट टाउनशिप इंडिया लिमिटेड जैसी अपनी कंपनियों के जरिये आम लोगों से 1,800 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जुटाई। आरोप है कि निवेशकों को उनके निवेश पर अत्यधिक रकम वापस देने के अलावा फ्लैट और भूखंड आदि देने का 'झूठा वादा' किया गया था। ईडी ने एक बयान में कहा कि संपत्तियों को पीएमएलए के तहत कुर्क किया गया है और इनमें एक विमान भी शामिल है।

#### टीएमसी नेताओं ने किया है इस्तेमाल

इसके पहले ईडी ने 10.29 करोड़ रुपए के डिमांड ड्राफ्ट जब्त किया था। इस रकम का इस्तेमाल केडी सिंह की कंपनी (अल्केमिस्ट) उन विमानन कंपनियों को भुगतान करने के लिए करना चाहती थी, जिनकी सेवाएं 2014 के लोकसभा चुनाव में प्रचार लिए पार्टी द्वारा ली गई थीं।

### कौन है केडी सिंह?



केडी सिंह का पूरा नाम कंवर दीप सिंह है जो राज्यसभा से पार्टी के पूर्व सांसद हैं। ईडी इससे पहले भी केडी सिंह के ठिकानों पर छापेमारी में कई जरूरी कागजात, विदेशी करेंसी और कैश मिला था। साल 2018 में ही केडी सिंह पर पीएमएलए के तहत केस शुरू किया गया था। अल्केमिस्ट इन्फ्रा रियलटी लिमिटेड पर ईडी ने 2016 में केस दर्ज किया था। पहले केडी सिंह की करीब 239 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई थी, जिसमें रिजॉर्ट, शोरूम और बैंक खाते भी शामिल थे।

थर-थर कांपेंगे दुश्मन

# सेना की पश्चिमी कमान ने किया आकाश मिसाइल का सफल परीक्षण, उड़ेगी चीन और पाकिस्तान की नींद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना की पश्चिमी कमान ने रविवार 31 मार्च को सतह से हवा में मार करने वाली आकाश मिसाइल प्रणाली का सफल परीक्षण किया है। यह भारत के रक्षा बलों के ताकत को बढ़ाने और परिचालन का आकलन करने के लिए नियमित अभ्यास के हिस्से के रूप में किया गया, जो सुरक्षा की दृष्टि से मील का पत्थर साबित हुआ है। सेना ने मिसाइल परीक्षण का एक वीडियो भी जारी किया है। इस परीक्षण के बाद जाहिर तौर पर चीन और पाकिस्तान की नींद उड़ने वाली है। आकाश मिसाइल प्रणाली को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बनाया है।

*भारतीय सेना ने कम दूरी की जमीन से हवा में मारने में सक्षम आकाश मिसाइल प्रणाली का सफल परीक्षण किया है। पूर्णत: स्वदेशी रूप से विकसित आकाश मिसाइल प्रणाली को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन ने बनाया है। आकाश को कई तरह के मोबाइल प्लेटफॉर्म से लॉन्च किया जा सकता है।*




- युद्धक टैंक और ट्रकों से भी लॉन्च होगा
- 90 प्रतिशत तक सटीक मारक क्षमता
- ऑटोमेटिक मोड में काम करने में सक्षम
- आईजीएमडीपी के तहत विकसित

### आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ा कदम

*आत्मनिर्भर भारत पहल को बढ़ावा देने के लिए आकाश मिसाइल प्रणाली को डीआरडीओ द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया था। गौरतलब है कि आकाश मिसाइल को इंटीग्रेटेड गाइडेड मिसाइल डेवलपमेंट प्रोग्राम (आईजीएमडीपी) के तहत विकसित किया गया था, जिसमें नाग, अग्नि और त्रिशूल मिसाइल और पृथ्वी बैलिस्टिक मिसाइल का विकास भी शामिल था। आकाश मिसाइल प्रणाली को भारत की ताकत से जोड़कर देखा जा रहा है।*

### जमीन से हवा में मार करने में सक्षम

*आकाश कम दूरी वाली जमीन से हवा में मारने वाली मिसाइल है। आकाश मिसाइल भारत की आत्मनिर्भरता की अहम कड़ी है। ये ताकतवर कम दूरी वाली मिसाइल है जो करीब 25 किमी तक जमीन से हवा में मार करने में सक्षम है। आकाश 90 प्रतिशत एक्यूरेसी के साथ लक्ष्य को मारता है। आकाश को कई तरह के मोबाइल प्लेटफॉर्म से लॉन्च किया जा सकता है। इसे युद्धक टैंक और ट्रकों से भी लॉन्च किया जा सकता है।*

### कई हवाई लक्ष्यों को साधने में सक्षम

आकाश मिसाइल सतह से हवा में मार करने वाली प्रणाली पूरी तरह से स्वायत्त मोड में काम करते हुए कई हवाई लक्ष्यों को साध सकती है। प्रणाली में एक लॉन्चर, एक मिसाइल, एक नियंत्रण केंद्र, एक बहुक्रियाशील अग्नि नियंत्रण रडार, एक प्रणाली हथियार और विस्फोट तंत्र, एक डिजिटल ऑटोपायलट, सी4आई (कमांड, नियंत्रण संचार और खुफिया) केंद्र और सहायक जमीनी उपकरण शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### पीएम ने ईस्टर पर शुभकामनाएं दीं



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को देशवासियों को ईस्टर की शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि नवीनीकरण एवं आशावाद का संदेश हर जगह गूंजेगा। मोदी ने 'एक्स' पर लिखा कि यह दिन हम सभी को एकजुट होने, एकता और शांति को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करे। सभी को ईस्टर की शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि ईस्टर पर हम आशा करते हैं कि नवीनीकरण और आशावाद का संदेश हर जगह गूंजेगा।

### पाकिस्तान में मूसलाधार बारिश, 7 की मौत



**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बीते 24 घंटे के दौरान मूसलाधार बारिश और ओलावृष्टि के कारण कुछ घर गिरने से पांच बच्चों समेत सात लोगों की मौत हो गई। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि खैबर पख्तूनख्वा के बड़े हिस्से में भारी बारिश और ओलावृष्टि हुई। कबायली जिले बजौर में बारिश के कारण एक घर ढह जाने से तीन बच्चों समेत पांच लोग मलबे में दफन हो गए।

### सीरिया में बम विस्फोट दो बच्चों समेत 3 की मौत



**बेरूत।** उत्तरी सीरिया में तुर्किये स्थित सीरियाई विरोधी लड़ाकों के कब्जे वाले एक शहर के भीड़भाड़ वाले बाजार में शनिवार देर रात हुए कार बम विस्फोट में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। बचावकर्मियों और युद्ध निगरानी संस्था ने यह जानकारी दी। अलेप्पो प्रांत के अजीज शहर में बम विस्फोट हुआ। सीरियन सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों ने बताया कि मध्यरात्रि के बाद हुए विस्फोट में दो बच्चों और एक महिला की मौत हो गई।

कंबोडिया में साइबर फ्रॉड बनाए गए 250 भारतीय देश लौटे

# फेक फेसबुक प्रोफाइल बनाकर इनसे भारत में कराई थी 500 करोड़ की ठगी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*नौकरी की तलाश में कंबोडिया गए करीब 5000 भारतीयों को वहां साइबर गुलाम बना कर रखा गया है। इन लोगों को भारत के ही नागरिकों के साथ साइबर फ्रॉड करने के लिए मजबूर किया जाता था। इनमें से करीब 250 लोगों को बचाकर वापस भारत लाया गया।*

कंबोडिया में फंसे 250 भारतीयों को देश वापस लाया गया है। इनमें से 75 लोगों को पिछले 3 महीनों में बचाया गया। यह जानकारी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जैसवाल ने दी। रणधीर जैसवाल ने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि इन भारतीयों को नौकरी का लालच देकर कंबोडिया ले जाया गया था। इसके बाद वहां इनसे साइबर फ्रॉड से जुड़े काम करवाए गए।

करीब 5 हजार भारतीय अब भी कंबोडिया में फंसे हुए हैं। इन्हें वापस लाने की कोशिशें जारी है। भारतीयों को जबरदस्ती कंबोडिया में रखा गया है। इन लोगों को भारत के ही नागरिकों के साथ साइबर फ्रॉड करने के लिए मजबूर किया जाता था। सरकार का अनुमान है कि धोखेबाजों ने पिछले छह महीनों में भारत में लोगों से कथित तौर पर 500 करोड़ रुपए की ठगी की है।

**खास बातें**

- कंबोडिया के अधिकारी और भारतीय राजदूत भारतीयों की कर रहे मदद
- जिम्मेदार लोगों पर होगी कड़ी कार्रवाई

नौकरी की लालच में 5 हजार भारतीय कंबोडिया में फंसे



### कंबोडिया सरकार मदद कर रही

*जैसवाल ने कहा कि कंबोडिया में भारतीय दूतावास सक्रिय रूप से भारतीयों की मदद कर रहा है। कंबोडिया के अधिकारियों के साथ मिलकर दूतावास ने 250 भारतीय नागरिकों को बचाया और वापस भारत भेजा। विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को ऐसी धोखाधड़ी वाली योजनाओं से बचने के लिए चेतावनी जारी की है। जैसवाल ने कहा कि हम कंबोडिया में उन सभी भारतीयों की मदद करने के लिए तैयार हैं जो हमारा साथ चाहते हैं। हम इन फर्जी योजनाओं के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करने के लिए कंबोडिया के अधिकारियों और भारत में सुरक्षा एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।*

### वापस आए भारतीय एफआईआर दर्ज नहीं करवा रहे

कंबोडिया में भारतीय दूतावास के सचिव अवारन अब्राहम ने कहा कि उन्हें कंबोडिया के अलग-अलग हिस्सों से हर रोज भारतीयों की तरफ से की गई चार से पांच शिकायतें मिलती हैं। ये वापस भारत भेजे जाने और जबरदस्ती फ्रॉड से जुड़ी गतिविधियां करवाए जाने की शिकायत करते हैं। जैसे ही शिकायत मिलती है पुलिस को सूचित किया जाता है। अब्राहम ने कहा कि हालांकि, इस पूरे मामले में एक परेशानी है। जब फंसे हुए भारतीयों को बचाकर भारत वापस लाया जाता है, तो वे एफआईआर दर्ज नहीं कराते। जब एफआईआर नहीं होगी, तब तक पुलिस उस गैंग को पकड़ने में कामयाब नहीं होगी जो नौकरी के झूठे वादे भारतीयों को कंबोडिया भेज रहे हैं।

### भारतीयों से कराई जा रही साइबर गुलामी

जानकारी के मुताबिक कंबोडिया में साइबर ठग बनाए गए भारतीय ईडी और दूसरे कस्टम अधिकारी बनकर भारत में फोन करते थे। ये लोगों को कहते थे कि उनके भेजे गए पार्सल में संदिग्ध सामान मिला है। अगर वो पुलिस कार्रवाई से बचना चाहते हैं तो पैसे भेज दें। विदेश मंत्रालय के मुताबिक इस तरह ठगी कराकर कंबोडिया में भारतीयों से साइबर गुलामी कराई जा रही है।

### नौकरी दिलाने के बहाने टूरिस्ट वीजा पर ले जाते हैं

*कंबोडिया से बचाकर लाए गए एक शख्स ने बताया कि मंगलुरु के एक एजेंट ने उसे कंबोडिया में डेटा एंट्री की नौकरी ऑफर की। उसके बाद दो और लोगों को कंबोडिया ले जाया गया। उसने बताया कि उन्हें टूरिस्ट वीजा पर ले जाया गया। कंबोडिया पहुंचने पर उन्हें एक ऑफिस में ले जाया गया। यहां उनकी टाइप करने की स्पीड का टेस्ट हुआ और इंटरव्यू लिया गया। हालांकि, इस वक्त तक भी उन्हें नहीं मालूम था कि उनसे क्या कराया जाएगा। ऑफिस जॉइन करने के बाद उन्हें पता चला कि उनका काम फेसबुक पर उन लोगों के बारे में पता करना है जिनके साथ आसानी से ठगी हो सके। लोगों को फंसाने के लिए उनसे महिलाओं के नाम पर फेसबुक आईडी बनवाई जाती थी। उनसे ये सारा काम चीन की एक टीम कराती थी। एक मलेशिया का व्यक्ति उनके निर्देशों को इंग्लिश में ट्रांसलेट करता था।*

दक्षिणी कमान के लेफ्टिनेंट जनरल बोले

# सेना का ध्यान स्वदेशीकरण और तकनीक अपनाने पर



एजेंसी ▶▶ पुणे

दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार सिंह ने कहा कि सेना की दक्षिण कमान स्वदेशीकरण, तकनीक को अपनाने और परिचालन क्षमता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगी। अजय सिंह ने 2024 के दौरान परिवर्तनकारी बदलाव के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिए कमान की प्रतिबद्धता के बारे में बात की। सेना 2024 को 'प्रौद्योगिकी अवशोषण के वर्ष' के रूप में मना रही है।

सिंह ने कहा कि यह थीम परिवर्तनकारी बदलाव के साथ ही हमारी परिचालन और साजोसामान संबंधी आवश्यकताओं के नवोन्मेषी समाधान के लिए घरेलू विशेषज्ञता का इस्तेमाल करने के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने की हमारी प्रतिबद्धता को दिखाता है। बता दें, एक अप्रैल को अपना 130वां स्थापना दिवस मना रही दक्षिणी कमान भारतीय सेना की सबसे पुरानी और बड़ी कमान है।

### हेलीकॉप्टर स्क्वाड्रन स्थापित हुआ

*सिंह ने बताया कि दक्षिण कमान क्षेत्र में इस साल 15 मार्च को पहली मध्यम लिफ्ट अटैक हेलीकॉप्टर स्क्वाड्रन की स्थापना की गई। यह स्क्वाड्रन बोइंग के आधुनिक अपाचे एएच 64ई हेलीकॉप्टर से लैस होगी। उन्होंने कहा कि देश में आने वाले महीनों में दो चरणों में छह अनुबंधित हेलीकॉप्टरों की आपूर्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना 100 से अधिक देशों के साथ संयुक्त प्रशिक्षण दे रही है और इसमें 25 से अधिक देशों में द्विपक्षीय संयुक्त अभ्यास, 70 देशों के 3,000 से अधिक सैन्य कर्मियों का प्रशिक्षण और दुनियाभर में 16 प्रशिक्षण दलों का प्रबंधन शामिल है।*

### आत्मनिर्भर होने के लक्ष्य में महत्वपूर्ण योगदान

सिंह ने कहा कि दक्षिणी कमान ने रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भर होने के भारत के लक्ष्य में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। भौगोलिक रूप से देश के उद्योग केंद्रों के साथ स्थित होने और बड़ी संख्या में फील्ड फायरिंग रेंज (एफएफआर) होने के कारण, दक्षिणी कमान विभिन्न हथियार, महत्वपूर्ण रक्षा उपकरणों और परिष्कृत गोला-बारूद के परीक्षणों के लिए परीक्षण केंद्र के रूप में कार्य करती है। दक्षिण कमान ने हाल ही में दो प्रमुख संयुक्त अभ्यास 'अभ्यास भारत शक्ति' और 'अभ्यास त्रिशक्ति प्रहार' किया। अभ्यास भारत शक्ति को पीएम नरेंद्र मोदी ने भी देखा।

आर्थिक संकट में फंसा पाकिस्तान

## पीएम ने सरकारी कार्यक्रमों में 'रेड कारपेट' के इस्तेमाल पर लगाई रोक

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने देश में आर्थिक संकट के चलते फिजूलखर्ची को कम करने के प्रयासों के तहत सरकारी कार्यक्रमों में 'रेड कारपेट' के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है और केवल राजनयिकों के स्वागत कार्यक्रम में ही इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा।

शरीफ ने सरकारी कार्यक्रमों में मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के दौरे के दौरान 'रेड कारपेट' के इस्तेमाल पर नाराजगी व्यक्त की। पीएम के निर्देश पर 'रेड कारपेट' के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। पीएम ने निर्देश दिया है कि भविष्य में सरकारी कार्यक्रमों में मंत्रियों और अधिकारियों के लिए 'रेड कारपेट' का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। इसका इस्तेमाल केवल विदेशी राजनयिकों के लिए एक प्रोटोकॉल के रूप में किया जा सकेगा।

मध्य गाजा में इजराइली एयरस्ट्राइक

## 2 फिलिस्तीनी पत्रकारों की मौत हॉस्पिटल के पास टेंट पर हमला

एजेंसी ▶▶ यरुशलेम

इजराइली सेना ने मध्य गाजा में बड़ी एयरस्ट्राइक की है। इससे लोगों के बीच अफरातफरी मच गई। सूचना के अनुसार ये हमला मध्य गाजा में दीर अल-बलाह स्थि अल-अक्शा हॉस्पिटल के पास एक टेंट पर हुआ।

इसमें 2 फिलिस्तीनी पत्रकार मारे गए। कई अन्य घायल भी हुए हैं। मरने वालों का आंकड़ा अभी बढ़ सकता है। सोशल मीडिया पर यह घटना तेजी से वायरल हुई। बता दें कि इजराइली सेना हमास आतंकियों की ओर से 7 अक्टूबर 2023 को किए गए हमले के बाद लगातार गाजा पर पलटवार कर रही है।



### गाजा में अब तक 32 हजार से ज्यादा मौतें

*हमास के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार गाजा की एयरस्ट्राइक और जमीनी ऑपरेशन में अब तक 32 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। इजराइली सेना लगातार गाजा के विभिन्न भागों पर हमले कर रही है।*

चीन के भीषण हमले की आशंका से डरा जापान

## नागरिकों को बचाने युद्धस्तर पर बम शेल्टर होम बनाने में जुटा

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

जापान की सरकार ने ताइवान पर चीनी हमले की संभावना जताते हुए आशंका जताई है कि ये युद्ध उसके सुदूर दक्षिण-पश्चिमी द्वीपों तक पहुंच सकता है, लिहाजा अपने नागरिकों हताहत होने से बचाने के लिए जापान ने ओकिनावा प्रांत के सुदूर द्वीपों में भूमिगत बम आश्रयों के निर्माण के लिए एक कार्यक्रम शुरू किया है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है, कि शेल्टर होम बनाने का ये कार्यक्रम, रक्षा मुद्रा में बदलाव का अनुसरण करता है।



### मिसाइलें कीं तैनात

जापान आत्मरक्षा के लिए विमान-रोधी और सतह से जहाज तक मार करने वाली मिसाइलों को नानसेई (या रयूकू) द्वीप श्रृंखला में तैनात कर रहा है जो क्यूशू के मुख्य दक्षिणी द्वीप से दक्षिण-पश्चिम तक फैली हुई हैं। जापान की यह तैयारी संभावित युद्ध की तैयारी को लेकर है।

### शेल्टर होम में भोजन-पानी की व्यवस्था

शेल्टर होम में 30 सेंटीमीटर मोटी स्टील और कंक्रीट को मिलाकर दीवारें बनाई जाएंगी और कम से कम दो हफ्ते के लिए पर्याप्त भोजन और पानी भी संग्रहित किया जा सकता है। इसमें पर्याप्त वॉश रूम, उठने-बैठने की पर्याप्त व्यवस्था की गई है।


समंदर के किनारे पति संग घूम रही थी तभी मिला 'खजाना'

# दंपती को खुदाई में मिले पुराने जीवाश्म के दांत

एजेंसी ▶▶ लंदन

दुनिया में कई लाख साल पहले विशालकाय जानवर रहा करते थे। इसमें डायनासोर के बारे में सभी को मालूम है, लेकिन बेहद ही कम लोग इस बात को भी जानते हैं कि पहले धरती पर विशालकाय हाथियों का भी बसेरा था। इन्हें मैमथ कहा जाता था। दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में आज भी इनके अवशेष मिल जाते हैं। ऐसा ही कुछ इंग्लैंड में भी खोजा गया है। एक महिला ने समुद्र तट पर घूमते हुए अजीब सी चीज दिखने पर खुदाई की तो उसे मैमथ मिला। इंग्लैंड के एक्सेक्स में रहने वाली 56 साल की क्रिस बीन समुद्र तट पर घूम रही थीं, तभी उन्हें रेत और बजरी के बीच एक चीज नजर आई। जब उन्होंने थोड़ी खुदाई की तो उन्हें लाखों साल पहले रहने वाले मैमथ के अवशेष मिले।





### 18 लाख साल पहले धरती पर रहा करते थे 'मैमथ'

### खोज के बाद नहीं हो रहा था भरोसा

महिला ने कहा कि मैं इतने उत्साह में थी कि मुझे विश्वास ही नहीं हो रहा था। उन्होंने कहा कि जब हम इसे खोद रहे थे तो मुझे उम्मीद थी कि यह एक विशाल दांत होगा लेकिन मैं अपने पति से बार-बार यही कह रही थी कि यह नहीं हो सकता। उन्होंने बताया कि जब उसके पति ने उस चीज को हाथ में पकड़ा तो खुशी के मारे जोर-जोर से हंसने लगे। पति-पत्नी ने कहा इसे खोजना किसी खजाने को पाने से कम नहीं था।

### एक दांत का वजन 2 किलोग्राम

रिपोर्ट के मुताबिक, मैमथ के जिस दांत की खोज की गई है, वो 6.5 से 7 इंच लंबा और चौड़ा है। इसका वजन लगभग 2 किलोग्राम है। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि जब एक दांत इतना भारी है, तो ये जानवर कितना विशालकाय रहा होगा। मैमथ धरती पर 18 लाख साल पहले रहा करते थे। उनकी बनावट बिल्कुल हाथियों की तरह होती थी, मगर शरीर के ऊपर ठंड से बचाने के लिए मोटी खाली मौजूद थी।

### समुद्र से बाहर आया मैमथ का दांत

क्रिस बीन ने कहा कि वह अपने पति के साथ समुद्र तट पर घूमने गई थी। जब मैंने और मेरे पति ने मिलकर खुदाई की तो हमें पता चला कि ये जीवाश्म दांत है। क्रिस ने बताया कि उत्तरी एक्सेक्स के समुद्र तट इस तरह की चीजों की खोज के लिए प्रसिद्ध हैं। मगर मैं फिर भी खुद पर विश्वास नहीं कर पा रही थी और खुदाई के वक्त उम्मीद कर रही थी कि ये मैमथ का ही दांत हो।

राष्ट्रपति पुतिन का दावा

## आतंकी हमले के बाद से अब तक 134 की मौत, 551 लोग हुए घायल

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

22 मार्च को मॉस्को शहर के क्रोकस सिटी कॉन्सर्ट हॉल में घुसे आतंकियों ने गोलीबारी और विस्फोट किया। इस आतंकी हमले में 144 लोग मारे गए थे। इनमें से 134 लोगों की पहचान कर ली गई है, बाकी बचे शवों का आनुवांशिक परीक्षण जारी है। इस हमले में 551 लोग घायल हुए हैं। यह जानकारी मामले में जांच कर रही समिति के प्रेस कार्यालय टीएएसएस द्वारा दी गई है। टीएएसएस की रिपोर्ट के अनुसार रूसी राष्ट्रपति के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने बताया कि क्रोकस सिटी हॉल पर घातक



आतंकवादी हमले के बाद से पुतिन बेहद परेशान हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी त्रासदियों को देखकर राष्ट्रपति का दिल दुखता है।

**शवों का परीक्षण जारी:** जांच समिति का कहना है कि सभी लोग दिन रात एक कर काम कर रहे हैं। इस जघन्य अपराध से जुड़ी परिस्थितियों के बारे में जानकारी इकट्ठा की जा रही है।

लोकसभा क्षेत्र
गुना
1 भाजपा प्रत्याशी
ज्योतिरादित्य सिंधिया
2 कांग्रेस प्रत्याशी
राव यादवेंद्र सिंह

पिछली बार कौन जीता
केपी सिंह यादव
जीत का अंतर
1 लाख 25 हजार 549

## पिछला चुनाव हार चुके सिंधिया की राह इस बार भी कठिन, कांग्रेस ने क्षेत्र का यादव प्रत्याशी उतार मुश्किल में डाला

# जातीय समीकरणों में उलझा ज्योतिरादित्य-यादवेंद्र के बीच मुकाबला

*केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के कारण हाई प्रोफाइल गुना-शिवपुरी लोकसभा सीट में कड़ा मुकाबला देखने को मिल सकता है। चुनाव पर इसलिए भी सबकी नजर है, क्योंकि महल घराने के सिंधिया 2019 में लगभग सवा लाख वोटों के अंतर से चुनाव हार गए थे। तब वे कांग्रेस में थे, अब भाजपा प्रत्याशी हैं। पिछली बार उन्हें उनके ही सहयोगी रहे केपी सिंह यादव ने भाजपा प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़कर हराया था। इस बार कांग्रेस ने क्षेत्र के ही चर्चित यादव परिवार के सदस्य राव यादवेंद्र सिंह को मैदान में उतारा है। ज्योतिरादित्य और यादवेंद्र की लड़ाई को क्षेत्र के जातीय समीकरणों ने उलझा दिया है। इससे सिंधिया की राह ज्यादा आसान नहीं है।*

ग्राउंड रिपोर्ट

## क्या रहेंगे मुद्दे?

गुना-शिवपुरी में सभी तरह के मुद्दों का असर रहता है। जहां तक चुनावी मुद्दों का सवाल है तो गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र में सभी तरह के मुद्दों का असर है। लोग राष्ट्रीय मुद्दों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लहर से प्रभावित दिखाई पड़ते हैं। ज्योतिरादित्य की हार के बाद यह क्षेत्र उपेक्षित जैसा रहा। प्रदेश की सरकार ने भी खास ध्यान नहीं दिया। इसकी वजह से लोगों में नाराजगी दिखती है। चंबल-ग्वालियर अंचल का होने से यहां जातीय राजनीति का असर है। यह चुनाव को प्रभावित करेंगे। सिंधिया परिवार ने क्षेत्र के लिए विकास के काफी काम किए हैं। इनका असर भी लोकसभा चुनाव में देखने को मिल रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश की गुना-शिवपुरी लोकसभा सीट में कांग्रेस ने भाजपा के ज्योतिरादित्य सिंधिया को उनकी ही शैली में जवाब देने की कोशिश की है। 2019 के चुनाव में वे कांग्रेस से भाजपा में गए और अपने ही सहयोगी केपी सिंह यादव से चुनाव हार गए थे। इस बार सिंधिया भाजपा में हैं और पार्टी ने केपी का टिकट काटकर उन्हें ही टिकट दे दिया है। कांग्रेस ने भी नहले पर दहला जड़ते हुए क्षेत्र में भाजपा के कद्दावर नेता रहे राव देशराज सिंह यादव के बेटे राव यादवेंद्र सिंह को मैदान में उतार दिया है। क्षेत्र में यादव मतदाताओं की तादाद ज्यादा है। केपी सिंह यादव का टिकट काटे जाने के


ज्योतिरादित्य सिंधिया


राव यादवेंद्र सिंह

कारण उनमें नाराजगी भी है। क्षेत्रीय समीकरणों के कारण जाटव, गुर्जर और लोधी मतदाताओं का भी भाजपा खासकर सिंधिया से मोह भंग हुआ है। हालांकि गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र में हमेशा महल घराने अर्थात सिंधिया परिवार का दबदबा रहा है। अपवाद के तौर पर पिछला चुनाव छोड़ दें तो इस परिवार का कोई सदस्य यहां से चुनाव नहीं हारा, लेकिन 2019 का चुनाव हारने के बाद सिंधिया लंबे समय तक क्षेत्र के लोगों से गुस्सा दिखाई पड़े। विधानसभा चुनाव में भी उनके समर्थक उस तादाद में नहीं जीते, इसकी वजह से काफी समय तक ये क्षेत्र उपेक्षित रहा। अब भाजपा ने अपने उस सांसद केपी सिंह यादव का टिकट काट दिया, जिसने पहली बार सिंधिया परिवार के सदस्य को हराने का कीर्तिमान रचा था। ऐसे में भले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हैं, लेकिन यादव समाज कांग्रेस के राव यादवेंद्र सिंह यादव के पाले में जा सकता है। अन्य जातियों में लोधी समाज पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की उपेक्षा के कारण नाराज तो है ही, इनका यादव समाज के साथ अघोषित समझौता जैसा हुआ है। पिछौर में यादव समाज ने प्रीतम लोधी को वोट देकर जिताया है, अब लोकसभा चुनाव में लोधी समाज की अहसान चुकाने की बारी है। गुर्जर और जाटव समाज अब एकतरफा नहीं, बंटा नजर आ रहा है।

### विधानसभा सीटों के लिहाज से भाजपा भारी

गुना लोकसभा सीट के तहत तीन जिलों गुना, अशोक नगर और शिवपुरी की विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें गुना जिले की बमोरी, गुना, शिवपुरी जिले की पिछोर, कोलारस, शिवपुरी और अशोक नगर जिले की मुंगावली, चंदेरी और अशोक नगर विधानसभा सीटें शामिल हैं। विधानसभा चुनाव नतीजों की दृष्टि से पूरे लोकसभा क्षेत्र में भाजपा भारी दिखती है। भाजपा के पास 6 सीटें हैं तो कांग्रेस के पास सिर्फ दो। भाजपा ने 6 सीटें कुल 2 लाख 9 हजार 529 वोटों के अंतर से जीती हैं, जबकि कांग्रेस की जीत का अंतर महज 23 हजार 169 रहा है। इस तरह भाजपा 1 लाख 86 हजार 360 वोटों की बढ़त पर है। कांग्रेस ने 2018 के विधानसभा चुनाव में बढ़त ली थी, लेकिन लोकसभा में ज्योतिरादित्य चुनाव हार गए थे, इसलिए मतदाताओं के मूड को पढ़ना आसान नहीं है।

### तीन जिलों को मिला कर बनी गुना लोकसभा सीट

गुना लोकसभा सीट का भौगोलिक क्षेत्र तीन जिलों में फैला है। इसके तहत आने वाली 8 विधानसभा सीटें तीन जिलों गुना, अशोक नगर और शिवपुरी के अंतर्गत आती हैं। इस सीट के राजनीतिक मिजाज की बात करें तो यहां सिंधिया परिवार का ही दबदबा रहा है। 1998 तक इस सीट से राजमाता विजयाराजे सिंधिया भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ती और जीतती रहीं। इसके बाद उनके बेटे माधवराव सिंधिया ग्वालियर छोड़कर गुना से चुनाव लड़ने आ गए तो यह सीट कांग्रेसी हो गई। 1998 का लोकसभा चुनाव यहां से माधवराव सिंधिया जीते। इसके बाद उनका निधन हो गया तो उनकी राजनीतिक विरासत ज्योतिरादित्य ने संभाली। कांग्रेस के टिकट पर उन्होंने 2004, 2009 और 2014 का लोकसभा चुनाव लड़ा और जीता।

### यादव, जाटव, गुर्जर लोधी समाज निर्णायक

गुना लोकसभा क्षेत्र में चार जातियों यादव, लोधी, जाटव और गुर्जर समाज का दबदबा है। क्षेत्र में जाटव समाज के मतदाता लगभग तीन लाख और यादव समाज ढाई लाख के आसपास बताया जाता है। इसके बाद लोधी और गुर्जर मतदाताओं की तादाद है। ये भी लगभग डेढ़-डेढ़ लाख है। 2019 के लोकसभा चुनाव में इन सभी जातियों के मतदाता एकजुट हो गए थे। इसकी वजह से ज्योतिरादत्य सिंधिया 1 लाख 25 हजार 549 वोटों के अंतर से चुनाव हार गए थे। इस बार भी ये मतदाता किसी का भी खेल बिगाड़ने का माद्दा रखते हैं। यादवों की ज्यादा तादाद में कांग्रेस के पक्ष में जाना तय है, जबकि गुर्जर और जाटव मतदाता का ज्यादा हिस्सा भाजपा के पक्ष में जा सकता है।

## चाय पे चर्चा

⏩ करोंद क्षेत्र के रासलाखेड़ी में चाय की दुकान पर चुनाव प्रचार को लेकर हुई चर्चा

# प्रमुख दल ही कर रहे ज्यादा प्रचार अन्य तो अभी सामने तक नहीं आए



राजधानी में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर टिकट वितरण के बाद आम लोगों में हार-जीत को लेकर चर्चाओं का दौर धीरे-धीरे जोर पकड़ रहा है। इस बीच कई लोगों का मानना है कि अभी केवल प्रमुख राजनैतिक पार्टियां ही मैदान में दिखाई दे रही हैं, जबकि अन्य दलों के प्रत्याशियों को अभी तक बहुत कम देखा गया है। हालांकि, जैसे-जैसे दिन बढ़ रहे हैं, वैसे-वैसे लोगों के साथ ऐसे दलों का मेलजोल बढ़ता जा रहा है।

इस मामले में रासलाखेड़ी, करोंद क्षेत्र की एक चाय की दुकान पर चाय की चुस्कियां लेते नरेंद्र लोधी, मिंटी सेन, शिवनारायण लोधी, शुंदा लोधी, कोमल लोधी, विनोद लोधी का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस आदि के उम्मीदवारों का प्रचार तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन अन्य पार्टियों के उम्मीदवार तो अभी प्रचार के लिए सामने भी नहीं आए हैं। हालांकि, अन्य पार्टियों के उम्मीदवार भी धीरे-धीरे लोगों के बीच अपना प्रचार करने के प्रयास बढ़ाने लगे हैं। उनका कहना है कि प्रमुख पार्टियों के उम्मीदवारों को लेकर लोगों के बीच भी हार-जीत की बातें आम हो रही हैं। कुछ किसी को जिता रहे हैं तो कुछ दूसरी पार्टी के उम्मीदवार की बात कर रहे हैं। ऐसे में अभी कोई भी कयास लगाना उतना आसान नहीं। हां, यह बात कहा जा सकती है कि चुनावी मुद्दे को लेकर पिछले चुनाव की बातें चल रही हैं, जिनमें लोगों की रुचि ज्यादा दिख रही है। ऐसे में हार-जीत की बात पिछली बार भी ऐसे ही होती रही थी, लेकिन नतीजा सबके सामने मतदान के बाद आ ही गया था। अब इस बार क्या होगा, अभी तो

### 7 अभ्यर्थियों ने भरे नामांकन-पत्र

लोकसभा चुनाव के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार दूसरे चरण के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया जारी है। दूसरे चरण में शनिवार को 7 अभ्यर्थियों ने नामांकन-पत्र प्रस्तुत किए। अब तक 8 अभ्यर्थी नाम निर्देशन पत्र दाखिल कर चुके हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि नाम निर्देशन पत्र दाखिल किए गए अभ्यर्थियों के शपथ पत्र एवं अन्य जानकारियां भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की लिंक पर देखी जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 4 अप्रैल है। इसके अगले दिन 5 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र भर चुके प्रत्याशी 8 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। दूसरे चरण के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा। सभी चरणों के मतदान की मतगणना 4 जून को होगी। इसके बाद जनता को परिणाम पता चल जाएगा।

## जो हो न सका...

# कई घोषणाओं के बाद भी भोपाल से अंतरराष्ट्रीय उड़ान शुरू होने का खत्म नहीं हुआ इंतजार

लोकसभा चुनाव में एक वादा हर बार भोपाल से लड़ रहे उम्मीदवार करते आए हैं। वह यह कि यहां से अंतरराष्ट्रीय उड़ाने शुरू की जाएगी, लेकिन यात्री अभी भी इंतजार ही कर रहे हैं। वर्तमान लोकसभा सांसद व राज्यसभा सांसद केंद्रीय मंत्री ने भी इसको लेकर कई घोषणाएं कीं, लेकिन इनके शुरू होने का अभी भी इंतजार है। बता दें कि भोपाल से विदेश जाने वाले कई हवाई यात्री मुंबई या दिल्ली जाकर अपने गंतव्य की ओर जा पाते हैं। राजधानी से हर साल सैकड़ों की तादाद में लोग विदेश जाते हैं। इनमें से ज्यादातर मुंबई, दिल्ली, बैंगलुरू या दक्षिण भारत के शहरों से होते हुए विदेश यात्रा पर जा रहे हैं। इनमें से 30 हजार लोग ऐसे हैं, जिनके बच्चे उन शहरों में ही रह रहे हैं, जहां से अंतरराष्ट्रीय विमान सेवा उपलब्ध है। इसके अलावा 20 हजार लोग ऐसे हैं, जिनके बच्चे विदेश में रह रहे हैं। भोपाल से अगर अंतरराष्ट्रीय विमान सेवा शुरू होती है, तो इनमें से 50 फीसदी लोग भोपाल से ही इस सेवा का उपयोग करेंगे।

### दो लोस चुनावों से हो रही हैं घोषणाएं



भोपाल के उद्योगपतियों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय विमान सेवा उपलब्ध हो जाए तो व्यापार बढ़ेगा और रोजगार भी। कई नए उद्योग भी स्थापित होंगे। इसलिए इन्हें उम्मीद है कि जो अभी तक हो न सका, शायद अब हो जाए।

## जानिए, आदर्श आचार संहिता ...

भारतीय लोकतंत्र में निर्वाचन का विशेष महत्व है। निष्पक्ष, स्वतंत्र और शुद्ध निर्वाचन के लिए आवश्यक है कि चुनाव की घोषणा के साथ ही लागू होने वाली आदर्श आचरण संहिता का पालन हो। जिसकी जिम्मेदारी सभी पर लागू होती है, फिर वह चाहे राजनीतिक दल हो, उसके उम्मीदवार, पदाधिकारी, कार्यकर्ता हो या सरकारी अमला ही क्यों न हो। इसमें नागरिक अर्थात मतदाता भी शामिल हैं। आदर्श आचरण संहिता के पहले बिंदु में राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों से साधारण आचरण की अपेक्षा की गई है। उन्हें ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए जो जातियों, समुदायों के बीच मतभेदों को बढ़ाएं। आलोचना करते समय उनकी नीतियों, कार्यक्रम, पूर्व रिकॉर्ड और कार्य तक ही सीमित रखना चाहिए। वोट लेने के लिए जाति और सांप्रदायिक भावना की दुहाई नहीं की जाना चाहिए। धार्मिक स्थलों का उपयोग प्रचार में नहीं किया जा सकता। मतदाताओं को डराना, धमकाना, रिश्वत देना, मतदान केंद्र के 100 मीटर के भीतर मत याचना, वोटिंग समाप्ति के नियत समय को खत्म होने वाली 48 घंटे की अवधि के दौरान सभाएं करना, मतदाताओं को अपने वाहन से मतदान केंद्र तक ले जाना भ्रष्ट आचरण और अपराध की श्रेणी में भी आता है। बिना अनुमति के लाउड स्पीकर, सभा का आयोजन करना भी आदर्श शासन संहिता के उल्लंघन की श्रेणी में आता है। बिना अनुमति के जुलूस निकालना, सर्किट हाउस या रेस्ट हाउस में ठहरना भी आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन है। सत्ताधारी दल यह सुनिश्चित करें कि निर्वाचन के प्रयोजन के लिए सरकारी अमले का दुरुपयोग न करें। मंत्रियों को शासकीय दौरों के साथ नहीं जोड़ना चाहिए। प्रचार के दौरान शासकीय कर्मियों का उपयोग नहीं करना चाहिए। सरकारी विमान, वाहनों, मशीनरी और कर्मियों का उपयोग भी नहीं किया जाए। सत्ताधारी दल को चाहिए कि सार्वजनिक स्थान पर सभाएं करने या हेलीपैड के इस्तेमाल में अपना एकाधिकार न जमाएं।

## फर्स्ट टाइम वोटर

### सरकार देश के युवाओं के लिए नौकरी के अवसर लाए...

वोट डालना मौलिक अधिकार है। मैं पहली बार वोटिंग करूंगी और अपनी सहेलियों और रिश्तेदारों को भी वोट डालने के लिए प्रेरित करुंगी। मैं चाहती हूं सरकार किसी की भी बनें, लेकिन सरकार युवाओं के लिए नौकरी के अवसर लाएं। बेरोजगारी और महंगाई को लेकर कुछ करें। मैं वोट करने से पहले परिजन से चर्चा करुंगी, जो राजनीति को भलीभांति समझते हैं।



**प्रियांशी श्रीवास**, युवा मतदाता

### मल्टीनेशनल कंपनियों में नौकरी दिलाना सुनिश्चित करे सरकार...

पहली बार वोट डाल रहा हूं। अब मैं चाहता हूं कि मेरा वोट सही जगह जाए और एक अच्छी सरकार का चयन हो सके। वैसे मैं चाहता हूं कि प्रधानमंत्री ऊर्जावान होना चाहिए, जो युवाओं के लिए रोजगार के अवसर तलाशें और बेरोजगारी दर कम करें। यदि सभी युवाओं को सरकारी नौकरी देना संभव नहीं है, तो उन्हें मल्टीनेशनल कंपनियों में नौकरियां दिलाना सुनिश्चित करें।



**कार्तिकेय अकोठिया**, युवा मतदाता

## हर रस्म में मतदाता जागरूकता का संदेश

# हाथ में तख्तियां लेकर निकले दूल्हा-दुल्हन




हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद


पूरे देश में लोकसभा चुनाव का पर्व शुरू हो चुका है। देशभर में शत प्रतिशत मतदान हो सके, इसके लिए तरह-तरह से मतदाताओं को जागरूक करने प्रयास किया जा रहा है। इस बीच एक विवाह ऐसा भी देखने को मिला, जिसमें विवाह की हर रस्म में मतदाताओं को जागरूक किया गया और इसमें दूल्हा-दुल्हन और बाराती भी हाथों में मतदाता जागरूकता की तख्तियां लेकर मतदाताओं को जागरूक करते नजर आए। पूरा मामला बालोद जिले के डोंडी ब्लॉक के ग्राम का है।

ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह ने कहा कि विवाह में दो लोगों के साथ उनका दोनों परिवार और उन परिवारों से जुड़े हुए आसपास के सैकड़ों लोग शामिल होते हैं। इस आयोजन में भी कुछ ऐसा ही हुआ आसपास के सैकड़ों लोग इसमें शामिल हुए थे। हर रस्म में मतदाता जागरूकता अभियान की रस्म को भी शामिल किया गया। जिसके चलते यह एक अनोखा विवाह बन गया। जिसे लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला।

लोकसभा चुनाव के लिए ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह को ब्रांड एंबेसेडर बनाया गया है। उन्होंने अनोखे ढंग से इस विवाह को संपन्न कराया है जो पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है और ऐसे आयोजनों की वजह से ही बालोद जिले में मतदाताओं का प्रतिशत बढ़ता जा रहा है। ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह ने कहा कि शादी की रस्मों के बीच जोड़े मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए। दूल्हा-दुल्हन ने लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। उन्होंने लोगों से अपील की कि मतदान जरूर करें। इसके साथ ही अपने परिवार के लोगों से भी मतदान करवाएं। इस बार शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा गया है।

## सीएम डॉ. यादव इंदौर के बाद अशोकनगर पहुंचे, रंगपंचमी की शुभकामनाएं दी

# मुख्यमंत्री ने मां जानकी मंदिर में पूजा-अर्चना कर की प्रदेश की खुशहाली की कामना



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को इंदौर के प्रसिद्ध गेर में शामिल होने के बाद अशोकनगर जिले के करीला धाम पहुंचे। उन्होंने करीला में माता जानकी मंदिर में दर्शन-पूजन कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं अपनी ओर से मप्र की जनता और खास तौर पर इंदौर वासियों को रंग पंचमी की बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे यहां भगवान राधा-कृष्ण के जन्म से होली का अलग आनंद है। वैसे अवध की होली भी 17 लाख साल पुरानी है। हमारा रंगों का यह त्यौहार परस्पर प्रेम, भाईचारा बढ़ाने वाला है। होली से लेकर पंचमी तक मालवा में ही लगातार हर दिन आनंद के साथ मनाया जाता है।

खासकर मां अहिल्या की नगरी इंदौर में रंगों के गेर में शामिल हुआ। मेरे साथ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी हैं। नगर जिला अध्यक्ष गौरव, लोकसभा प्रत्याशी और सांसद शंकर लालवानी, विधायक मालिनी गौड़ समेत सभी ने मिलकर रंगों के इस त्यौहार को मनाया। इसके माध्यम से परमात्मा परस्पर भाईचारा बढ़ाता रहे। एक-दूसरे को लेकर चलें।

### मानवता के मूल सिद्धांतों की तरफ बढ़े: डॉ. मोहन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने कहा कि रंगों के स्पर्श से हम अपनी आत्मीयता लुटाते हुए एक-दूसरे के मानवता के मूल सिद्धांतों की तरफ बढ़े। दुनिया हमारी तरफ देख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यहां की कला, संस्कृति, वैभव इतिहास, गौरव सभ्यता हर क्षेत्र में जो आनंद और मस्ती है। अपने सारे कष्टों को भूलकर रंगों के त्यौहार के माध्यम से एक तरह से नया जन्म मिलता है। यहां के मित्रों ने यूनेस्को में रंगों की इस गेर को जोड़ने का अभियान लिया है। मैं सरकार के माध्यम से प्रयास करूंगा, यह यूनेस्को का हिस्सा बने। गुजरात का गरबा पूर्व में जुड़ा है। इंदौर तो इंदौर समूचे मालवा के लोग यहां पर हैं। इंदौर उज्जैन देवास झाबुआ हर तरफ से लोग आकर रंगों की मस्ती में इस राजवाड़ा में ऐसा लगता है, सब कुछ भूल जाते हैं। परमात्मा की यह लीला है रंगों का त्यौहार है मेरी अपनी ओर से आप सभी को मंगल कामना।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को उमरिया, डिंडोरी, मंडला एवं सिवनी प्रवास पर रहे

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 31 मार्च को उमरिया, डिंडोरी, मंडला एवं सिवनी प्रवास पर रहें। इस दौरान मुख्यमंत्री विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। डॉ. मोहन यादव ने सुबह 11 बजे जिला उमरिया में कार्यकर्ताओं से भेंट की। इसके बाद दोपहर 12 बजे जिला डिंडोरी में जनसभा को संबोधित किया। दोपहर 1.30 बजे मंडला में जनसभा को संबोधित किया। दोपहर 3 बजे जिला सिवनी के लखनादौन विधानसभा क्षेत्र में रोड शो एवं आमसभा की। मुख्यमंत्री शाम 5.15 बजे जबलपुर से भोपाल रवाना हुए। शाम 7.30 बजे भोपाल चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इण्डस्ट्री के होली मिलन समारोह में सम्मिलित हुए।*

## गूंजा जियो और जीने दो का संदेश

# अहिंसा रन एवं रन फ़ॉर डेमोक्रेसी ने रचा इतिहास




**जबलपुर।** जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर वर्धमान महावीर स्वामी भगवान के कालजयी संदेश जियो और जीने दो को अंगीकार कर अहिंसा रन को गति दी गई। इसी तरह लोकतंत्र के धर्म मतदान को बढ़ाने के लिए रन फ़ॉर डेमोक्रेसी के आयोजन में रविवार को संस्कारधानी के व्यस्ततम व्यापारिक क्षेत्र कमामिया गेट पर सुबह छह बजे जनमेदिनी उमड़ पड़ी। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन, जीतो के पदाधिकारी व सदस्य जबलपुर के हर धर्म हर उम्र के नागरिक, महिला, पुरुष, बच्चे, युवा एकत्र हुए। अहिंसा समर्थकों का रेला अहिंसा एवं डेमोक्रेसी रन में प्रतिभागी बना। कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षक आदित्य प्रताप सिंह, सीईओ जिला पंचायत जयति सिंह, निगमायुक्त प्रति यादव ने रन को दौड़ कर पूरा किया। जिला प्रशासन, नगर निगम एवं जीतो के संयोजन में अहिंसा रन का आयोजन किया गया। जीतो के ज़ोन चेयरमैन मप्र, छग चौधरी सुबोध जैन,चेप्टर चेयरमैन राजेश जैन जैनु, सचिव राहुल बड़कुल के नेतृत्व में जीतो व यूथ विंग टीम अनुशासन का परिचय देते हुए नव प्रतिमान दर्ज किया, पिछले वर्ष से ज्यादा प्रतिभियो ने इस रन में भाग लिया। भारत सहित विश्व के अनेक देशों में सक्रिय जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाईजेशन, जीतो के साथ जैन समाज के सभी संगठन कमानिया गेट पर एकत्र होकर प्रतिभागी बड़ा फुहारा, खजांची चौक, तुलाराम चौक, करमचंद चौक, तीन पत्ती, मालवीय चौक, लार्डगंज थाना होते हुए पुनः बड़ा फुहारा पहुंचे। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ के चेयरमैन सुबोध जैन ने जिला प्रशासन, नगर निगम को आयोजन में सहभागिता के लिए धन्यवाद दिया।

### दूसरे शहरों व विदेश में भी हुई अहिंसा रन

अहिंसा रन का आयोजन भारत में जबलपुर सहित 67 व विदेशों में 28 स्थानों पर एक समय पर किया गया। जीतो, यूथ विंग के अंकित जैन व सीए मयंक सिंघई ने बताया कि अहिंसा का वादा, लोकतंत्र का इरादा शीर्षक इस प्रकल्प में हजारों प्रतिभियो का संकल्प लेना महत्वपूर्ण था। संयोजक आशीष कोठारी, संजीव चौधरी, शैलेश जैन ने कहा कि जबलपुर ने आज ताकत दिखा दी है अब हमे जबलपुर को भारत मे मतदान में नंबर वन बनाना है, दिव्यांग प्रतिभागीयो को सम्मानित करते हुए पवन समदड़िया ने बधाई देते हुए कहा की इनकी हिम्मत सराहनीय है यह हमारे लिए प्रेरणा है।

### सर्वधर्म-संप्रदाय हुए हमकदम

अहिंसा रन की विशेषता यह रही कि इसमें सकल जैन समाज के विभिन्न संगठनों, मंदिर न्यासों व गणमान्य नागरिकों के साथ-साथ बिना किसी भेदभाव के अन्य सभी धर्म, संप्रदाय, जाति व वर्ग के लोग शामिल हुए। जीतो, जबलपुर चेप्टर के चेयरमैन राजेश जैन रेमंड, चीफ सेक्रेट्री राहुल बड़कुल, ट्रेजरार सीए मनीष कौशल, जोनल चेयरमैन चौधरी सुबोध जैन, चीफ कोऑर्डिनेटर डा.विमल कुमार जैन, निशीथ जैन, मुल्कराज जैन बादशा, संजय जैन, मनीष मंगलम, भानु जैन, राजनीत एवं नितिन जैन ज्ञानगंगा, प्रद्यन सिंघई, जयेश गाला व प्रभाकर जैन, पवन समदड़िया, संदेश जैन, चिराग गाला, सहित अन्य का उत्साह देखते ही बना। अहिंसा रन में भगवान महावीर के अहिंसा परमोधर्म के संदेश को प्रसारित करने दौड़ पड़ा पूरा शहर।

### दिव्यांग बंधु पहुंचे अहिंसा रन में

दिव्यांग बंधुओं ने भी भाग लिया कोई एक पैर से दौड़ को पूरा कर रहा था तो कोई तीन पहिया वाहन में कुछ ना सुनने वाले बच्चे भी संगीत की धुन पर थिरक रहे थे। सभी विकलांग जनों को जीतो ने एवं युवराज गढ़वाल ने नगद पुरुस्कार दे कर सम्मानित किया गया अमेरिका और देश के कई अन्य शहरों से भी प्रतियोगियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लेने सुबह से ही कमानिया गेट पर एकत्र हो गए थे।

### संगीत और रंगारंग कार्यक्रम में झूमते रहे प्रतिभागी

अनिद्यो जोशी, रागिनी जोशी, मृदुल घोष, सचिन उपाध्यय, सत्यम तिवारी की सुरमधुर धुनों के साथ हजारों की संख्या में उपस्थित प्रतिभागी झूमते नाचते और गाते रहे।




## इंडिया गठबंधन ने बनाई संयुक्त रणनीति

# दस सालों में जबलपुर से किया गया भेदभाव

**जबलपुर।** इंडिया गठबंधन में शामिल राजनैतिक दलों ने यहां आरोप लगाया कि पिछले दस सालों में जबलपुर शहर के साथ भेदभाव किया गया। घोषणा के अनुरूप यहां न तो उर्वरक कारखाना खुला न अन्य कोई उद्योग धंधों की प्रगति हुई। उलटे पहले से जो कारखाने जबलपुर में चल रहे थे, उनकी हालत दयनीय हो गई। डिफेंस सेक्टर में कभी जबलपुर का नाम हुआ करता था जीसीएफ व्हीकल खमरिया जीआईएफ सहित तमाम संस्थानों में हजारों कर्मचारी काम करते थे, जिनकी संख्या अब सैंकड़ों में सिमट गई है। फैक्ट्रियों का निगमीकरण कर दिया गया है जिससे कर्मचारियों में आक्रोश है एक तरफ इलैक्टोरल बाण्ड से भाजपा चंदा बटोरने में सबसे आगे है। वहीं ईडी सीबीआई और आईटी का भय दिखाकर विपक्षी दलों को कथित घोटालों के आरोप में बदनाम किया जा रहा है। मुख्यमंत्रियों को जेल भेजा जा रहा है ऐन चुनाव के वक्त कांग्रेस के खाते सीज कर दिये गये हैं। अब जनता की अदालत में सारे मुद्दे सामने हैं फैसला जनता करेगी। जहां इंडिया गठबंधन का सवाल है तो इसमें शामिल सभी राजनीति दल और कुछ गैर राजनीतिक संगठनों ने भी कांग्रेस को समर्थन देने की रणनीति बनाई है। यह बात यहां पत्रकारों से चर्चा करते हुये इंडिया गठबंधन की ओर से आम आदमी पार्टी के प्रदेश महासचिव एडवोकेट रामकिशोर शिवहरे, कांग्रेस के नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा राष्ट्रीय जनता दल के नगर अध्यक्ष रामरतन यादव, कम्यूनिस्ट पार्टी के एडवोकेट राजेन्द्र गुप्ता, समाजवादी पार्टी के देवेन्द्र यादव आदि ने कही। इन नेताओं ने उक्त आरोप लगाते हुये यहां पत्रकारों से कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल से आम जनता नाराज है। आम आदमी की मूल समस्याओं को केंद्र की सरकार ने दरकिनार किया है। चाहे महंगाई बेरोजगारी की बात हो चाहे शिक्षा और स्वास्थ्य की बात हो इस और ध्यान नहीं दिया गया। लोग परेशान है। लोकसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कांग्रेस पार्टी से होने के नाते गठबंधन के बाकी सभी दलों ने बैठक कर अपनी रणनीति तैयार की है। कांग्रेस प्रत्याशी की जीत के लिये रणनीति बनाकर काम करने का संकल्प लिया है।

### यह रहे उपस्थित

पत्रकार वार्ता में कांग्रेस के नगर अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, रूपेन्द्र पटेल, आम आदमी पार्टी के प्रदेश सहसचिव रामकिशोर शिवहरे, याशमीन मेहमूद भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद् सदस्य एड. राजेन्द्र गुप्ता, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी राज्य परिषद् सदस्य, रामनारायण कुररिया, राष्ट्रीय जनता दल नगर अध्यक्ष रामरतन यादव, समाजवादी पार्टी के देवेन्द्र यादव, मध्य प्रदेश जन विकास पार्टी के अध्यक्ष मोतीलाल अहिरवार अति पिछड़ा वर्ग उत्थान समिति के प्रदेश अध्यक्ष संजय सेन, अखिल भारतीय ओबीसी महासभा के प्रदेश महासचिव नोकेलाल प्रजा, संयुक्त किसान मोर्चा के अमित पाण्डे, संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा केडॉ. घनश्याम यादव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## रैलियों एवं सभाओं की अनुमति के लिए ऑनलाइन किये जा सकेंगे आवेदन

**जबलपुर।** लोकसभा चुनाव के दौरान राजनैतिक दलों और प्रत्याशियों को सभा के लिये मैदान की अनुमति लेने, रैली निकालने, लाउडस्पीकर, वाहन एवं हेलीपैड के लिये अनुमति लेने निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय जाने की जरूरत नहीं पडेगी। वे इन अनुमतियों के लिये सुविधा एप पर ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। चुनाव आयोग ने पारदर्शिता के मद्देनजर किसी भी कार्य की अनुमति लेने के लिये राजनैतिक दलों और अभ्यर्थियों को पहले आओ पहले पाओ की सुविधा दी है। इसके तहत जो पहले ऑनलाइन आवेदन करेगाए उसे पहले अनुमति दी जायेगी। इसके लिये सुविधा एप पर तय समय के पूर्व ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन करने के बाद उपलब्धता अनुसार उन्हें अनुमति दी जायेगी। लोकसभा चुनाव को सरल एवं पारदर्शी बनाने के लिये आम सभायें, रैली, वाहनों के अधिग्रहण की जानकारी सहित विभिन्न समस्याओं का समाधान भी ऑनलाइन किया जायेगा।

## पेट्रोल पंप में लगा मोदी का फ्लेक्स आचार संहिता का उल्लंघन, हटाने की मांग

**जबलपुर।** जबलपुर लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी दिनेश यादव ने कहा है कि रविवार को पाटन के गुरु पिपरिया इलाके में जनसंपर्क करने गए इस दौरान जब गुरु पिपरिया पेट्रोल पंप में वहां में पेट्रोल बनाने रुके तो वहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फोटो के साथ सरकारी योजनाओं का एक बड़ा फ्लेक्स बोर्ड अभी भी लगा है जो चुनाव आदर्श आचरण संहिता का खुला उल्लंघन है श्री यादव ने जिला निर्वाचन अधिकारी से संबंध में तत्काल कार्रवाई की मांग की है श्री यादव ने उसका वीडियो भी इंटरनेट वीडियो पर पोस्ट किया है।

## दोनों प्रत्याशियों की छवि निर्विवाद - पार्टियों के बीच चुनाव

# मतदान नजदीक आते-आते और मजबूत होगा मुकाबला



**जबलपुर।** भाजपा कार्यकर्ता यह मान चुके हैं कि अबकी बार वे सात लाख पार के मार्जिन से जीत रहे हैं, वहीं कांग्रेस कार्यकर्ता यह मान रहे हैं संघर्ष हर परिस्थिति को बदल सकता है। भाजपा नेता यह मान रहे हैं कि मोदी रथ में सवार होकर उनका प्रत्याशी हर हाल में जीतेगा, वहीं कांग्रेस नेता यह मान रहे हैं कि प्रत्याशी का भी महत्व है। इसमें दो राय नहीं है कि भाजपा फील गुड वाले मोड में हैं, वहीं कांग्रेस मैदान में संघर्ष कर रही है। विश्वास, अतिविश्वास, आत्मविश्वास और उम्मीद के इर्दगिर्द जबलपुर लोकसभा सीट का चुनाव घूम रहा है। अब जतना के मन में क्या है चुनाव वाले दिन पता चलेगा। लेकिन बात जो राजनीति पंडित कहने लगे हैं चुनाव शुरु होने के पहले चुनाव एकतरफा था, लेकिन जैसे जैसे चुनाव आगे बढ़ रहा है, वैसे चुनाव बराबरी पर पहुंच रहा है। एकतरफा जैसा कुछ भी होने की संभावना अब कम होती जा रही है। कांग्रेस प्रत्याशी और भाजपा प्रत्याशी के बीच मजबूत टक्कर देखने को मिलेगी। दोनों प्रत्याशियों की क्षवि साफ सुथरी और निर्वाविवाद है, अब चुनाव पार्टियों के बीच होगा। भाजपा प्रत्याशी की सबसे बड़ी ताकत मोदी लहर और भाजपा का मजबूत संगठन बताया जा रहा है। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी की सबसे बड़ी ताकत उनका 40 साल का जमीनी संघर्ष और आमजन से उनका सीधा संवाद बताया जा रहा है। वहीं भाजपा प्रत्याशी को लेकर कुछ विधानसभाओं में भाजपा नेता कार्यकर्ता दबी जुबान में असंतोष दिखा रहे हैं। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी के लिये जबलपुर के सभी कांग्रेसी एकजुट नजर आ रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी की किसान क्षवि जिले की बड़ी आबादी को सीधे तौर पर प्रभावित कर उनकी राह आसान कर सकती है। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी के लिये यादव ओबीसी कार्ड अंतिम समय में चलने की संभावना है।

## धन से जुड़े विभागों में देर रात तक चला कामकाज

**जबलपुर।** पुराने वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर 31 मार्च को सुबह से देर रात तक वित्तीय व्यवस्था से जुड़े सरकारी और गैर सरकारी व अर्द्धशासकीय संस्थानों में रविवार अवकाश दिवस होने के बावजूद मार्च क्लोजिंग का काम चलता रहा। बैंकों और बीमा निगम में जहां खाते बही में लेनदेन का निपटारा चलता रहा, वहीं समायोजन का काम हुआ। वहीं योजना विभाग और कोषालय में विभिन्न विभागों के बचे बजट को लेप्स करने की कार्यवाही हुई तो नगर निगम और विद्युत मण्डल, वाणिज्यिक कर, आयकर विभागों में वसूली का काम तेजी से हुआ। शासकीय दफ्तरों में कल मार्च क्लोजिंग के अलावा और कोई दूसरे काम नहीं हुये। बैंकों में दोपहर बाद लेनदेन बंद कर दिया गया था और देर शाम तक खाते बही व कम्प्यूटरों में आय-व्यय का लेखा जोखा दुरूस्त किया गया। लेनदारी, देनदारी के आंकड़े छांटे गये। सरकारी दफ्तरों में भी एक-एक फाईलों का निरीक्षण कर लेखा-जोखा दुरूस्त किया गया। आज से नई बैलेंस सीट काम करना प्रांरभ करेगी।

## कचहरी दरगाह में रोजा इफ्तार

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के सामने स्तिथ हज़रत ख्वाजा अमीनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्ला अलेह कचहरी वाले बाबा की दरगाह मे 20 वे रोजे के मौके पर विशाल अफ्तार ए आम का एहतेमाम किया गया। मुफ़्ती ए आज़म मध्यप्रदेश हजरत मौलाना डॉक्टर मुशाहिद रजा कादरी बुरहानी ने आयोजन की सरपरस्ती फरमाई। सांय मगरिब की अजान बुलंद होते ही एक साथ सैकड़ो रोजेदारों ने अफ्तार किया। रोजा अफ्तार मे चन्गेज खान अशरफी, एस के मुद्दीन, मुईन बाबा, मुबारक कादरी, सैय्यद कादिर अली कादरी, ताहिर खान सहित जनप्रतिनिधिगण व अन्य धर्मालंबियों ने भी शिरकत की और अमन शांति भाईचारे का पैगाम दिया। अफ्तारोपरान्त मगरिब की सामूहिक नमाज अदा की गई और भारत की खुशहाली की दुआएं मांगी गई। सज्जादानशीन बाबर खा बंदानवाजी, खादिम ए आला चन्गेज खान अशरफी ने इस मौके पर मुफ़्ती ए आज़म मध्यप्रदेश का इस्तक़बाल किया और तमाम रोजेदारों का शुक्रिया अदा किया। आगा दरगाह - मौला ए कायनात हज़रत अली की यौमे शहादत के मौके पर आज आगा चौक स्तिथ हज़रत आगा मोहम्मद साहब की दरगाह मे विशाल अफ्तार ए आम का एहतेमाम किया गया है। दरगाह शरीफ के मुतवल्ली सैय्यद लियाकत अली, सेकेट्री रफीक खान, साबिर अली शिरकत की गुजारिश रोजेदारों से की है।

## आदिनाथ जयंती पर शोभा यात्रा तीन को

**जबलपुर।** श्रमण संस्कृति प्रर्वतक, नाभिनंदन, भगवान श्री आदिनाथ जी के जन्म-तप कल्याणक महोत्सव पर श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर चौधरी से प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी राष्ट्र संत दिगंबर आचार्य विद्यासागर महाराज के आशीर्वाद से आयोजित शोभायात्रा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर भक्ति भाव, उमंग उत्साह के साथ किया जा रहा है। उपरोक्त जानकारी भगवान श्री आदिनाथ जन्म-तप कल्याणक महोत्सव समिति के संयोजक एडवोकेट विजय चौधरी एवं नरेंद्र जैन ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से दी। भगवान श्री आदिनाथ जन्म-तप कल्याणक शोभायात्रा संयोजक राकेश दाऊ ने बताया कि बुधवार 3 अप्रैल को प्रात 8:00 बजे विशाल शोभा यात्रा निकाली जावेगी।

## मोबाइल पर सट्टा खिला रहे आरोपी से 730 ग्राम गांजा जब्त

**जबलपुर।** गढ़ा पुलिस ने कल मुखबिर की सूचना पर चुंगी नाका गंगासागर रोड में दबिश देते हुए पिट्ठू बैग टांगे एक युवक को मोबाइल पर सट्टा खिलाते दबोच लिया। आरोपी के बैग की तलाशी के दौरान 730 ग्राम गांजा, 420 रुपये सट्टे की लगवाड़ी रकम तथा मोबाइल फोन जब्त किया गया। मोबाइल फोन जब्त किया गया। मोबाइल फोन में सट्टे का हिसाब मिला है। आरोपी के खिलाफ 4 क सट्टा एक्ट व 8, 20 एनटीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। गढ़ा थाना प्रभारी नीलेश दोहरे ने बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक चुंगी नाका गंगा सागर रोड पर मोबाइल पर सट्टा खिला रह है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर मुखबिर के बताये हुलिये के आधार पर पिट्ठू बैग टांगे एक युवक को मोबाइल पर सट्टा खिलाते पकड़ा। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम महेशपुर गढ़ा निवासी सुमित राजपूत बताया। बैग की तलाशी के दौरान 730 बजे गांजा मिला। जिसकी कीमत 15 हजार रुपये बताई गई है।

## वेटर ने मोबाईल पार कर उड़ाए 66 हजार

**जबलपुर।** ओमती थाना अंतर्गत नगर निगम कर्मशाला के पास एक खाने की होटल में काम करने वाले एक वेटर ने होटल मालिक का मोबाईल चोरी किया और उससे 66 हजार रुपये अपने अकाउंट में ट्रांस्फर कर लिये। घटना के बाद से वेटर फरार है और उसका फोन भी नहीं उठ रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है। ओमती पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगासागर मदनमहल निवासी 54 वर्षीय योगेश चौरसिया की नगर निगम कार्यशाला के समीप खाने की होटल है। होटल में काम करने के लिये करीब 1.5 माह पहपले विदीशा रोड शिव शक्ति नगर हुजूर भोपाल निवासी 34 वर्षीय विशाल तिवारी काम मांगने आया था। 3 सौ रुपये प्रतिदिन के हिसाब से काम पर रखा गया था। दिनभर काम करने के बाद रात को होटल में ही सोता था और होटल की देखभाल भी करता था। श्री चौरसिया के मुताबिक 16 मार्च को उनका मोबाईल काउंटर पर रखा तो वे लघुशंका के लिये चले गये। कुछ देर बाद लौटे तो मोबाईल और वेटर दोनों अपनी अपनी जगह पर नहीं थे। दुकानदार मोबाईल से ही अपना बैंक खाता आपरेट करता था। कुछ देर बाद उसके अकाउंट से 66 हजार रुपये ट्रांस्फर कर दिये गये। उन्होंने विशाल को फोन लगाया तो फोन नहीं उठा, इसी लिये वेटर पर और शक गहरा गया। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज होने पर आरोपी के खिलाफ धारा 381 के तहत अपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर है।

## ठहरने एवं खाने की व्यवस्था की मांग

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने चुनाव कार्य में कर्मचारियों को चुनाव सामग्री जमा करने के बाद सुरक्षित घर तक पहुंचाने की व्यवस्था करने की मांग की है। साथ ही कहा है कि यदि यह संभव नहीं है तो दूर दराज से आने वाले कर्मचारियों के ठहरने और भोजन की व्यवस्था भी कराई जाए। संगठन के रॉबर्ट मार्टिन, राकेश श्रीवास, जियाउर्ररहीम, मीनूकांत शर्मा, अजय खरे, दिनेश गोंड, रिंकू पीटर, सुधीर अवधिया आदि ने चुनाव आयोग से मांग की है की चुनाव सामग्री जमा करने के उपरांत जिन कर्मचारियों का घर शहर से दूर है उनकी रात्रि में ठहरने एवम उनके भोजन की व्यवस्था की जाए।

## सूने घर को चोरों ने किया साफ, जेवर सहित नगदी पार

**जबलपुर।** ग्वारीघाट थाना अंतर्गत न्यू पीपी कालोनी में सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर और नगदी 25 हजार रुपये चोरी कर ले गये। चेरी गये माल की कीमत करीब 1.5 लाख रुपये बताई गई है। बताया गया है कि कटनी के एक मॉल में मैनेजर के पद पर पदस्थ दीपक दहायत यहां ग्वारीघाट क्षेत्र में एलआईजी क्वारर्टर में कुछ दिन पूर्व रहने आए। गत 27 मार्च को सुबह 09 बजे वह अपनी पत्नी बच्चों के साथ घर में ताला लगाकर कटनी गया था। जहां से 29 मार्च की 10.45 बजे जबलपुर लौटा तो उसके होश उड़ गये। घर के प्रवेश द्वार और जाली के ताले टूटे हुये थे। घर के अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी का लॉक और पल्ला भी टूटा पड़ा था। चोरों ने घर में घुसकर अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने की 2 जोड़ी झुमकी, पेंडल, मनचली, चांदी की 2 जोड़ी पायल, एक अंगूठी रिंग एवं नगदी लगभग 25 हजार चोरी कर लिये। घटना की रिपोर्ट ग्वारीघाट थाने में दर्ज कराई गई। जिसपर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 457, 380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



## गाली गलौज कर युवक से मारपीट

**जबलपुर।** पनागर थानांतर्गत मुड़िया खुर्द में कल रात लगभग 8 बजे खेत के पास बैठे एक युवक को दूसरे युवक ने गाली गलौज करते हुए उठाकर पटक दिया। तभी उसके साथियों के बीच बचाव करने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। आरोपी पर धारा 294, 323, 506 आईपीसी तथा 3 (2), 3 (1) एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। पनागर पुलिस ने बताया कि मुड़िया खुर्द पनागर निवासी छोटेलाल गौड़ कल रात लगभग 8 बजे अपने साथी आकाश गौंड़, प्रहलाद गौंड़ के साथ कल्लन सिंह के खेत के पास बैठा था। तभी मनोज बर्मन आया और गालीगलौज कर बोला यहाँ क्यों बैठा है। मना करने पर मनोज ने छोटेलाल को पटक दिया। घटना में छोटेलाल के सिर में चोटें आई हैं।

## मोटर साइकिल की टक्कर से दो घायल

कुण्डम थानांतर्गत कल शाम लगभग 6.30 बजे निवास तिराहे के पास बस का इंतजार कर रहे असलम मंसूरी व शहीद अहमद ने देखा कि शेख शहजाद व संतोष तिवारी की मोटरसाइकिल में पीछे से आ रही मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 जेड ए 4023 के चालक ने टक्कर मार दी। घटना में दोनों को हाथ पैरों में चोटें आई है।

## भाजपा लोकसभा मुख्य चुनाव कार्यालय का उद्घाटन आज

**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी लोकसभा मुख्य चुनाव कार्यालय का उद्घाटन आज सोमवार 01 अप्रैल को दोपहर 12:30 बजे मदन महल थाने के बाजू में, होम साइंस कॉलेज रोड राइट टाउन में प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के कर कमलों से, प्रत्याशी आशीष दुबे, नगर अध्यक्ष प्रभात साहू, ग्रामीण अध्यक्ष सुभाष तिवारी रानू के साथ सभी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जायेगा। लोकसभा संयोजक सदानंद गोडबोले ने बताया चुनाव की गतिविधियों के संचलन हेतु चुनाव कार्यालय का होना अत्यंत आवश्यक होता है और इसी दृष्टि से लोकसभा चुनाव हेतु मुख्य चुनाव कार्यालय का उद्घाटन होगा। चुनाव कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर भाजपा के सभी जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवम कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### अखंड हिन्दू राष्ट्र की संकल्पना पूरी करनी है : काजल हिन्दुस्थानी

# गदा यात्रा में गूँजी हिन्दू राष्ट्र की हुंकार

## हिन्दू नव वर्ष एवं हिन्दू सेवा परिषद् के द्वादश स्थापना दिवस पर निकाली गई गदा यात्रा





**जबलपुर।** प्रति वर्षानुसार हिन्दू सेवा परिषद् के द्वादश स्थापना दिवस एवं हिन्दू नववर्ष के अवसर पर रविवार को नौदरा ब्रिज स्थित हनुमान मंदिर से गदा यात्रा निकाली गई। गदा यात्रा में हिन्दू राष्ट्र की हुंकार के साथ भारत माता और जय जय श्रीराम के गगनभेदी जयघोष गूँजते रहे। जगतगुरु राघवदेवाचार्य महाराज एवं गुजरात से प्रखर हिन्दू वक्ता दीदी काजल हिंदुस्थानी तथा हिन्दू जनजागृति के प्रचारक श्रीराम काने एवं आचार्य धीरेंद्र पांडे कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पधारी काजल हिंदुस्तानी दीदी ने कहा कि प्रत्येक हिन्दू परिवार को हिन्दू संगठनों से जोड़ने की आवश्यकता है, उन्होंने यह भी मंच से कहा कि धर्म से बड़ी जाति नहीं होती, हम सिर्फ सनातन हैं यह कभी भूलना नहीं चाहिए, हिंदुओं को जात-पात से हटकर कार्य करना होगा। काजल दीदी ने कहा कि भारत को जेहाद मुक्त कर अखंड हिन्दू राष्ट्र की स्थापना करनी है।

### गदा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत

*परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी ने बताया कि गदा यात्रा का मुख्य आकर्षण 31 फिट की मिट्टी की भगवा गदा रहा। गदा यात्रा में गदा के अलावा 3 दुर्लभ झाकियाँ, बैण्ड बाजे, ढोल, डीजे एवं भगवा ध्वज शामिल रहे। यात्रा में हनुमान जी की 10 फीट की जीवंत झांकी एवं शिव तांडव की सजीव प्रस्तुति का विशेष आकर्षण रहा। गदा यात्रा श्री हनुमान जी के मंदिर से प्रारंभ होकर करमचंद चौक, तुलाराम चौक, अंधेरदेव, खजांची चौक, कमानिया गेट, फुहारा, लार्डगंज, सुपर मार्केट, मालवीय चौक, तीन पत्ती होते हुये पुनः श्री हनुमान मंदिर नौदरा ब्रिज में धर्म सभा के रूप में सम्पन्न हुई।*

### मंदिर में हुआ पूजन

*यात्रा प्रारंभ होने के पूर्व हनुमान जी के मंदिर में संतों की अगुवाई में महाआरती कर भगवा ध्वज दिखाकर गदा यात्रा प्रारंभ की गई। गदा यात्रा में 11 हजार से भी ज्यादा भक्त शामिल हुए। इस दौरान भारत हिन्दू राष्ट्र बने तथा हिन्दुओं की एकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर अतुल जेसवानी, गौरव साहू, नितिन सोनपाली, सौरभ जैन, धीरज ज्ञानचंदानी, मुकेश बर्मन, पंकज कुशवाहा, दीपक विश्वकर्मा, संदीप कच्छवाहा, अभिषेक अहिरवार, उमेश रजक, विनय राजपूत सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।*

# नगर होगा भगवामय निकलेगी भव्य हनुमान जन्मोत्सव वाहन रैली

**सिहोरा।** हिन्दू उत्सव समिति द्वारा आयोजित हनुमान जन्मोत्सव भव्यता के साथ मनाने एंव वाहन रैली निकालने के संबंध में शक्ति संस्थान साईं मंदिर में एक विशाल बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने अपने अपने सुझाव से हिन्दू नव वर्ष, राम नवमी,हनुमान जन्मोत्सव के पूर्व नगर को भगवा मय करने का निर्णय सभी ने किया साथ ही समिति ने भी सभी से 9 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले हिंदू नव वर्ष की पूर्व संध्या 8 अप्रैल को नगर के सभी प्रमुख चौराहों पर रात्रि 8 बजे एक साथ आतिशबाजी करने के साथ सिहोरा हिन्दू उत्सव समिति का निर्णय लिया।

### घरों में भगवा ध्वज लगे व दीप जले

विदित हो की नगर में 17 अप्रैल को राम नवमी को माताओं बहनों के द्वारा एक विशाल श्री राम वाहन यात्रा का आयोजन भी किया जा रहा है जिसमें नगर की सभी माताएं बहनें शामिल रहेंगी। इसी तरह हनुमान जन्मोत्सव के पूर्व नगर के सभी 18 वार्डो से श्री राम धुन प्रभात फेरी निकालने के साथ 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के दिन वाहन यात्रा सुबह 08:30 पर बाबाशाला से प्रारंभ होकर मझौली बायपास से बड़ी महाकाली होते हुए झंडा बाजार से आजाद चौक,गौरी तिराहा से नया बस स्टैंड से वापस बाबा शाला से झंडा चौक, महावीर चौक, मैना कुआं, बाबा ताल से खितौला तिराहा, फोर लेन, पहरेवा, कृषि उपज मंडी से राधा कृष्ण मंदिर, खितौला बाजार, से वन विभाग रोड, रेलवे फाटक से पान उमरिया रोड विंध्यवासिनी मंदिर से नरसिंह मंदिर, बरा मोहल्ला से वापस खितौला बस स्टैंड से बाबाताल होते हुए पुराना स्टैंड सिहोरा में भव्य भंडारे एंव आतिशबाजी पूजन अर्चन के साथ सम्पन्न होगी जिसमें शामिल होने के लिए समिति ने नगर और ग्रामीण क्षेत्र के सभी हनुमान भक्तो से भी शामिल होने का निवेदन किया है।



# रंग पंचमी पर होली मिलन समारोह संपन्न

**सिहोरा।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन मंदिर परिषद पार्श्वनाथ शाखा सिहोरा के तत्वाधान में रंगपंचमी के पावन अवसर पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया और एक दूसरे को गुलाल लगाकर रंगपंचमी की शुभकामनाएं दी गई तरह–तरह के मनोरंजन कार्यक्रम किए गए जिसमें हमारी परिषद की अध्यक्ष श्रीमति जयश्री जैन,सचिव श्रीमति रानी जैन,कोषाध्यक्ष श्रीमति मेघना जैन,उपाध्यक्ष श्रीमति संध्या जैन एवं वरिष्ठ संरक्षिका श्रीमति विजया जैन,श्रीमति डॉ किरण जैन,संगठन मंत्री श्रीमति निशा जैन,श्रीमति संगीता सिंघई,केंद्रीय जनसंपर्क श्रीमति मुक्ता सिंघई,श्रीमति आशा जैन,श्रीमति अनिता जैन,प्रांतीय चेयरपर्सन श्रीमति नीतू सिंघई एवं हमारी परिषद की बहन श्रीमति ऊषा जैन,श्रीमति दीप्ति जैन उपस्थित रही ।

### सुदामा चरित्र के साथ पूर्णाहुति आज

# कृष्ण रुक्मणी विवाह में भाव विभोर हुए श्रोता

**जबलपुर।** जिले के समीप छिदरी पौड़ी ग्राम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन कथा व्यास आचार्य पंडित वेदांत जी महाराज द्वारा ने भगवान श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह पर प्रकाश डाला गया। कथा के पूर्व व्यास पीठ का पूजन सुनील सिंह राजपूत लखपति राजपूत दीपक सिंह राजपूत सहित राजपूत परिवार द्वारा किया गया। विवाह में मंत्रोचारण आचार्य कुलदीप एवं अनिल तिवारी द्वारा किया गया।कथा व्यास ने विवाह उत्सव के दौरान कई भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। कथा व्यास ने आचार्य पंडित वेदांत जी महाराज ने भागवत कथा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महारास में पांच अध्याय है। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण है। जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। इसके साथ ही कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कालयवन का वध, उधव-गोपी संवाद, द्वारका की स्थापना और रुकमणी विवाह के प्रसंगों पर प्रकाश डाला गया । भगवान श्रीकृष्ण रुकमणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब भाव विभोर किया। भागवत कथा में रूकमणी विवाह के आयोजन में श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

### कथा की पूर्णाहुति आज

छिदरी पौड़ी ग्राम में विगत 26 मार्च से चल रही भागवत कथा का समापन आज एक अप्रैल को सुदामा चरित्र के साथ किया जाएगा।



# हसनी हुसैनी सोसायटी रज़ा मस्जिद ने किया आम रोज़ा अफ्तार का आयोजन

**सिहोरा।** इस्लाम धर्म के पवित्र पाक महीने रमज़ान शरीफ के 19 वे रोजे के मौके पर खितौला अलीनगर रज़ा मस्जिद के पास हसनी हुसैनी सोसायटी ने रोजदारों के इफ्तार का काबिले तारीफ इंतजाम किया हसनी हुसैनी सोसायटी के पदाधिकारियों के साथ साथ यहां की मुस्लिम समाज के लोगों ने भी इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर उत्साह पूर्वक भाग लिया सोसायटी द्वारा रोजदार मां बहनों के लिए अलग से मदरसे में रोज़ा अफ्तार का इंतजाम किया रोज़ा अफ्तार उपरांत मगरिब की नमाज के बाद इमाम साहब के साथ सभी नमाजियों ने मिलकर वतन की खुशहाली,अमन-चैन,आपसी भाईचारे की दुआ मांगी।

### अनेक वर्षों से कर रही गरीबों बेसहारों की मदद

हसनी हुसैनी सोसायटी बिना किसी जात-पात धर्म के सभी जरूरत मंदों बेसहारों की अपनी क्षमतानुसार मदद करती आ रही है सोसायटी अध्यक्ष रिजवान मंसूरी ने बताया कि हसनी हुसैनी सोसायटी एक ऐसी सोसायटी है न केवल आम लंगर करती है बल्कि अनेक वर्षों से गरीब बेसहारों के मदद के लिए आगे रहती है। इस अवसर पर शाहिद मंसूरी,सैय्यद दानिश अली,गुड्डा मंसूरी,पप्पू मंसूरी,कादिर मंसूरी,सुब्हान मंसूरी,सरफराज खान,अफ़ज़ल अंग्रेज,इरफान खान,अकरम अंसारी,जमील मंसूरी,मुजाहिद मंसूरी,फखरुद्दीन खान,ज़फ़र अंग्रेज,तारिक खान,अल्ताफ मंसूरी आदि उपस्थित थे।

# सेवानिवृत्त संभागायुक्त दीपक खांडेकर इंटैक स्टेट कन्वेनर नियुक्त



**जबलपुर।** भारत सरकार के प्रमुख सचिव एवं जबलपुर के संभागायुक्त सेवानिवृत्त दीपक खांडेकर को इंटैक दिल्ली ने मध्य प्रदेश का राज्य समन्वयक स्टेट कन्वेनर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति इंटक के चेयरमैन मेजर जनरल विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित ललित कुमार गुप्ता द्वारा की गई है, श्री खांडेकर जबलपुर के संभाग आयुक्त ने प्रशासन काल में इंटैक जबलपुर चैप्टर के बहुत सारे प्रोजेक्ट्स पर लीडरशिप में कार्य किया है, वहीं जबलपुर के इंटैक के वर्तमान कन्वेनर डॉ. संजय मेहरोत्रा ने खांडेकर के निर्देशन में प्रोजेक्ट्स पर काम किया, मध्य प्रदेश के सभी चैप्टर्स, भोपाल कन्वेनर मदनमोहन उपधयाय आईएएस पूर्व आयुक्त जबलपुर व नीरज जैन इंटैक गवर्निंग कौंसिल मेंबर चंदेरी, दीपेंद्र शर्मा इंटैक गवर्निंग कौंसिल मेंबर एवं अशोक ठाकुर चंद्रपुर इंटैक गवर्निंग कौंसिल मेंबर, मोहन नागवानी कटनी कन्वेनर, अरुण अग्रवाल मंडला कन्वेनर एवं मध्य प्रदेश के सभी चैप्टर्स ने हर्ष व्यक्त कर खांडेकर को बधाई दी, मध्य प्रदेश के संस्कृति एवं धरोहर के संरक्षण एवं संवर्धन में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है।

# क्षत्रिय सभा रानीताल ने होली मिलन समारोह आयोजित किया



**जबलपुर।** क्षत्रिय सभा रानीताल द्वारा शनिवार को महाराणा प्रताप भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें नारी शक्ति में अतिथि स्वरूप श्रीमती श्रद्धा आशीष दुबे, श्रीमती अंशुल राघवेंद्र यादव, श्रीमती मोनिका पुष्पेंद्र सिंह, श्रीमती श्वेता सिंह आदि उपस्थित रहीं। क्षत्रिय सभा की महिला इकाई से श्रीमती कल्पना सिंह, श्रीमती पूनम सिंह एवं सभा के वरिष्ठ पदाधिकारियो में रज्जन सिंह बैंस, सुभाष सिंह गौर, सुरेन्द्र सिंह पवार, सरदार सिंह राजपूत, भूपेंद्र सिंह गौतम, श्याम सिंह ठाकुर, शैलेन्द्र सिंह राजपूत, सतीश सिंह, गोविन्द सिंह बैंस, राजेश सिंह ठाकुर एवं अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा से मनोज सिंह भदौरिया एवं जय क्षात्रधर्म सोशल फाउंडेशन से दीपक सिंह परिहार व बड़ी संख्या में अन्य अतिथिगण उपस्थित रहे।

# पाटन में कांग्रेस प्रत्याशी दिनेश यादव ने किया जनसंपर्क

**जबलपुर।** लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी दिनेश यादव ने जबलपुर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पाटन विधानसभा के ग्राम विनेकी, उजरोण, नुनंसर, रोझा, रोसरा, उड़ाना पाटन, सकरा, केमोरी, कटंगी, पोला, मझौली, पोंडा, पोडी, लम्पकना, इंद्राना, में मजदूर, किसान व व्यापारियों के बीच पहुंचकर जनसंपर्क किया एवं नुनसर, पाटन, सकरा, कटंगी, मझौली, इंद्राना में कार्यकर्ता सम्मेलन में दिनेश यादव ने कहा कि मेरा और मेरे परिवार का आप सभी से रिश्ता आज का नहीं है पीडियो से है पिता के नहीं रहने के बाद कम उम्र से ही मेरा व्यापारिक रूप से आप के बीच आना जाना रहा है और तब से आज तक मेरे रिश्ते संबंध कायम है मुझे आशा ही नहीं विश्वास है जबलपुर की अन्य विधानसभाओं से अधिक वोटो से में पाटन विधानसभा में जीत हासिल करूंगा।

वहीं पूर्व सांसद व सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि 30 वर्षों से भाजपा सांसद जबलपुर में है जिन्होंने आज तक ना किसानों के लिए ना ही बेरोजगारों के लिए ना ही युवाओं के लिए कोई काम किया आज महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, चरम सीमा पार कर चुकी है आम नागरिक परेशान है किसानों को खाद्य बीज आदि सामग्री से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है भाजपा की सरकार किसान विरोधी सरकार है जिसे आप सब किसान, गरीब, मजदूर, मतदाताओं की एक-एक वोट से बदला जा सकता है मैं आशा करता हूं आप अपना वोट मुझे देकर विजय दिलाएंगे। इस दौरान पाटन क्षेत्र के जनसंपर्क में ग्रामीण मतदाताओं का भरपूर जन समर्थन एक वोट और एक नोट के साथ विजय भव होने का आशीर्वाद दिनेश यादव को मिल रहा है।

जनसंपर्क में विक्रम सिंह, निलेश जैन, रूपेंद्र पटेल, राजेश तिवारी, सतीश उपाध्याय, वीरेंद्र पटेल, शिव नामदेव, प्रशांत मिश्रा, दुर्गेश पटेल, गणेश नेमा, जितेंद्र सिंह, घनश्याम खमरिया, जीडी मिश्रा, रामकिशोर पटेल, अशोक पुरी, सोनेलाल पटेल, राम विनय करसोलिया, राजेश पटेल, संतोष मालगुजार, संजय गुरु, राजेश मिश्रा, संजय यादव, पहाड़ी राजपूत, संतोष राजपूत, भगवत सिंह राजपूत, मकसूद खान, अभिषेक यादव, परवेज आलम, बंटी महाराज आदि बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्रीय नागरिक शामिल रहे।

# सोनकर समाज महिला मोर्चा ने होली मिलन आयोजित किया

**जबलपुर।** अखिल भारतीय सोनकर समाज, महिला मोर्चा एवं सखी सहेली सोनकर ग्रुप के तत्वावधान में 31 मार्च को शिव-पार्वती मंदिर भरतीपुर में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें समाज की महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर कलाकार अंशुल राजपूत ग्रुप द्वारा राधा-कृष्ण संग फूलों की होली प्रस्तुत की गई। एक-दूसरे को गुलाल लगाकर गले लगाया गया और जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण का संकल्प संस्था सदस्यों द्वारा लिया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति की पदाधिकारी दीपमाला सिलावट अध्यक्ष, रैना सोनकर, दीपा, कीर्ति, चंदा, डॉ. शोभा चौधरी, हेमा, रूपा सहित सामाजिक महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

**श्रीमती रंजना तिवारी-** शास्त्री नगर निवासी श्री धर्मेंद्र तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती रंजना तिवारी (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती साक्षी चमकेल-** गंगासागर बरसाना मोहल्ला निवासी श्री सतीश चमकेल की धर्मपत्नी श्रीमती साक्षी चमकेल (25) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अरूण कुमार दुबे-** सिविल लाइन निवासी श्री अरूण कुमार दुबे (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री किशोरी लाल-** कालीमठ आमनपुर मदमनहल निवासी श्री किशोरी लाल (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती चंद्रकांता कनकने-** सिहोरा निवासी श्री गोविंद प्रसाद कनकने की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रकांता कनकने (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**यश शर्मा-** सेठ गोविंददास वार्ड छोटी संतोषी माता के पास लालमाटी निवासी श्री वीरेंद्र शर्मा के




पुत्र यश शर्मा (12) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री भागीरथ डुमार-** संजय नगर अधारताल निवासी श्री भागीरथ डुमार (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अजीत सिंह अर्खेल-** नेहरू वार्ड ब्यौहारबाग निवासी श्री अजीत सिंह अर्खेल (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती पार्वती बाई चौधरी-** रक्षा नगर कॉलोनी बड़ा पत्थर रांझी निवासी श्री ज्ञानी चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती बाई चौधरी (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रसिद्ध नारायण राम-** कांचघर नई बस्ती निवासी श्री प्रसिद्ध नारायण राम (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजकुमार सेन-** शंकर नगर करमेता निवासी श्री राजकुमार सेन (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जड़ावती मिश्रा-** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी महाराजपुर निवासी श्री राम खिलावन मिश्रा की धर्मपत्नी श्रीमती जड़ावती मिश्रा (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री अंकुश पांडे-** तिलहरी फेस 1 निवासी श्री राम प्रकाश पांडे के पुत्र श्री अंकुश पांडे (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संजय कुरील-** गोरखपुर निवासी श्री संजय कुरील (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती सत्या अग्निहोत्री-** नर्मदा नगर ग्वारीघाट रोड निवासी श्री जीके अग्निहोत्री की धर्मपत्नी श्रीमती सत्या अग्निहोत्री (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175


## खबर संक्षेप

### जोमैटो को 23.26 करोड़ की कर मांग नोटिस




**नई दिल्ली।** ऑनलाइन ऑर्डर देकर खाना मंगाने की सुविधा देने वाले मंच जोमैटो को कर अधिकारियों से 23.26 करोड़ रुपये की कर मांग का नोटिस मिला है। इसमें ब्याज और जुर्माना शामिल है। वह आदेश के खिलाफ उपयुक्त प्राधिकार के समक्ष चुनौती देगी। इस पर ब्याज और जुर्माने के साथ यह 23,26,64,271 रुपये बैठता है।'

### खाद्यतेलों की कम आपूर्ति से कीमतों में आया सुधार



**नई दिल्ली।** देश में आयातित खाद्यतेलों की कम आपूर्ति रहने के बीच बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में सभी तेल-तिलहनों में सुधार आया तथा सरसों, मूंगफली, सोयाबीन तेल तिलहन, कच्चा पामतेल एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल मजबूती के साथ बंद हुए। 16 लाख बोरी से घटकर समीक्षाधीन सप्ताहांत में लगभग साढ़े छह लाख बोरी रह गई।

### एचडीएफसी बैंक बेचेगा एचडीएफसी एजुकेशन




**नई दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक ने एचडीएफसी एजुकेशन एंड डेवलपमेंट सर्विसेज प्राइवेट लि. में अपनी 100 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने का फैसला किया है। बिक्री स्विस चुनौती (बोली प्रक्रिया) के माध्यम से की जाएगी। सूचना के अनुसार, 'इस संबंध में, एचडीएफसी बैंक ने 30 मार्च, 2024 को एक इच्छुक पक्ष के साथ एक बाध्यकारी समझौता किया है।

### बैंक ऑफ इंडिया ने ब्याज दर 0.10 फीसदी बढ़ायी




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया ने कर्ज पर लगने वाले ब्याज दर में 0.10 प्रतिशत की वृद्धि की है। इससे खुदरा समेत अन्य कर्ज महंगे होंगे। भारतीय रिजर्व बैंक पांच अप्रैल को मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा करेगा। बैंक ने उससे पहले ब्याज दर में वृद्धि की है। नई दर एक अप्रैल से प्रभावी होगी।

### एयरटेल की अनुषंगी पर लगा जुर्माना




**नई दिल्ली।** भारती एयरटेल समूह की कंपनी टेलीसोनिक नेटवर्क्स को इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा करने में कथित अनियमितता के लिए जुर्माना लगाया गया है। बेंगलुरु में सहायक वाणिज्यिक कर आयुक्त (ऑडिट) के कार्यालय ने कंपनी की एक अनुषंगी कंपनी के खिलाफ केंद्रीय माल और सेवा कर अधिनियम के तहत एक आदेश पारित किया है।

### जी टीआईसी ने 50 फीसदी कर्मियों को किया बाहर




**नई दिल्ली।** जी एंटरटेनमेंट ने अपने बेंगलुरु स्थित प्रौद्योगिकी और नवोन्मेषण केंद्र (टीआईसी) में लगभग 50 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी की है। कंपनी ने एक विशेष समिति के सुझाव के बाद यह कदम उठाया। इस समिति ने कंपनी के विभिन्न कारोबारी क्षेत्रों का गंभीरता से आकलन किया था। जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने कहा कि प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने लागत दक्ष ढांचा बनाने के लिए टीआईसी के 50 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी की है।

# इलेक्ट्रिक परिवहन को बढ़ावा देने आज से होगी योजना शुरू

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत में इलेक्ट्रिक परिवहन को बढ़ावा देने के लिए 500 करोड़ रुपए की नई योजना सोमवार से लागू होगी और जुलाई के अंत तक जारी रहेगी। इस बीच, देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने और विनिर्माण (फेम-दो) कार्यक्रम का दूसरा चरण 31 मार्च, 2024 को समाप्त हो रहा है।

फेम योजना के तहत सब्सिडी 31 मार्च तक या धन उपलब्ध होने तक बेचे जाने वाले ई-वाहनों के लिए उपलब्ध होगी। देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को अपनाने में और तेजी लाने के लिए भारी उद्योग मंत्रालय ने 500 करोड़ रुपये की इलेक्ट्रिक परिवहन संवर्धन योजना 2024 (ईएमपीएस 2024) शुरू की है।

## योजना पर 500 करोड़ रुपए की राशि होगी खर्च, योजना जुलाई के अंत तक जारी रहेगी

### दोपहिया को मिलेगी 10 हजार की सहायता

ईएमपीएस 2024 के तहत प्रति दोपहिया वाहन पर 10,000 रुपये तक की सहायता प्रदान की जाएगी। इसका उद्देश्य लगभग 3.33 लाख दोपहिया वाहनों के लिए सहायता प्रदान करना है। छोटे तिपहिया वाहनों (ई-रिक्शा और ई-कार्ट) की खरीद पर 25,000 रुपये तक की सहायता दी जाएगी।



### वित्तीय सहायता 50 हजार रु. तक होगी

योजना के तहत 41,000 से अधिक ऐसे वाहनों को प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। बड़े तिपहिया वाहन के मामले में वित्तीय सहायता 50,000 रुपये तक होगी। ईएमपीएस 2024 एक कोष के लिहाज से सीमित अवधि की योजना है।

### उन्नत बैटरी वाहनों को मिलेगा लाभ

मंत्रालय ने कहा था कि उन्नत प्रौद्योगिकियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रोत्साहन का लाभ केवल उन्हीं वाहनों को दिया जाएगा जिनमें उन्नत बैटरी लगी होगी। इस योजना से बड़ी संख्या में रोजगार सृजित होने की भी उम्मीद है।

### दोपहिया व तिपहिया ईवी वाहन आएंगे प्रचलन में

इसमें इलेक्ट्रिक दोपहिया (ई-2डब्ल्यू) और तिपहिया वाहनों को तेजी से अपनाने के लिए चार महीनों यानी एक अप्रैल, 2024 से 31 जुलाई, 2024 तक के लिए 500 करोड़ रुपये का कुल व्यय किया जाएगा।

### योजना का लक्ष्य 3,72,215 ईवी को लाभ पहुंचाना

भारी उद्योग मंत्रालय ने देश में हरित परिवहन व्यवस्था और इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण परिवेश के विकास को और अधिक गति प्रदान करने के लिए 13 मार्च को इसकी घोषणा की।इस योजना का लक्ष्य 3,72,215 इलेक्ट्रिक वाहन को समर्थन देना है।

## समूह ने एक सप्ताह के भीतर 1.2 अरब डॉलर का तांबा संयंत्र खोला

# हिंडनबर्ग प्रभाव से बाहर निकला अदाणी समूह, अब तेजी से विस्तार के रास्ते पर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ऐसा जान पड़ता है कि विभिन्न कारोबार से जुड़ा अदाणी समूह अब पूरी तरह से हिंडनबर्ग प्रभाव से बाहर आ गया है। समूह ने एक सप्ताह के भीतर 1.2 अरब डॉलर का तांबा संयंत्र खोला, ओड़िशा में बंदरगाह खरीदा और सीमेंट कंपनी में हिस्सेदारी बढ़ायी। साथ ही प्रतिद्वंद्वी माने जाने वाली मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ गठजोड़ भी किया है। समूह ने पिछले एक सप्ताह में शेयर बाजारों को दी सूचना और प्रेस विज्ञप्तियों के माध्यम से अपने मुख्य बंदरगाह कारोबार में विस्तार और निवेश, धातु रिफाइनिंग में विविधीकरण, दो साल पुराने सीमेंट क्षेत्र में पूंजी डाले जाने और अपनी वृहत सौर परियोजना के चालू होने के मामले में लगातार हो रही प्रगति की घोषणा की है।

### कंपनी के पास सर्वाधिक 15 निजी बंदरगाह

इसकी शुरुआत 26 मार्च को अदाणी पोर्ट्स के गोपालपुर पोर्ट में 3,350 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर 95 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने की घोषणा के साथ हुई। इससे उसके नियंत्रण में बंदरगाहों की संख्या 15 हो गई। यह देश में किसी भी निजी कंपनी के पास बंदरगाहों की सर्वाधिक संख्या है।

## ओड़िशा में बंदरगाह और सीमेंट कंपनी में हिस्सेदारी बढ़ाई



### दुनिया का सबसे बड़ा तांबा विनिर्माण संयंत्र शुरू



इसके बाद समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लि. ने 28 मार्च को गुजरात के मुंदड़ा में एक ही स्थान पर दुनिया के सबसे बड़े तांबा विनिर्माण संयंत्र के पहले चरण की घोषणा की। यह समूह के धातु शोधन के क्षेत्र में प्रवेश को बताता है। कुल 1.2 अरब डॉलर (लगभग 10,000 करोड़ रुपये) के संयंत्र ने भारत को चीन और अन्य देशों में शामिल होने में मदद की है। ये देश तेजी से तांबे का उत्पादन बढ़ा रहे हैं।

### समूह को एक समय 150 अरब डॉलर का हुआ था नुकसान

इससे समूह की कंपनियों के शेयरों में शेयर भारी गिरावट आई और बाजार मूल्यांकन में एक समय करीब 150 अरब डॉलर का नुकसान हो गया था। हालांकि, समूह ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को सिरे से खारिज करते हुए इसे पूरी तरह से आधारहीन बताया।

- समूह ने अंबानी की रिलायंस के साथ गठजोड़ किया
- मुख्य बंदरगाह कारोबार में विस्तार और निवेश बढ़ाया

*गुजरात में विशाल सौर फार्म का निर्माण : एक दिन बाद, समूह की नवीकरणीय ऊर्जा इकाई अदाणी ग्रीन एनर्जी लि. ने गुजरात के खावड़ा में अपनी 775 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाएं शुरू करने की घोषणा की। खावड़ा वह स्थान है, जहां वह सौर ऊर्जा से 30 गीगावाट क्षमता की बिजली परियोजनाएं स्थापित करने लिए एक विशाल सौर फार्म का निर्माण कर रही है। यह समूह की 2030 तक 45 गीगावॉट क्षमता का लक्ष्य हासिल करने की योजना का हिस्सा है।*

### अंबुजा सीमेंट में हिस्सेदारी बढ़ाकर 66.7 फीसदी की

यह कोयला जैसे जीवाश्म ईंधन के कम उपयोग के लिहाज से महत्वपूर्ण धातु है। ऊर्जा बदलाव के लिहाज से महत्वपूर्ण इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, सौर फोटोवोल्टिक्स (पीवी), पवन और बैटरी सभी में तांबे की आवश्यकता होती है। उसी दिन, समूह के प्रवर्तक गौतम अदाणी और उनके परिवार ने देश की दूसरी सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी अंबुजा सीमेंट्स में हिस्सेदारी बढ़ाकर 66.7 प्रतिशत करने के लिए 6,661 करोड़ रुपये का निवेश की घोषणा की।

# पैनासोनिक बैटरी विनिर्माण के लिए आईओसीएल से हाथ मिलाएगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




- आईओसीएल के साथ एक पक्के समझौते पर हस्ताक्षर किए
- पैनासोनिक सिलेंड्रिकल लिथियम आयन बैटरी बनाएगी

पैनासोनिक समूह 'सिलेनड्रिकल लिथियम-आयन बैटरी' बनाने के लिए देश की सबसे बड़ी तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लि. (आईओसीएल) के साथ संयुक्त उद्यम बनाएगा।

जापान की बहुराष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक कंपनी की समूह कंपनी पैनासोनिक एनर्जी कंपनी लि. ने बयान में कहा कि उसने आईओसीएल के साथ एक पक्के समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। साथ ही 'सिलेनड्रिकल' लिथियम-आयन बैटरी के विनिर्माण के लिए एक संयुक्त उद्यम के गठन को लेकर रूपरेखा तैयार करने को चर्चा शुरू की है।

बयान के अनुसार, 'यह पहल भारतीय बाजार में दो पहिया और तिपहिया वाहनों तथा ऊर्जा भंडारण प्रणालियों के लिए बैटरी की मांग में वृद्धि को देखते हुए की गयी है।' सिलेनड्रिकल लिथियम-आयन बैटरियों का उपयोग आमतौर पर उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, बिजली उपकरण और इलेक्ट्रिक वाहनों में किया जाता है। पैनासोनिक एनर्जी वाहनों के लिए लिथियम-आयन बैटरी बनाने वाली कंपनी है। बयान में कहा गया है कि दोनों कंपनियां भारत में स्वच्छ ऊर्जा में बदलाव को सुविधाजनक बनाने के लिए बैटरी प्रौद्योगिकी के उपयोग के संबंध में व्यवहार्यता अध्ययन में शामिल हैं।

### शुद्ध कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य हासिल करना

बयान के अनुसार कंपनियां इस साल की गर्मियों तक अपने सहयोग के ब्योरे को अंतिम रूप देने का लक्ष्य लेकर चल रही हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की आईओसीएल का लक्ष्य 2046 तक शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन हासिल करने का है। यह 2070 तक पूरे देश के लिए शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन हासिल करने की भारत सरकार की योजना के अनुरूप है।

# एमएसएमई को समय पर भुगतान के लिए नियम आज से प्रभाव में

- भुगतान 45 दिनों में नहीं करती तो कर कटौती का दावा नहीं कर पाएगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




- कंपनी को अधिक कर का भुगतान करना होगा

सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों को समय पर भुगतान के लिए आयकर नियम सोमवार से अमल में आएगा। इसके तहत कंपनियां अगर वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति के लिए एमएसएमई को भुगतान 45 दिनों में नहीं करती हैं, तो भुगतान पर कर कटौती का दावा नहीं कर सकेंगी यानी उन्हें अधिक कर का भुगतान करना होगा। वित्त अधिनियम 2023 के माध्यम से पेश आयकर अधिनियम की धारा 43 बी (एच) के अनुसार यदि कोई बड़ी कंपनी एमएसएमई को समय पर भुगतान नहीं करती है... लिखित समझौतों के मामले में 45 दिनों के भीतर... तो वह उस खर्च को अपने कर योग्य आय से नहीं काट सकती है। इससे उन्हें अधिक कर देना पड़ सकता है। कुछ उद्योग संगठनों ने सरकार से नये भुगतान नियमों के कार्यान्वयन को स्थगित करने का आग्रह किया है। फेडरेशन ऑफ इंडियन माइक्रो एंड स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज (एफआईएसएमई) का कहना कि नए नियम में एमएसएमई के लिए पासा पलटने वाला बनने की क्षमता है। एमएसएमई को डर है कि इस प्रावधान के कारण, बड़े खरीदार एमएसएमई आपूर्तिकर्ताओं के प्रति उदासीन हो सकते हैं। व

## जनवरी-मार्च में आवास बिक्री 12 प्रतिशत घटी : रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट सलाहकार एनारॉक ने कहा है कि जनवरी-मार्च तिमाही में गुरुग्राम में आवास की बिक्री सालाना आधार पर 12 प्रतिशत घट गई, जबकि इस दौरान नोएडा में आवासीय संपत्तियों की बिक्री में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई। एनारॉक के आंकड़ों से पता चला कि इस साल जनवरी-मार्च में गुरुग्राम के प्राथमिक बाजार (पहली बिक्री) में आवास की बिक्री 12 प्रतिशत घटकर 8,550 इकाई रह गई। यह आंकड़ा एक साल पहले इसी अवधि में 9,750 इकाई था। दूसरी ओर नोएडा में इसी अवधि में आवास की बिक्री 19 प्रतिशत बढ़कर 1,600 इकाई हो गई। पिछले साल की इसी अवधि में यह संख्या 1,350 इकाई थी। एनारॉक के वाइस चेयरमैन संतोष कुमार ने कहा कि गुरुग्राम में मांग मजबूत बनी हुई है, लेकिन नई आपूर्ति में गिरावट के कारण बिक्री घट गई। कई बिल्डरों को परियोजनाएं शुरू करने की मंजूरी नहीं मिली है।

# भारतीय विमानन बाजार में स्वस्थ, कड़ी प्रतिस्पर्धा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- इंडिगो के सीईओ पीटर का मानना बाजार किराए के प्रति संवेदनशील
- इंडिगो के पास 60 फीसदी से अधिक घरेलू बाजार हिस्सेदारी

देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के प्रमुख पीटर एल्बर्स ने कहा कि भारतीय बाजार में स्वस्थ और कड़ी प्रतिस्पर्धा है। उन्होंने यह भी कहा कि बाजार किराये के प्रति संवेदनशील है और यहां हवाई यात्रा की भारी मांग है। इंडिगो के पास 60 प्रतिशत से अधिक घरेलू बाजार हिस्सेदारी है और इसके बेड़े में 360 से अधिक विमान शामिल हैं। देश में हवाई यात्रा की भारी मांग है और एयरलाइंस नए गंतव्यों को जोड़कर अपने परिचालन का विस्तार कर रही हैं। हालांकि कुछ क्षेत्रों में खासकर व्यस्त सत्र के दौरान हवाई किराए के अधिक होने को लेकर चिंताएं भी हैं। हाल में एक साक्षात्कार के दौरान एल्बर्स ने कहा कि भारतीय बाजार में स्वस्थ और कड़ी प्रतिस्पर्धा है। इंडिगो के सीईओ ने कहा, भारतीय उपभोक्ता वास्तव में यात्रा करने के लिए उत्सुक हैं, लेकिन वे किराये को लेकर संवेदनशील भी हैं। मैंने देखा है कि जब भी किसी नए मार्ग की घोषणा की जाती है, तो उपभोक्ताओं की ओर से यात्रा करने की भारी मांग होती है।

### कीमतों में कुछ उतार-चढ़ाव होते रहते हैं

एल्बर्स ने कहा, ''भारत वास्तव में एक मूल्य संवेदनशील बाजार है, और हम कीमतों में कुछ उतार-चढ़ाव देखते हैं... ऐसा हम होटलों के लिए देखते हैं, हम इसे अन्य व्यवसायों और एयरलाइंस के लिए भी देखते हैं।'' उन्होंने कहा कि अगर समग्र मूल्य स्तर को देखें, तो भारत दुनिया के कुछ अन्य हिस्सों की तुलना में बहुत प्रतिस्पर्धी है।

# भारत में लक्जरी कारों की बिक्री पहली बार बढ़ी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- ऑडी इंडिया प्रमुख के अनुसार, 2024 में पहली बार 50 हजार इकाई बिकेगी
- लक्जरी कार खंड में सालाना आधार पर बिक्री 28 फीसदी बढ़ी

भारत में बढ़ती मांग के बीच लक्जरी कारों की बिक्री 2024 में पहली बार 50,000 इकाई के आंकड़े को पार कर सकती है। ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने यह बात कही। पिछले साल घरेलू लक्जरी कार खंड में बिक्री सालाना आधार पर 28 प्रतिशत बढ़कर लगभग 48,500 इकाई रही थी। भारत में कुल यात्री वाहन बाजार में लक्जरी गाड़ियों की हिस्सेदारी दो प्रतिशत से भी कम है और यह पिछले एक दशक से कमोबेश इसी स्तर पर है।

ढिल्लों ने कहा, ''बिक्री लगभग 10 प्रतिशत भी बढ़ जाए और हमें वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के स्तर पर व्यवधानों का सामना न करना पड़े, तो हम (वाहन उद्योग) 2024 में पहली बार सालाना आधार पर 50,000 इकाई का आंकड़ा पार कर सकते हैं। भारत में पिछले साल ऑडी की खुदरा बिक्री 89 प्रतिशत बढ़कर 7,931 इकाई थी, जबकि 2022 में यह आंकड़ा 4,187 इकाई थी। यह पूछने पर कि उद्योग सालाना एक लाख इकाई बिक्री का आंकड़ा कब छू सकता है, ढिल्लों ने कहा, ''इस साल अगर हम 50,000 इकाई का आंकड़ा पार करते हैं और आने वाले वर्षों में वृद्धि दोहरे अंक में बनी रहती है तो हम जल्द ऐसा होते हुए देख सकते हैं।''

ढिल्लो ने कहा कि 2023 में दर्ज की गई 28 प्रतिशत वृद्धि की तुलना में इस साल उद्योग की वृद्धि थोड़ी धीमी हो सकती है। ऑडी इंडिया के प्रमुख ने कहा कि इस साल उद्योग को वृद्धि की उम्मीद है, यह दहाई अंकों में होगी, लेकिन बहुत अधिक नहीं।

### कंपनी के देश में 25 शोरूम

ढिल्लों ने कहा कि उद्योग को जनवरी-मार्च तिमाही में आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि पिछले साल हमारे पास 25 शोरूम थे और इस साल के अंत तक हमारा लक्ष्य इस आंकड़े को 30 तक ले जाने का है।

# यूएसएसडी आधारित कॉल फॉलवर्डिंग 15 से होगी बंद



**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने दूरसंचार कंपनियों से 15 अप्रैल से यूएसएसडी-आधारित कॉल फॉरवर्डिंग को बंद करने के लिए कहा है। एक आधिकारिक आदेश में यह भी कहा गया कि वैकल्पिक तरीके के जरिये इन सेवाओं को फिर से चालू किया जा सकता है। मोबाइल फोन के जरिये होने वाली धोखाधड़ी और ऑनलाइन अपराधों पर लगाम लगाने के लिए इस संबंध में एक आधिकारिक आदेश जारी किया गया है। मोबाइल ग्राहक अपने फोन स्क्रीन पर कोई भी सक्रिय कोड डायल करके यूएसएसडी सेवा का उपयोग करते हैं। इस सेवा का इस्तेमाल अक्सर आईएमईआई नंबर और मोबाइल फोन शेष राशि समेत अन्य जानकारी पता लगाने के लिए किया जाता है। विभाग ने 28 मार्च के एक आदेश में कहा कि उसके संज्ञान में आया है कि एसएसएसडी (अनस्ट्रक्चर्ड सप्लीमेंट्री सर्विस डेटा) आधारित कॉल फॉरवर्डिंग सुविधा का दुरुपयोग कुछ अनुचित गतिविधियों के लिए किया जा रहा है।

# एनटीपीसी ने बरौनी स्टेज-1 परियोजना को बंद किया




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की एनटीपीसी ने 220 मेगावाट क्षमता की बरौनी तापीय बिजलीघर स्टेज-1 को स्थायी रूप से बंद कर दिया है। कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार देश की सबसे बड़ी बिजली कंपनी एनटीपीसी की कुल स्थापित क्षमता 75,1418 मेगावाट है। इसमें संयुक्त उद्यम की स्थापित क्षमताएं शामिल हैं। एनटीपीसी ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, 'एनटीपीसी बरौनी तापीय बिजलीघर स्टेज- 1 (110-110 मेगावाट की दो इकाइयों) के परिचालन को 31 मार्च, 2024 से स्थायी रूप से बंद कर दिया जाएगा। इस बिजलीघर में 110 मेगावाट की दो इकाइयां (यूनिट 6 और 7) हैं...।'

## एमपीसी की तीन दिवसीय बैठक 3 अप्रैल से होगी शुरू

# आरबीआई इस बार नीतिगत दर को रख सकता है यथावत

एजेंसी ▸▸ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक इस सप्ताह पेश मौद्रिक नीति समीक्षा एक बार फिर नीतिगत दर को यथावत रख सकता हैं।

- विशेषज्ञों ने इसका प्रमुख कारण आर्थिक वृद्धि को लेकर चिंता दूर होना बताया

इसका कारण आर्थिक वृद्धि को लेकर चिंता दूर होने और इसके करीब आठ प्रतिशत रहने के साथ केंद्रीय बैंक का अब और अधिक जोर मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत के लक्ष्य पर लाने पर हो सकता है। विशेषज्ञों ने यह बात कही। साथ ही नीतिगत दर पर निर्णय लेने वाली आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) अमेरिका और ब्रिटेन जैसे कुछ विकसित देशों के केंद्रीय बैंकों के रुख पर गौर कर सकती है। ये केंद्रीय बैंक नीतिगत दर में कटौती को लेकर स्पष्ट रूप से 'देखो और इंतजार करो' का रुख अपना रहे हैं।

*स्विट्जरलैंड पहली बड़ी अर्थव्यवस्था : विकसित देशों में स्विट्जरलैंड पहली बड़ी अर्थव्यवस्था है जिसने नीतिगत दर में कटौती की है। वहीं दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जापान आठ साल बाद नकारात्मक ब्याज दर की स्थिति को समाप्त किया है।*




### मुद्रास्फीति अभी पांच फीसदी के दायरे में

बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, 'मुद्रास्फीति अभी भी पांच प्रतिशत के दायरे में है और खाद्य मुद्रास्फीति के मोर्चे पर भविष्य में झटका लगने की आशंका है, इसको देखते हुए एमपीसी इस बार भी नीतिगत दर और रुख पर यथास्थिति बनाए रख सकता है।'

### समीक्षा की घोषणा पांच अप्रैल को होगी

रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास की अध्यक्षता वाली एमपीसी की तीन दिवसीय बैठक तीन अप्रैल को शुरू होगी।मौद्रिक नीति समीक्षा की की घोषणा पांच अप्रैल को की जाएगी। यह वित्त वर्ष 2024-25 की पहली मौद्रिक नीति समीक्षा होगी। एक अप्रैल, 2024 से शुरू वित्त वर्ष में एमपीसी की छठ बैठकें होगी।

### आर्थिक वृद्धि उम्मीद से बेहतर रही

सबनवीस ने कहा, 'वित्त वर्ष 2023-24 में आर्थिक वृद्धि उम्मीद से कहीं बेहतर रही है और इसीलिए केंद्रीय बैंक को इस मामले में चिंताएं कम होंगी और वह मुद्रास्फीति को लक्ष्य के अनुरूप लाने पर ज्यादा ध्यान देना जारी रखेगा।' देश की आर्थिक वृद्धि दर वित्त वर्ष 2023-24 की दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत रही।

## चिंतन

# राजग व इंडिया की रैली से बढ़ीं सियासी गर्मियां

आज सत्ता पक्ष और विपक्ष ने एक साथ मिशन 2024 के लिए अपने-अपने चुनाव प्रचार अभियान का आगाज किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यूपी के मेरठ से तो विपक्ष ने नई दिल्ली के रामलीला मैदान से जनता से संवाद किया। पीएम मोदी ने अपने जनसंबोधन में जहां कांग्रेस के भ्रष्ट अतीत, परिवारवाद व विफलता पर करारा वार किया और मोदी 3:0 का रोडमैप पेश किया, जिसमें भारत को विकास के अगले चरण में ले जाने की रूपरेखा है, वहीं विपक्षी नेताओं के संबोधन के केंद्र में पीएम मोदी व भाजपा पर प्रहार और संविधान व लोकतंत्र पर खतरा आदि ही रटे-रटाए आरोप रहे। रामलीला मैदान में जिस तरह अरविंद केजरीवाल व हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में इंडी गठबंधन के 27 दलों के नेता एक मंच पर आए, और विपक्षी एकजुटता का परिचय दिया, उससे लगा कि 'इंडिया' मिशन 2024 के लिए कोई रोडमैप पेश करेगा। कम से कम कांग्रेस से तो ऐसी उम्मीद थी। लेकिन यह विपक्ष का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि उसने नेता, नीति, नए एजेंडे आदि पर कुछ भी नहीं कहा। अब जबकि लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण का मतदान महज 19 दिन बाद ही होना है, ऐसे में इंडी गठबंधन 273 का जादुई आंकड़ा कैसे पार करेगा, गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री कौन होगा, गठबंधन के अंदर सीट बंटवारे को लेकर चल रही खींचतान कैसे सुलझेगी, चुनाव प्रचार अभियान किस तरह चलेगा, घोषणा-पत्र इंडिया का होगा या कांग्रेस का, विकास की कार्ययोजना क्या होगी, रोजगार सृजन का एजेंडा क्या होगा, महंगाई थामने की नीति क्या होगी, आंतरिक व बाह्य सुरक्षा पर नीति क्या होगी, विदेश नीति व आर्थिक नीति क्या होगी, जाति गणना से क्या हासिल होगी, भ्रष्टाचार का खात्मा कैसे होगा आदि पर स्पष्ट रूप से बात होनी चाहिए थी। इंडिया के लिए यह रैली एक अच्छा मौका था, जतना के सामने अपना एजेंडा रखने का, पर विपक्ष मोदी व भाजपा विरोध सिंड्रोम से बाहर निकल ही नहीं पा रहा है। घूम फिरकर विपक्ष एक ही राग अलापता रहता है कि लोकतंत्र और संविधान खतरे में है। रामलीला मैदान से 'इंडिया' गठबंधन ने पांच सूत्री मांगें रखी हैं। ये हैं- केजरीवाल व हेमंत सोरेन की रिहाई, लोकसभा चुनाव में समान अवसर, जांच एजेंसियों की कार्रवाई रोकने, विपक्षी दलों का आर्थिक रूप से गला घोंटने और चुनावी चंदे व मनी लांड्रिंग की जांच के लिए एसआईटी का गठन। इन मांगों में कहीं से भी राष्ट्रीय राजनीतिक दृष्टिकोण नहीं है। क्या कांग्रेस, सपा, राजद, एनसी, एनसीपी (पवार), शिवसेना (उद्धव), डीएमके, झामुमो आदि दल परिवारवाद, वंशवाद से मुंह मोड़ सकते हैं? क्या कांग्रेस के समय कोल, टूजी, आदर्श, राष्ट्रमंडल खेल आदि घोटाले नहीं हुए, क्या एनसीपी-कांग्रेस सरकार के समय महाराष्ट्र में सिंचाई घोटाला नहीं हुआ, क्या चारा घोटाला नहीं हुआ? क्या झारखंड में जमीन घोटाला नहीं हुआ? क्या दिल्ली में शराब नीति घोटाला नहीं हुआ? तो क्या सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ एक्शन नहीं लेगी? विपक्ष के मंच पर जितने भी नेता जुटे, उन्हें खुद के कृत्यों पर आत्मचिंतन करना चाहिए। इंडी गठबंधन के दल या तो परिवारवादी-वंशवादी है या व्यक्तिवादी। विपक्षी दल, नेता और विपक्षी गठबंधन किसी भी रूप में कोई राजनीतिक उम्मीद नहीं जगाते हैं, लगता है सब केवल और केवल सत्ता पाने के लिए इकट्ठे हुए हैं और इसलिए वे केवल पीएम मोदी व भाजपा पर आरोप लगाते हैं। बेहतर होगा कि विपक्षी गठबंधन जनता का विश्वास जीतने के लिए राष्ट्र निर्माण का एजेंडा प्रस्तुत करें। एक ही दिन राजग व इंडिया की रैली से राजनीतिक सरगर्मियां जरूर तेज हो गई हैं।



विवेचना
प्रो. नीलम महाजन सिंह

# दिल्ली शराब नीति घोटाले का 'सच'

**अरविंद केजरीवाल को सन्नी मारवाह के बयान पर ईडी के 9 सम्मन भेजे जाने के बाद, उन्हें गिरफ़्त में लिया है। पहले कांग्रेस, आम आदमी पार्टी पर 'भ्रष्टाचारी' होने के आरोप लगा रही थी, अब दिल्ली के चुनावों में, 'आप' की सहयोगी दल है। जिन राज्यों में शराब निषेध का कानून लगाया है, वहां राजस्व नुकसान तथा निजी हाथों में काला धन जमा होने के प्रमाण है। सच तो यह है कि किसी भी राज्य में सरकारी नीतियों में पारदर्शिता नहीं है। फ़िर 2024 के आम चुनावों में, अरविंद केजरीवाल, इंडी गठबंधन के प्रबल प्रवक्ताओं में हैं, तथा उनकी ज़मानत कब होगी, यह देखना होगा। यह राजनीतिक पसोपेश हैं, जो जनता के मूल मुद्दों से सम्बंधित नहीं हैं।**

हर राजनीतिक दल को पार्टी चलाने के लिए धन की आवश्यकता होती है। यही औद्योगिक भ्रष्टाचार का मुख्य कारण है। 21 मार्च 2024, को अरविंद केजरीवाल, दिल्ली के मुख्यमंत्री को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया। संजय सिंह को 4 अक्टूबर 2023 व मनीष सिसौदिया को 26 फरवरी 2023 को पहले ही गिरफ्तार किया गया है। 'दिल्ली शराब घोटाला' दिल्ली सरकार से संबंधित एक राजनीतिक घोटाला है, जिसने 2021 से 2022 तक दिल्ली की उत्पाद शुल्क नीति की शुरूआत के माध्यम से अपना मार्ग प्रशस्त किया। यह नीति निजी फर्मों व उद्यमशील कंपनियों को खुदरा शराब क्षेत्रों में ले आई। आरोपों में निजी क्षेत्रों के मालिकों व शेयरधारकों को लाभ पहुंचाने, लाइसेंस शुल्क में छूट, कटौती के साथ नए उद्यमियों को कई लाइसेंस देना शामिल हैं।

दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी द्वारा बनाई गई उत्पाद शुल्क नीति 2021-22 ने इसे उत्पाद शुल्क व खुदरा शराब क्षेत्र में सुधार के रूप में पेश किया, जिससे राजस्व में 9,500 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। इस नीति को कैबिनेट के मंत्रियों के एक समूह द्वारा तैयार किया गया था। जब अंतिम ड्राफ्ट मंजूरी के लिए, दिल्ली के उपराज्यपाल के सामने लाया गया तो उन्होंने इस शर्त के साथ बिल को मंजूरी दे दी कि गैर-पुष्टि क्षेत्रों में नई शराब की दुकानें केवल दिल्ली नगर निगम की अनुमति से ही खोली जा सकेंगी। नवंबर 2021 में, दिल्ली के एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि 'पहली बार सभी सरकारी स्वामित्व वाली शराब की दुकानें बंद होने जा रही हैं व इसे पूरी तरह से निजी व्यावसायिक खिलाड़ियों को स्थानांतरित कर दिया गया है।' बाद में नई नीति वापस ले ली गई। आखिर क्या है दिल्ली शराब घोटाले की पृष्ठभूमि? दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, जिनके पास उत्पाद शुल्क विभाग भी था, दिल्ली की उत्पाद शुल्क नीति (2021-22) लेकर विधानसभा में आए। नीति के अनुसार इस में दिल्ली सरकार के बाहर निकलने व खुदरा एमआरपी शराब क्षेत्रों पर उसकी पकड़ कर ली। विधेयक ने निजी क्षेत्रों और उद्यमों को शराब व्यवसाय के क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए आमंत्रित किया, जिसका उद्देश्य उत्पाद शुल्क विभाग के राजस्व को बड़े प्रतिशत से अधिक बढ़ाना है। इससे नए विक्रेताओं व दुकानों को 'लीवरेज्ड लाइसेंसिंग और अधिकार प्रमाणपत्र' प्रदान किए गए। दिल्ली को 32 क्षेत्रों में वर्गीकृत किया गया, जिसमें 8-10 वार्ड शामिल थे, जिनमें से प्रत्येक में लगभग 27 आउटलेट, वितरण ठेके होंगे। इसका मतलब था कि प्रत्येक नगरपालिका वार्ड में 2-3 शराब विक्रेता कार्यरत हैं। केजरीवाल सरकार ने यह भी कहा कि वे 'शराब माफिया को खत्म कर देगी' व नई दुकानों पर जाने वाले उपभोक्ताओं के अनुभव को बेहतर बनाएगी। आउटलेट्स की उपस्थिति के लिए भी दिशा निर्देश जारी किए गए थे। निजी शराब की दुकानों को ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए एमआरपी पर छूट देने की अनुमति दी गई व सुबह 3 बजे तक शराब की डिलीवरी करने का प्रावधान दिया गया। इस बिल को आगे उपराज्यपाल के हस्ताक्षर व अनुमोदन के लिए



भेजा गया, जिसे उप-राज्यपाल ने अनधिकृत क्षेत्रों पर कुछ शर्तों के साथ हस्ताक्षरित कर पारित कर दिया। सच तो यह है कि इससे आम जन अधिक शराब खरीदने लगा। आम आदमी पार्टी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं। ईडी ने दावा किया है कि के कविता ने शराब घोटाले में लाभ पाने के लिए अरविंद केजरीवाल व मनीष सिसौदिया समेत अन्य शीर्ष नेताओं के साथ मिलकर साजिश रची थी। कविता और कुछ अन्य लोगों पर 'आप' को 100 करोड़ रुपये देने के आरोप हैं।


अरविंद केजरीवाल की गिरफ़्तारी शिकायतों के एक समूह पर आधारित है, जिनमें से 1 जून 2022, में दिल्ली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष, चौधरी अनिल कुमार द्वारा दिल्ली पुलिस में दायर की गई आपराधिक शिकायत है। सरकार को विपक्षी भाजपा व कांग्रेस से कड़ी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा, जिसमें कहा गया कि, सरकार ने पैसे के बदले सभी लाइसेंस बेच दिए हैं। ये आरोप लगाये गए कि सरकार ने उत्पाद शुल्क विभाग को पूरी तरह से निजी एजेंसियों को सौंप दिया है। कथित तौर पर शराब लाइसेंस धारकों को उनकी मर्ज़ी के मुताबिक एक्सटेंशन दिया गया। यह आरोप भी लगाया कि नई नीतियां उत्पाद शुल्क नीतियों के विपरीत हैं। विपक्ष ने इसकी जांच के लिए केंद्रीय एजेंसियों से हस्तक्षेप की मांग की। मनीष सिसौदिया ने कहा, 'नई नीति के तहत अनाधिकृत क्षेत्रों सहित 849 नए आउटलेट खोले जाने हैं, जिसे राज्यपाल ने भी मंजूरी दे दी है।' राज्य की विपक्षी भाजपा ने एक स्टिंग ऑपरेशन वीडियो भी जारी किया, जहां एक व्यापारी, एफआईआर में आरोपी सन्नी मारवाह के पिता ने नई नीति के तहत इसे उत्पाद शुल्क बताते हुए धन इकट्ठा किया जाने का धांधली मामला बताया। भाजपा आईटी सेल ने वीडियो जारी किया व अधिकारियों द्वारा बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार व रिश्वतखोरी की आवाज़ उठाई कि दिल्ली सरकार में बिचौलियों व माफियाओं का नियंत्रण है। जब यह बात इतनी आगे तक बढ़ गई तो उपराज्यपाल विनय कुमार की एंट्री स्वाभाविक थी। मनीष सिसौदिया ने राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना पर आरोप लगाया कि उन्होंने 2016 में एक सरकारी खादी निकाय के अध्यक्ष रहते हुए 1,400 करोड़ रुपये के विमुद्रीकृत नोटों का आदान-प्रदान किया था। सक्सेना ने इसे निराधार बताते हुए आपत्ति व्यक्त की। उन्होंने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सरकार को इन तुच्छ व्यवहारों व बयानों से दूर रहने की सलाह दी। अब सीबीआई व ईडी की छापेमारी आरंभ हो गई। 20 अगस्त 2022 को सीबीआई ने आरोप निर्धारित करने के लिए डिप्टी सीएम सिसौदिया के आवासों व इस मामले से जुड़े नौकरशाहों पर छापेमारी की। 6 सितंबर 2022 को ईडी ने देशभर में 40 जगहों पर छापेमारी की। इस मामले में अब तक कुल 18 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

यह सत्य है कि सन्नी मारवाह के बयान पर अरविंद केजरीवाल को ईडी के 9 सम्मन भेजे जाने के बाद, उन्हें गिरफ़्त में लिया है। पहले कांग्रेस, जो आम आदमी पार्टी पर 'भ्रष्टाचारी' होने के आरोप लगा रही थी, अब दिल्ली के चुनावों में, 'आप' की सहयोगी दल है। जिन राज्यों में शराब निषेध का कानून लगाया है वहां राजस्व नुकसान हो कर, निजी हाथों में काला धन जमा होने के प्रमाण है। सच तो यह है कि किसी भी राज्य में सरकारी नीतियों में पारदर्शिता नहीं है। फ़िर 2024 के आम चुनावों में, अरविंद केजरीवाल, इंडी गठबंधन के प्रबल प्रवक्ताओं में हैं, तथा उनकी ज़मानत कब होगी, यह देखना होगा। क्या ऐसा हो सकता है कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ़्तारी उनके लिए जनता में राजनीतिक सहानुभूति उत्पन करे? इसकी उम्मीद कम है। शीघ्र ही दिल्ली में राष्ट्रपति शासन भी लागू किया जा सकता है। यह सब राजनीतिक पसोपेश हैं। देखने वाली बात है कि अरविंद की गिरफतारी का चुनाव पर क्या असर पड़ता है?

(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार, राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## योग के सूत्र मानव जीवन का आधार



संकलित
चिंतन

योग प्राचीन काल से भारतीय आध्यात्मिक संचेतना का केंद्र रहा है। इसके आदिम सूत्रधार परमयोगी भगवान शिव हैं। योग शब्द का प्रयोग विभिन्न अर्थों में होता रहा है। समाधि अर्थ में इसका प्रयोग आत्मा और परमात्मा के मिलन के लिए किया जाता है, जब साधक अपनी साधना की चरमावस्था में परमात्मा से एकाकार होकर उसका साक्षात्कार कर लेता है। अग्निपुराण में भी मन एवं आत्मा तथा आत्मा और परमात्मा के संयोग को योग कहा गया। सांख्यदर्शन के अनुसार प्रकृति और पुरुष का भेद होने पर भी पुरुष का आत्मस्वरूप में स्थित हो जाना योग कहलाता है। कठोपनिषद् के अनुसार, जब इंद्रियां मन के साथ और मन अविचल बुद्धि के साथ स्थिर हो जाता है तो यह अवस्था योग की होती है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने 'योगः कर्मसु कौशलम्' कहकर योग का जो स्वरूप अजरुन के समक्ष प्रस्तुत किया है वह सामान्य जन के सर्वाधिक निकट है। कोई भी मनुष्य एकाग्रचित्त होकर निष्काम भाव से कर्म करते हुए योग को सिद्ध कर सकता है। योगसूत्र के प्रणोता महर्षि पतंजलि संयमन अर्थ में चित्तवृत्तियों के निरोध को योग कहते हैं। उनके अनुसार यम, नियम, आसन, ध्यान, धारणा आठ अंगों से संपन्न प्राणायाम की क्रियाएं योग कहलाती हैं। इससे चित्त की एकाग्रता बढ़ती है। बुद्धि में स्थिरता आती है। चिंतन उत्कृष्ट होता है। मन में सद्विचारों का उदय होता है। नकारात्मक प्रवृत्तियां स्वतः समाप्त हो जाती हैं।

## कभी पद और धन का घमंड न करें



संकलित
प्रेरणा

देवताओं के कोषाध्यक्ष को एक दिन अपने पद और धन का घमंड हो गया है। इसी घमंड में वे शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी को सपरिवार अपने महल में खाने के लिए निमंत्रण दिया। शिवजी ने कहा कि मैं तो कहीं आता-जाता नहीं हूं, आप एक काम करें, गणेश को अपने साथ ले जाएं। खाने का निमंत्रण पाकर गणेश जी कुबेर के महल पहुंच गए। कुबेर ने उनके लिए बहुत सारा खाना बनवाया। गणेश जी खाने बैठे तो वे खाए जा रहे थे, थोड़ी ही देर में कुबेर की रसोई का पूरा खाना खत्म हो गया। गणेश जी ने और खाना मांगा। कुबेर ये देखकर घबरा गए। गणेश जी बार-बार खाना मांग रहे थे। कुबेर ने गणेश जी के सामने हाथ जोड़ लिए और कहा कि अब तो मेरे घर का सारा खाना खत्म हो गया है। गणेश जी ने कहा कि लेकिन मेरी भूख तो अभी शांत ही नहीं हुई है। मुझे अपने रसोईघर में ले चलो। कुबेर गणेश जी को रसोईघर में ले गए तो वहां रखी सभी चीजें गणेश खा गए। उन्होंने शिव जी को पूरी बात बता दी। शिव जी ने गणेश जी से कहा कि जाओ, माता पार्वती को बुलाकर लाओ। मां पार्वती को देखकर गणेश ने कहा कि मां, कुबेर देव के खाने से मेरी भूख शांत नहीं हुई है। पार्वती अपने रसोईघर में गईं और खाना बनाकर ले आईं। उन्होंने जैसे ही गणेश जी को अपने हाथ से खाना खिलाया तो गणेश तृप्त हो गए। मां और खिलाने लगी तो गणेश जी ने कहा, मां मेरा पेट भर गया है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अभद्र भाषा का प्रयोग क्यों


देश में आम चुनाव का मौसम है। राजनीतिक दल मतदाताओं को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं, लेकिन कुछ राजनेता अभद्र, बेतुकी बयानबाजी भी इस दौरान करते हैं। हाल ही में कंगना रनौत और ममता बनर्जी के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग हुआ, वो मामला सुर्खियों में है। सुप्रिया श्रीनेतद्वारा कंगना रनौत पर जो भद्दी टिप्पणी का मामला सामने आया है, उसके लिए सुप्रिया श्रीनेत ने स्पष्ट किया है कि यह टिप्पणी उनके द्वारा नहीं कि गई है। उन्होंने कहा कि उनके सोशल मीडिया अकाउंट को बहुत से लोग प्रयोग करते हैं।

*- शेखर रावत, धमतरी*

## करंट अफेयर

### पाकिस्तान के पीएम ने रेड कारपेट के इस्तेमाल पर लगाई रोक

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने देश में आर्थिक संकट के चलते फिजूलखर्ची को कम करने के प्रयासों के तहत सरकारी कार्यक्रमों में 'रेड कारपेट' के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है और केवल राजनयिकों के स्वागत कार्यक्रम में ही इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा। शरीफ ने सरकारी कार्यक्रमों में मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के दौरे के दौरान 'रेड कारपेट' के इस्तेमाल पर नाराजगी व्यक्त की। मंत्रिमंडल मामलों के प्रभाग के मुताबिक प्रधानमंत्री के निर्देश पर 'रेड कारपेट' के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। प्रभाग की अधिसूचना के अनुसार प्रधानमंत्री ने निर्देश दिया है कि भविष्य में सरकारी कार्यक्रमों में मंत्रियों और अधिकारियों के लिए 'रेड कारपेट' का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' अखबार की खबर के अनुसार हालांकि, इसका इस्तेमाल केवल विदेशी राजनयिकों के लिए एक प्रोटोकॉल के रूप में किया जा सकेगा। फिजूलखर्ची को कम करने के प्रयासों के तहत पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री शरीफ और मंत्रिमंडल के सदस्यों ने अपनी इच्छा से वेतन तथा भत्ते नहीं लेने का फैसला किया था।



## ऑफ बीट

### बचा खाना सेवन के लिए सुरक्षित कैसे तय करें

बचे हुए खाने को खाना पैसे बचाने, व्यंजनों में विविधता लाने और भोजन की बर्बादी को कम करने का एक शानदार तरीका हो सकता है। मगर बचा हुआ भोजन खाना जोखिम भरा भी हो सकता है, क्योंकि यह जीवाणु के संपर्क में भी आ जाता है। अगर आपने बचे हुए खाने को सही तरीके से नहीं रखा और सही तरीके से गर्म नहीं किया तो आप विषाक्त भोजन की चपेट में आ सकते हैं, जो जानलेवा भी हो सकता है। इसका मतलब यह नहीं है कि आप बचे हुए भोजन को खाना छोड़ दें। खाने को ठीक रखने के लिए सही तरीकों का पालन कर आप यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि जब आप बचा हुआ भोजन करें तो आप सुरक्षित रहें। बचे हुए भोजन को कितनी जल्दी फ्रिज में रखा जाए? हमारी दुनिया में जीवाणु हर जगह मौजूद हैं, जिनमें रसोई और उनके भीतर रखे खाद्य पदार्थ भी शामिल हैं। भोजन को खराब करने वाले जीवाणु पोषक तत्वों, नमी और तापमान के साथ तेजी से बढ़ सकते हैं। कुछ की संख्या 20 मिनट में दोगुनी हो जाती है। यह अहम है कि बचे हुए खाने को यथाशीघ्र और अधिकतम दो घंटे के अंदर फ्रिज या फ्रीजर में रख देना चाहिए। समय को लेकर दी गई यह सलाह इस बात पर आधारित है कि फ्रिज के बाहर के तापमान पर भोजन में जीवाणु कितनी तेजी से बढ़ सकते हैं।



लोकसभा चुनाव
चेतनादित्य आलोक




# ठाकरे बनाम ठाकरे की तैयारी

लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के बाद महाराष्ट्र के दोनों प्रमुख गठबंधनों राजग और महाविकास आघाड़ी(एमवीए) के बीच राजनीतिक संग्राम दिनोंदिन तेज होता जा रहा है। भाजपा की ओर से चली गई महज एक चाल में ही समस्त विपक्षी पार्टियों के हौसले पस्त प्रतीत होते हैं। दरअसल, भाजपा ने राज ठाकरे नीत महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) से चुनावी तालमेल कर तमाम राजनीतिक समीकरणों को धराशायी कर दिया है। राज ठाकरे के राजग में आ जाने के बाद शिवसेना (यूबीटी) पर महाविकास आघाड़ी की नीतियों और एजेंडे को छोड़ने तथा अपने राजनीतिक एजेंडे में 'हिंदुत्व' एवं' मराठी मानुस'को शामिल करने का दबाव काफी बढ़ गया है, क्योंकि ऐसा नहीं करने पर हिंदुत्व एवं मराठी मानुस के प्रभाव वाली सीटों पर मनसे, शिंदे गुट और राजग के मैदान मार ले जाने की पूरी संभावना है। वास्तव में ये ही वे मुद्दे हैं, जिनको आधार बनाकर शिवसेना दो-फाड़ हुई थी। बहरहाल इसी दबाव के कारण ही महाविकास आघाड़ी के सभी दल 2024 के दंगल में एकला चलो की नीति अपनाने पर मजबूर हुए हैं। लोकसभा चुनाव से पहले शिवसेना (यूबीटी) का महाविकास आघाड़ी से अलग होना निश्चित ही था, क्योंकि राज ठाकरे के भाजपा के साथ आ जाने से उसकी 'हिंदुत्व' एवं 'मराठी मानुस' वाली राजनीति के समाप्त होने का खतरा मंडराने लगा था। वहीं, दूसरी ओर महाविकास आघाड़ी के इस आंतरिक बिखराव को रोकने के लिए शरद राव पवार की बेटी और एनसीपी (शरदचंद्र पवार) की नेता सुप्रिया सुले ने राज को महाविकास आघाड़ी में आने का न्योता देकर ठाकरे बंधुओं की लड़ाई का लाभ भाजपा को लेने से रोकने की भरपूर कोशिश की, किंतु बात नहीं बन सकी। हालांकि राज को सुप्रिया के बुलावे पर संजय राउत ने तंज कसते हुए सुप्रिया से अवश्य पूछ लिया कि क्या पवार साहब इस बात पर सहमत हैं। तात्पर्य यह कि महाराष्ट्र में अब यह सुनिश्चित हो चुका है कि 2024 के दंगल में 'ठाकरे बनाम ठाकरे' होकर ही रहेगा। शिवसेना के पुराने समर्थकों के एक बड़े समूह का झुकाव तो पहले ही शिंदे के आने से राजग की तरफ हो चुका है, अब राज ठाकरे के आ जाने से भाजपा उद्धव ठाकरे को मिलने वाली सहानभूति वोटों को भी अपनी ओर करने में सफल हो सकती है। ऐसी स्थिति में उद्धव ठाकरे की शिवसेना से शिफ्ट होने वाले मराठी वोटरों के लिए दो ही विकल्प दिखाई देते हैं- या तो वे राज ठाकरे का नेतृत्व स्वीकार कर मनसे के प्रत्याशी को वोट करें अथवा शिवसेना के शिंदे गुट के पाले में शिफ्ट हो जाएं। दोनों ही स्थितियों में राजग को फायदा होगा। राज ठाकरे की आक्रमक छवि का चुनावी लाभ भी भाजपा को मिलने की संभावना है। वहीं, राज ठाकरे को अपने पाले में करके शिवसेना शिंदे गुट की ज्यादा लोकसभा सीटों की मांग वाली 'प्रेशर पॉलिटिक्स' की काट भी भाजपा ने ढूंढ निकाली है। तात्पर्य यह कि एकनाथ शिंदे ने यदि अधिक मोल-भाव किया और भाजपा ने उन्हें गठबंधन से बाहर का रास्ता दिखा दिया तो वे कहीं के नहीं रहेंगे, यह उन्हें भी पता है। राज ठाकरे ने राजग में शामिल होने के बाद लोकसभा की दो सीटें मांगी हैं-दक्षिण मुंबई और शिरडी की। मराठी वोट की प्रखर राजनीति करने के कारण राज ठाकरे को उम्मीद है कि उनकी पार्टी मराठी बहुल दक्षिण मुंबई क्षेत्र में जीत दर्ज कर सकती है और कमोबेश ऐसी ही स्थिति शिरडी लोकसभा क्षेत्र की भी है। फिलहाल दक्षिण मुंबई क्षेत्र से निर्वाचित सांसद अरविंद सावंत हैं, जो शिवसेना (यूबीटी) से आते हैं। पार्टी ने एक बार फिर उन्हें ही इस सीट से प्रत्याशी घोषित किया है। यह समझना मुश्किल नहीं है कि दक्षिण मुंबई क्षेत्र में चुनाव लड़ाने के लिए भाजपा को भी एक ऐसे नेता की तलाश थी, जो मराठी वोटरों की राजनीति करने के लिए जाना जाता हो, ताकि आगामी लोकसभा चुनाव में शिवसेना (यूबीटी) से छीन कर भाजपा वह सीट अपने पाले में कर सके। राज ठाकरे के लिए भी दक्षिण मुंबई और शिरडी की सीटों पर जीत सुनिश्चित करना अब पहले की अपेक्षा आसान हो जाएगा, क्योंकि राजग में आ जाने के बाद राज ठाकरे के सामने केवल शिवसेना (यूबीटी) ही होगी, जबकि भाजपा के साथ तालमेल नहीं होने की स्थिति में उन्हें तिहरा प्रहार झेलना पड़ता-भाजपा और शिवसेना शिंदे गुट वाले राजग गठबंधन का, शिवसेना (यूबीटी) एवं एनसीपी का। संभवतः इस त्रिकोणीय मुकाबले में राज ठाकरे का चुनाव जीत पाना बेहद मुश्किल हो जाता, क्योंकि भाजपा के सहयोगी शिवसेना शिंदे गुट तथा शिवसेना (यूबीटी) के नेता भी हिंदुत्व एवं मराठी वोटरों की राजनीति करने के लिए ही जाने जाते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## ट्रेंड

### कांग्रेस की गलतियां महंगी पड़ी



कांग्रेस पार्टी की रणनीतिक गलतियां और भूलों की कीमत भारत और भारतीयों को महंगी पड़ी है। कच्चातिवू भारत की क्षेत्रीय अखंडता के प्रति कांग्रेस के बचकाने दृष्टिकोण का एक और कठोर सत्य है। ऐसी पार्टी को कभी भी भारत के हितों की रक्षा करने का काम नहीं सौंपा जा सकता।

**-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री**

### संसार परिवर्तनशील



यह संसार नश्वर और नित्य परिवर्तनशील है। यहां कुछ भी स्थायी नही है। इस मरणधर्मा संसार की भांति यहाँ के वस्तु पदार्थ भी नाशवान है। इंद्रियां और मन जिन विषयों में आसक्त हैं, वे सभी विषय और उनके रस एक जैसे नहीं है।

**-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु**

### देश को बचाने का चुनाव



मोदी 'मैच फिक्सिंग' से चुनाव जीत कर संविधान बदलना चाहते हैं। वीएम के दम पर 400 पार का नारा लगा रहे हैं। जबकि हकीकत में सब मिला कर भी वह 180 पार करने की हालत में नहीं हैं। यह चुनाव सिर्फ सरकार बनाने का नहीं है, यह देश को बचाने का चुनाव है।

**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### चरित्र निर्माण पर ध्यान दें



आपका चरित्र वही है जो आप हैं। आपकी प्रतिष्ठा वह है जो दूसरे आपके बारे में सोचते हैं। आप यह नियंत्रित नहीं कर सकते कि दूसरे क्या सोचते हैं। इसलिए अपने चरित्र निर्माण पर ध्यान दें। प्रतिष्ठा मिलेगी।

**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

परंपरा

दुनियाभर में अनोखे तरीकों से मनाया जाता है ईस्टर

# विशाल ऑमलेट से लेकर क्राइम-टाइम तक ईस्टर पर निभाई जाती हैं ये अनोखी परंपराएं

**नई दिल्ली।** ईस्टर ईसाईयों का त्योहार है, जिसे दुनियाभर में मनाया जाता है। इसे सूली पर चढ़ाए जाने के 3 दिन बाद यीशु के पुनर्जन्म की खुशी में मनाया जाता है। इस साल यह पर्व 31 मार्च को मनाया गया। इस दिन बच्चों से लेकर बड़ों तक, सभी चॉकलेट और स्वादिष्ट पकवान खाते हैं। हालांकि, दुनिया के कुछ देशों में ईस्टर को अलग तरह से मनाने की परंपराएं हैं, जिन्हें जानकर आप हैरान रह जाएंगे।

## सर्बिया : एक दूसरे पर फोड़ते हैं अंडे

अंडे सर्बिया में पारंपरिक ईस्टर का एक प्रतीक हैं। यहां भी लोग अंडों को सजाने का आनंद लेते हैं और सबसे सुंदर सजावट के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित करते हैं। वे 'तुकांजे' नामक एक खेल खेलकर त्योहार की शुरुआत करते हैं, जिसमें एक-दूसरे पर अंडे फोड़े जाते हैं। ऐसा माना जाता है कि जिसका अंडा नहीं टूटता, वह भाग्यशाली होता है। ईस्टर रविवार को सर्बियाई परिवार चर्च से लौटने के बाद इन सजाए हुए अंडों को खाकर अपना उपवास तोड़ते हैं।

## चेक गणराज्य : लड़कियों के पैरों पर मारते हैं विलो स्टिक

चेक गणराज्य में ईस्टर परिवार के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करने का दिन माना जाता है। हालांकि, ये शुभकामनाएं सामान्य तरीके से नहीं दी जाती हैं। इसके बजाय, यहां पर लोग लड़कियों को पैरों पर हल्के से मारने के लिए रिबन से सजी विलो स्टिक या 'पोमलाजका' का इस्तेमाल करते हैं। माना जाता है की ऐसा करने से लड़कियां जवान दिखती हैं। 'पोमलाजका' 'पोमलादित' शब्द से बनाया गया एक नया शब्द है, जिसका मतलब होता है युवा बनाए रखना।





## फ्रांस : यहां पकाया जाता है विशाल ऑमलेट

फ्रांस के दक्षिण-पश्चिम में स्थित बेसिएरेस शहर एक विशाल आमलेट पकाकर ईस्टर मनाता है। स्थानीय लोग इसे बनाने के लिए करीब 15,000 अंडे खरीदते हैं, जिन्हें लगभग 50 लोग मिलकर एक विशाल बर्तन में पकाते हैं। नेपोलियन बोनापार्ट की यात्रा की मान्यता के तौर पर यह परंपरा 1973 से निभाई जा रही है। बताया जाता है कि एक स्थानीय सराय में स्वादिष्ट ऑमलेट खाने के बाद नेपोलियन ने अपनी सेना के लिए एक विशाल ऑमलेट बनवाया था।

## नॉर्वे : मनाया जाता है 'क्राइम टाइम'

नॉर्वे के लोग ईस्टर पर 'क्राइम टाइम' मनाते हैं। लोग इस दिन अपने घरों में अपराध की कहानियां पढ़ते हैं। ऐसा कहा जाता है कि यह परंपरा एक अपराध की किताब के विज्ञापन अभियान से शुरू हुई थी, जिसे 1923 में ईस्टर पर प्रसारित किया गया था। इस विज्ञापन ने कई लोगों को प्रभावित किया और इसे खूब पसंद किया गया। यह पुस्तक बेहद मशहूर हो गई थी, जिसके बाद ईस्टर पर अपराध की कहानियां पढ़ने का रिवाज शुरू हुआ।

## पापुआ न्यू गिनी : तोहफे में दी जाती हैं सिगरेट

पापुआ न्यू गिनी का गर्म तापमान चॉकलेट के अंडों को कम आकर्षक बना देता है, इसलिए इन पारंपरिक ईस्टर उपहारों की जगह इस त्योहार पर सिगरेट और तंबाकू के पैकेटों भेंट में दिए जाते हैं। सिगरेट और तंबाकू के पैकेटों को चर्च के चारों ओर पेड़ों में छिपा दिया जाता है, ताकि सेवा के बाद लोग मिलकर इन्हें ढूंढ सकें। यह परंपरा स्वास्थ्य के लिहाज से अच्छी नहीं है, फिर भी लोग इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

# दुनिया की सबसे सुस्त मछली, 27 दिन में तैर पाती है मात्र 1 किलोमीटर

**नई दिल्ली।** दुनिया में तरह-तरह के जीव रहते हैं। जिनमें कुछ जमीन पर यानी जंगलों में रहते हैं तो वहीं कुछ पानी में रहते हैं पानी में मछलियों की खूब प्रजातियां होती हैं। इन मछलियों की अपनी-अपनी अलग खासियत होती है। इनमें कुछ विशालकाय होती है। जैसे ब्लू व्हेल। वहीं कुछ खतरनाक होती हैं जैसे शार्क मछली। क्या आप जानते हैं कि हिप्पोकेंपस जोस्टेरा दुनिया की सबसे सुस्त मछली है. इसकी रफ्तार 5 फीट प्रति घंटे की है। यानी यह मछली 27 दिन में 1 किलोमीटर ही तैर पाती है। यह अमेरिका में पाई जाती हैं। दिखने में इसकी शक्ल कुछ-कुछ घोड़े की तरह होती है इसीलिए ने समुद्री घोड़ा कहा जाता है।

**कुछ मछलियां पैदा करती हैं करंट :** मछलियां सामान्य तौर पर पानी में काफी तेजी से दौड़ती हैं लेकिन क्या आपको पता है कि समंदर में कई ऐसी मछलियां हैं जिनसे न केवल समुद्री जीव-जंतु दूर रहते हैं बल्कि इंसान भी उनसे दूरी बनाए रखता है। बता दें कि कुछ मछलियां समंदर के अंदर करंट पैदा करती हैं, जिनमें इलेक्ट्रिक ईल को सबसे खतरनाक माना जाता है। यह मछली काफी करंट पैदा करती है।

**समुद्री घोड़ा सबसे सुस्त मछली:** दुनिया की सबसे स्लो मछली का नाम है हिप्पोकेंपस जोस्टेरा जिसे बोना समुद्री घोड़ा भी कहा जाता है। जो कि मछलियों के सिग्नैथिडे परिवार का हिस्सा है। हिप्पोकेंपस जोस्टेरा दुनिया की सबसे सुस्त मछली है। इसकी रफ्तार 5 फीट प्रति घंटे की है। यानी यह मछली 27 दिन में 1 किलोमीटर ही तैर पाती है। यह अमेरिका में पाई जाती हैं। दिखने में इसकी शक्ल कुछ-कुछ घोड़े की तरह होती है इसीलिए ने समुद्री घोड़ा कहा जाता है।

# पेट दर्द से बेहाल था शख्स, सर्जरी होने पर अंदर से निकली जिंदा ईल मछली

एजेंसी ⏭ वियतनाम

लोगों को अक्सर पेट में दर्द की शिकायत रहती है, जिससे निजात पाने के लिए वे डॉक्टरों के पास जाते हैं। हालांकि, कई बार डॉक्टर समस्या का समाधान तलाशते-तलाशते खुद हैरत में पड़ जाते हैं। दरअसल, वियतनाम से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसे सुनकर सभी लोग दंग हैं। यहां एक शख्स के पेट में दर्द उठा, जिसके चलते वह डॉक्टर के पास गए। जब डॉक्टरों ने उनकी सर्जरी की तो उनके पेट से एक ईल मछली निकली।

## इस तरह मरीज के शरीर में घुसी ईल मछली

इस खतरनाक जीव के पेट में मिलने के बाद डॉक्टरों ने मरीज से सवाल किए कि आखिर मछली उनके पेट में कैसे गई। हालांकि, उनके पास इस बात का कोई जवाब नहीं था। डॉक्टरों का मानना है कि यह ईल मछली उनके गुदा में प्रवेश करके आंत को काटती हुई उनके पेट में प्रवेश कर गई होगी। डॉ. फाम मान हंग ने इस मामले को बेहद दुर्लभ बताया है। बता दें, ईल मछली एक लंबी और पतली मछली होती है।



## एक्स-रे से पेट में जीव होने का लगा पता

वियतनाम के रहने वाले 34 साल के व्यक्ति को पेट में ऐंठन हुई, जिसके बाद उन्हें क्वांग निन्ह प्रांत स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड से पता चला कि उसके पेट में कोई जीव है। शुरूआती जांच में डॉक्टर यह पता नहीं लगा सके कि वह कौन-सा जीव था, लेकिन उसके कारण व्यक्ति की आंतों में छेद और पेरिटोनिटिस हो गया था। साथ ही उनकी पेट की अंदरूनी परत में सूजन आ गई थी।



## पेट से निकली 30 सेमी. की जिंदा ईल मछली

मामले की गंभीरता को देखते हुए डॉक्टरों ने तुरंत ऑपरेशन करने का फैसला किया। सर्जरी के दौरान मरीज के पेट में 30 सेंटीमीटर लंबी ईल मछली मिली, जो अविश्वसनीय रूप से जिंदा भी थी। डॉक्टर उस मछली को सफलतापूर्वक पेट से निकालने में कामयाब रहे और व्यक्ति की हालत में सुधार हुआ। इस पर डॉक्टर ने कहा, हम हैरान थे कि ईल मछली को निकालते समय भी वह जिंदा थी।

## पहले भी मिले हैं लोगों के शरीर में जीव

पिछले साल डॉक्टरों को एक आदमी की आंतों के अंदर जीवित मक्खी भिनभिनाती हुई मिली थी। 63 साल के मरीज अमेरिका के मिसौरी में नियमित कोलन कैंसर स्क्रीनिंग के लिए गए थे। जब जांच वाला कैमरा व्यक्ति कि बड़ी आंत तक पहुंचा, तब डॉक्टरों ने पाया की उसमें जिंदा मक्खी है। इसके अलावा अमेरिका में एक व्यक्ति के सिर में टेपवर्म के अंडे भी पाए गए थे। ये अंडे अधपका सूअर का मांस खाने से हुए थे।

## रोचक खबरें

### एक विवाह ऐसा भी : शख्स ने आपस में जुड़ी दो बहनों से रचाई शादी, 3 साल बाद खुला राज

**न्यूयार्क।** एबी और ब्रिटनी हेंसेल नाम की दो बहनें हैं, जो आपस में जुड़ी हुई हैं यानी उनके दो सिर हैं, पर धड़ एक ही है। अब ये दोनों बहनें अपनी शादी को लेकर काफी चर्चा में हैं। बताया जा रहा है कि दोनों बहनों ने तीन साल पहले जोश बॉलिंग नाम के शख्स से शादी की थी, जिसका खुलासा अब हुआ है।



न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों बहनें पहली बार चर्चा में तब आई थीं, जब साल 1996 में वो ओफ्रा विन्फ्रे के शो में नजर आई थीं। उन पर एक खास टीवी शो भी बन चुका है, जिसमें बताया गया है कि कैसे वो आम लोगों की तरह ही अपनी जिंदगी जी रही हैं और बेहद खुश हैं।

**शादी करके खुश हैं तीनों :** दोनों बहनों की उम्र फिलहाल 34 साल है और सबसे दिलचस्प बात ये है कि उन्होंने शादी भी कर ली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनकी शादी को तीन साल हो चुके हैं, लेकिन इसका खुलासा अब जाकर हुआ है। इन जुड़वां बहनों ने एक ही शख्स से शादी की है, जिसका नाम जोश बॉलिंग है। जोश पहले अमेरिकी सेना में थे, लेकिन अब एक नर्स के तौर पर किसी अस्पताल में काम कर रहे हैं। जोश अपनी दोनों पत्नियों यानी एबी और ब्रिटनी के साथ मिनेसोटा में रहते हैं।

**नहीं बतातीं निजी जिंदगी से जुड़ी बातें :** जोश कहते हैं कि वह एबी और ब्रिटनी के साथ अक्सर घूमने-फिरने जाते रहते हैं और उन्हें आइसक्रीम भी खिलाते हैं, क्योंकि उन्हें आइसक्रीम बहुत पसंद है। वैसे तो एबी और ब्रिटनी अपनी निजी जिंदगी से जुड़ी बातें दुनिया के सामने शेयर नहीं करती हैं और न ही जोश उनके बारे में कुछ बताते हैं, लेकिन इतना जरूर पता है कि वो तीनों अपनी शादीशुदा जिंदगी में बहुत खुश हैं।

### बाइक पर सोफा सेट करके बुजुर्ग ने किया आराम लोग बोले- इस लेवल का सुकून चाहिए बस

**नई दिल्ली।** एक जुगाड़ वाली तस्वीर इन दिनों लोगों के बीच तेजी से वायरल हो रही है। जिसमें एक बुजुर्ग व्यक्ति बाइक पर जुगाड़ के जरिए सोफा सेट को बांधकर उसमें लेटे नजर आ रहे हैं। जिसे देखने के बाद हर कोई हैरान है और कमेंट कर इस पर अपनी प्रतिक्रिया दिए जा रहे हैं। इस तस्वीर में आप देख सकते हैं कि एक बाइक पर सोफा को जुगाड़ के जरिए सेट किया गया है। इस तस्वीर में सबसे हैरानी की बात ये है कि यहां शख्स मजे से सोता हुआ नजर आ रहा है। शख्स को देखकर ऐसा मालूम पड़ता है जैसे उसे गिरने का कोई डर ही नहीं है। वायरल हो रही इस इस फोटो के साथ कैप्शन लिखा, 'बस जीवन में यही सुकून चाहिए' इस फोटो को देखने के बाद दो यूजर्स दो जगह बंट गए हैं। कई यूजर्स ने इस जहां शख्स के टैलेंट की तारीफ की तो वहीं तो कुछ लोगों ने इसके विपरीत अपनी अलग राय रखी है। एक यूजर ने लिखा, ' इस शख्स के दिमाग की जितनी तारीफ की जाए उतना ही कम है। वहीं दूसरे ने लिखा अगर गलती से गिर गए ना तो चोट बड़ी भंयकर लगने वाली है। एक अन्य यूजर ने लिखा अगर इस लेवल का सुकून मिल जाए तो जिंदगी जन्नत बन जाए। इसके अलावा और भी कई यूजर्स ने इस पर कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दी है।



रहस्य

फल पकने के बाद एक बम की तरह होता है विस्फोट

# अनोखे पेड़, कोई खिसक जाता है अपनी जगह से तो किसी का आकार अनूठा

**नई दिल्ली।** दुनिया में एक से बढ़कर एक अजीबोगरीब चीजें हैं, जिनके बारे में जानकर विश्वास कर पाना मुश्किल हो जाता है। कई चीजों से जुड़े रहस्यों का पता लगाने में तो वैज्ञानिक भी असफल हो चुके हैं। आपने अब तक कई रहस्यमयी किले, झरने, नदियों और जगहों के बारे में सुना होगा, लेकिन आज हम आपको दुनियाभर के अनोखे पेड़ों के बारे में बताने जा रहे हैं। इनमें से किसी की बनावट विचित्र है तो किसी का आकार अनूठा है।

## वॉकिंग पाम पेड़

यह पेड़ अमूमन दक्षिण अमेरिका में देखने को मिलता है। इसका वैज्ञानिक नाम 'सोक्रेटिया एक्सोराइजा' है। इस पेड़ के बारे में कहा जाता है कि यह हर साल अपनी जगह से 20 मीटर तक आगे खिसकता है। इसके पैर नहीं हैं, बल्कि इसका कारण पेड़ की जड़ें हैं। इस पेड़ का एक ही तना होता है और इसकी नई जड़ें आते ही यह थोड़ा आगे की ओर खिसक जाता है।



## मेथुसेलह पेड़

दुनिया के सबसे पुराने पेड़ के नाम से जाने जाना वाला मेथुसेलह पेड़ अमेरिका के पूर्वी कैलिफोर्निया के सफेद पहाड़ों में पाया जाता है। इन पेड़ों की उम्र 5,000 साल तक होती है और इन्हें किसी भी नुकसान से बचाने के लिए वन अधिकारियों द्वारा इनका सटीक स्थान अज्ञात रखा गया है। अमेरिका की कठोर पर्यावरणीय परिस्थितियों को सहन करते हुए मेथुसेलह पेड़ वातावरण को अनुकूलित बनाए हुए हैं।





## सेर्बेरा ओडोलम पेड़

ये पेड़ एशिया के कई देशों सहित भारत में पाए जाते हैं। इन पेड़ के फल के कारण इसे 'सुसाइडल पेड़' के नाम से जाना जाता है क्योंकि ये बहुत ही जहरीला होते हैं। अगर कोई भी इंसान गलती से पेड़ के फल को खा ले तो इसके तुरंत बाद ही उल्टियां होने और हृदय गति बढ़ने जैसी समस्या हो जाती है, जिससे व्यक्ति की जान जाने का भी खतरा होता है।

## ड्रैगन पेड़

ड्रैगन पेड़ की बनावट काफी अनोखी है। इस पेड़ का आकार किसी ड्रैगन की तरह नहीं है, बल्कि कुछ बारिश के छातों जैसा दिखता है। यह अनोखा पेड़ मुख्य रूप से कैनरी आईलैंड और मैक्सिको में पाया जाता है और यहां के स्थानीय लोगों का कहना है कि ये काफी धार्मिक महत्व रखता है। इन पेड़ की उम्र तकरीबन 650 से 1000 साल के बीच होती है।



## पोषमवुड पेड़

पोषमवुड पेड़ उत्तर और दक्षिण अमेरिका सहित अमेजन वर्षावन में पाए जाते हैं। पोषमवुड खतरनाक होने के साथ-साथ किसी को भी हैरान कर सकते हैं क्योंकि इन पर उगने वाले फलों में पकने के बाद एक बम की तरह विस्फोट हो जाता है। फल के फूटते के बाद इसके बीज लगभग 257 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा में फैल जाते हैं। अगर कोई इंसान इसकी चपेट में आ जाए तो वो गंभीर रूप से घायल हो सकता है।



# जानवरों को आपने सोते देखा है, लेकिन क्या आप जानते हैं चिड़िया कैसे सोती है

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आपने अपने आसपास कई जानवरों को सोते हुए देखा होगा। खासतौर से गाय, कुत्ते, बिल्ली व अन्य पालतू जानवर आपको सोते हुए बड़ी आसानी से दिख जाएंगे।

आपने पक्षी को सोते हुए भी देखा होगा लेकिन आपको बताते हैं कि पक्षी कैसे और कब सोते हैं। इसके साथ ही आपको बताएंगे कि दिन में सोने वाले पक्षियों को क्या कहते हैं और रात में सोने वाले पक्षियों को क्या कहते हैं.



## दिन में सोने वाले और रात में सोने वाले अलग

पक्षियों को रात और दिन में सोने के हिसाब से दो ग्रुपों में बांटा गया है। ये दो ग्रुप हैं ड्यूरनल और नॉक्टर्नल। वैज्ञानिकों की मानें तो ज्यादातर पक्षी ड्यूरनल ही होते हैं। ड्यूरनल मतलब वो पक्षी जो दिन में जागते हैं और रात में सोते हैं। जबकि कुछ पक्षी नॉक्टर्नल होते हैं। नॉक्टर्नल ग्रुप में वो पक्षी होते हैं जो दिन में सोते हैं और रात में जागते हैं। उल्लू इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।

## दो चरणों में सोते हैं पक्षी

एक्सपट्र्स के मुताबिक पक्षी दो चरण में सोते हैं। पहले चरण को स्लो वेव स्लीप कहते हैं। इसमें पक्षी हल्की नींद में होते हैं। यानी अगर इनके आसपास जरा सी भी हरकत हुई तो ये तुरंत जाग जाएंगे। जबकि दूसरा चरण रैपिड आई मूवमेंट का होता है। इसमें पक्षी गहरी नींद में सोते हैं और सपनों की दुनिया में खो जाते हैं। हालांकि, ये नींद बेहद कम समय के लिए होती है। पक्षी ऐसी नींद मात्र 16 सेकंड के लिए लेते हैं लेकिन 16-16 सेकंड की ये नींद वो कई बार लेते हैं।

## क्या उड़ते समय भी पक्षी सो सकते हैं?

ये सवाल शायद आपको अटपटा लग रहा हो, लेकिन ये सच है कि कुछ पक्षी ऐसे होते हैं जो उड़ते समय भी आधी नींद में होते हैं। साल 2016 में कुछ वैज्ञानिकों ने ये खोज की थी कि एक समुद्री पक्षी जिसे फ्रिगेटबर्ड कहते हैं वो उड़ते समय भी सो सकती है। हालांकि, ये पक्षी सोते समय अपनी एक आंख खुली रखते हैं, ताकि वो किसी चीज से टकरा ना जाएं और अपने शिकारियों से भी बचे रहें।

# डांस करते हुए कंट्रोल करते हैं ट्रैफिक

## नागालैंड के मंत्री ने शेयर किया पुलिस वाले का वीडियो

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नागालैंड के मंत्री तेमजेन इमना अलोंग ने अपने एक्स अकाउंट से एक ट्रैफिक पुलिसकर्मी का वीडियो शेयर किया है, जो अपने मनमोहक डांस के जरिए लोगों से नियमों का पालन करवाते हैं। ये कांस्टेबल इंदौर में तैनात है और इनका नाम रंजीत सिंह है। रंजीत पिछले 16 सालों से इंदौर में ट्रैफिक मैनेज कर रहे हैं। उन्हें ज्यादातर माइकल जैक्सन के डांस मूनवॉक के स्टेप्स के जरिए ऐसा करते हुए देखा जा सकता है। आइए आपको पूरी खबर से रूबरू करवाते हैं। वीडियो को नागालैंड के मंत्री तेमजेन इमना अलोंग के एक्स अकाउंट से शेयर किया गया है। वीडियो को शेयर करते हुए तेमजेन ने लिखा../" अपने मूव्स दिखाने के लिए सही प्लेटफॉर्म का इंतजार मत करो बल्कि प्लेटफॉर्म को खुद ही सही बना लो. वीडियो में देखा जा सकता है कि कांस्टेबल रंजीत सिंह इंदौर की एक बीजी रोड़ पर अपने डांस स्टेप्स करते हुए ट्रैफिक को व्यवस्था को संभालते हुए नजर आ रहे हैं। रंजीत काफी पहले से अपने डांस के द्वारा ट्रैफिक को संभालने के लिए काफी मशहूर हैं।



## बहुत पहले से है वायरल

रंजीत के सोशल मीडिया पर 2.34 लाख से ज्यादा फॉलोअर हैं। कई बार लोगों को उनके साथ तस्वीर खींचवाते भी देखा गया है जिसे वे बाद में अपने सोशल मीडिया अकाउंट से शेयर भी करते हैं। रंजीत के और भी कई सारे वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हैं। जिस वीडियो को नागालैंड के मंत्री तेमजेन ने शेयर किया है उसे सबसे पहले रंजीत ने ही अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से शेयर किया था जिसे अभी तक 31 मिलियन से ज्यादा लोग देख चुके हैं।

## लोग दे रहे हैं अलग अलग प्रतिक्रियाएं

वीडियो को देखकर कई लोग अलग अलग तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। तेमजेन द्वारा शेयर की गई पोस्ट को अब तक हजारों लोगों द्वारा देखा जा चुका है और लगभग 3 हजार लोगों ने पोस्ट को पसंद किया है। पोस्ट पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा,,/" तेमजेन सर ये हमारे इंदौरी भय्या हैं इनके डांस के कई लोग कायल हैं/" एक और यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा../" वाह क्या बात है सर..तो वहीं एक और यूजर ने लिखा../" देश के सबसे साफ सुथरे शहर में अब तक ना गए हों तो वहां जाकर देखिए।




> राजनांदगांव लोकसभा सीट से सर्वाधिक चुनाव जीतने का रिकार्ड कांग्रेस के दिग्गज नेता शिवेंद्र बहादुर सिंह के नाम रहा है। उन्होंने इस सीट से तीन बार लोकसभा का चुनाव जीता है। वही इकलौते नेता हैं, जिन्होंने लगातार दो चुनावों में जीत हासिल की। हालांकि तीन दफा उन्हें हार का सामना भी करना पड़ा। इनके पिता बिरेंद्र बहादुर सिंह और मां पद्मावती देवी भी इस सीट से एक-एक बार सांसद रहे।

# विरासत में मिली राजनीति, राजीव गांधी के दोस्तों में रहे शामिल

## शिवेंद्र बहादुर ने लड़े हैं राजनांदगांव लोकसभा से सर्वाधिक छह चुनाव


शिवेंद्र बहादुर सिंह

सत्यम शर्मा ▸▸| राजनांदगांव

परिवार से विरासत में मिली राजनीति को शिवेंद्र बहादुर सिंह ने न केवल संभाला, बल्कि उसे आगे ले जाने का काम किया। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के दोस्तों में भी शिवेंद्र बहादुर सिंह का नाम शामिल है। उस दौर के लोग बताते हैं कि शिवेंद्र बहादुर सिंह का पूरे प्रदेश में सिक्का चला करता था। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र को लेकर सारे निर्णय उनसे रायशुमारी के बाद ही लिए जाते थे। कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में शामिल शिवेंद्र बहादुर सिंह ने अपना पहला चुनाव 1977 में खैरागढ़ विधानसभा से लड़ा था। उस चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। हालांकि 1980 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने उन्हें मैदान में उतारा और वे जीत गए। इसके बाद 1974 और 1977 में भी जीत हासिल कर वे सांसद बने।

**राजीव गांधी के साथ दून स्कूल में की थी पढ़ाई**



**माता-पिता भी रहे सांसद**

### नागपुर में जन्म दिल्ली में भी पढ़े

*तीन बार के सांसद रहे शिवेन्द्र बहादुर सिंह का जन्म 7 जनवरी 1943 को महाराष्ट्र के नागपुर में हुआ था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा दून स्कूल में हुई। यहां उनके साथ पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी भी पढ़ा करते थे। यहीं उनकी मित्रता उनसे हुई थी। यहां शिवेन्द्र राजीव गांधी के साथ 1955 से लेकर 1962 तक पढ़े। इसके बाद दिल्ली के किरोड़ीमल कॉलेज में स्नातक तक की उन्होंने शिक्षा ग्रहण की। बाद में मध्यप्रदेश से कृषि का कोर्स भी उन्होंने किया।*

### पहला और अंतिम चुनाव हारे

*राजनीति के गलियारों में उस दौर के सबसे बड़े नाम रहे शिवेंद्र बहादुर सिंह को अपने पहले और अंतिम चुनाव में सफलता नहीं मिल पाई थी। उनके राजनीतिक जीवन के पहले चुनाव 1977 के विधानसभा चुनाव में खैरागढ़ सीट से हार का सामना करना पड़ा था। वहीं उनके अंतिम चुनाव 1999 के लोकसभा चुनाव में भी उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इसके अलावा 1989 और 1996 में भी वे लोकसभा का चुनाव हारे थे। शिवेंद्र बहादुर सिंह का 31 दिसंबर 1999 को निधन हो गया।*


## आमने/सामने

### बस्तर और राज्य के विकास के लिए सरकार संकल्पित : विजय शर्मा



*प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा, हमारी विष्णुदेव साय सरकार छत्तीसगढ़ राज्य के साथ ही साथ बस्तर के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए भी कृत संकल्पित है। छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार ने नक्सल प्रभावित इलाकों में नियद नेल्लानार योजना शुरू की है। नियद नेल्लानार का मतलब होता है आपका अच्छा गांव। भाजपा की प्रदेश सरकार ने अपने पिछले 15 वर्षों के कार्यकाल में बस्तर का सर्वांगीण विकास किया।*

### डिप्टी सीएम से न कवर्धा संभल रहा न प्रदेश : भूपेश बघेल



*प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, लगता है डिप्टी सीएम विजय शर्मा की अभी से स्मृति क्षीण होने लगी है, जबकि अभी तो वे नौजवान हैं। यदि नक्सलियों की बात करें तो विद्याचरण शुक्ल, महेंद्र कर्मा, नंदकुमार पटेल, उदय मुदलियार जैसे दर्जनों हमारे नेता नक्सलियों के हमले में शहीद हुए थे। पांच साल में तीन और तीन महीने में ही भाजपा कार्यकर्ता को नक्सलियों ने मार दिया। डिप्टी सीएम से न कवर्धा संभल रहा है और न ही प्रदेश।*

## बागी हुए पप्पू लड़ेंगे चुनाव 2 को नॉमिनेशन का ऐलान

### नहीं पहुंचे कांग्रेस की मीटिंग में

**पटना।** बिहार के पूर्णिया में लोकसभा चुनाव लड़ने को लेकर कांग्रेस पार्टी में खींचतान एक बार फिर सामने आ गई। दफ्तर में पार्टी नेताओं की बैठक हुई जिसमें पप्पू यादव नजर नहीं आए। हालांकि इस मीटिंग में पूर्णिया से महागठबंधन की उम्मीदवार बीमा भारती जरूर नजर आईं। मीटिंग में कांग्रेस नेता बीमा भारती का स्वागत करते नजर आए और कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने पप्पू यादव को लेकर भी बड़ा बयान दिया। बता दें कि पप्पू यादव कांग्रेस के सिंबल पर चुनाव लड़ने पर अड़े हुए हैं। पूर्णिया सीट महागठबंधन के खाते में जाने और बीमा भारती को उम्मीदवार बनाए जाने के बाद कांग्रेस नेता पप्पू यादव ने मोर्चा खोल दिया है। यादव ने 2 अप्रैल को नॉमिनेशन करने का ऐलान किया है। ऐसा करने पर उन्हें पार्टी से निकाले जाने की कार्रवाई भी हो सकती है।



## 'भाजपा को 200 का आंकड़ा पार करने की चुनौती देती हूं'



### टीएमसी चीफ ममता बनर्जी ने उड़ाया दावे का मखौल

**कृष्णानगर (बंगाल)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट जीतने के लक्ष्य का मखौल उड़ाया तथा उसे 200 सीट का आंकड़ा पार करने की चुनौती दी। ममता ने यह भी कहा कि वह नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को इस राज्य में लागू होने नहीं देंगी। उन्होंने लोगों को आगाह किया कि सीएए के लिए आवेदन करने वाला व्यक्ति विदेशी बन जाएगा। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने लोगों से इसके लिए आवेदन न करने का अनुरोध किया। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो ने कृष्णानगर इलाके में टीएमसी उम्मीदवार महुआ मोइत्रा के लिए चुनाव प्रचार करते हुए कहा, "भाजपा कह रही है '400 पार', मैं उन्हें पहले 200 सीट का आंकड़ा पार करने की चुनौती देती हूं। वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने 200 से अधिक सीट लाने का आह्वान किया था, लेकिन उसे महज 77 पर रुकना पड़ा।

### सीएए पर फैला रहे झूठ

भाजपा को 'जुमला' पार्टी बताते हुए टीएमसी सुप्रीमो ने उन पर सीएए के संबंध में "झूठ फैलाने" का आरोप लगाया और कहा, "सीएए पर मोदी की गारंटी शून्य गारंटी है।" उन्होंने इस महीने की शुरुआत में लगी चोट के बाद पहली रैली को संबोधित करते हुए कहा, "सीएए वैध नागरिकों को विदेशी बनाने का जाल है। एक बार आप सीएए लागू कर देंगे तो उसके बाद राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू होगा।

*विपक्ष के शक्ति प्रदर्शन के बीच राज्यों में सीट शेयरिंग के जमीनी हालात*

# बंगाल में तो पहले ही काम खराब, इधर पंजाब महाराष्ट्र में भी खिंची तलवार

## दिल्ली एकजुटता रैली तो ठीक है, पर क्या वाकई एकजुट हैं 'इंडिया'

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में विपक्षी महागठबंधन (इंडिया) की बड़ी रैली हुई। रामलीला मैदान में एकत्र होकर विपक्षी दलों ने एकता का संदेश दिया। राहुल गांधी, सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत लेफ्ट के नेता और कश्मीर की पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती, अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन सहित कई बड़े चेहरे इसमें नजर आए। ऐसे में लग रहा है कि पूरा विपक्ष एकजुट है। लेकिन सवाल है कि क्या इन दलों के बीच भी सबकुछ सही है। राज्यों में गठबंधन कितना कारगर और मजबूत है। आइए इसका जायजा लेते हैं।

### यूपी में इंडिया गठबंधन कितना मजबूत?

पहली नजर देश के सबसे बड़े यूपी पर डालते हैं। जहां बड़ी मुश्किल से और कई दौर की बातचीत के बाद समाजवादी पार्टी और कांग्रेस की सहमति बनी। वहीं, अपना दल कमेरावादी इंडिया गठबंधन का साथ छोड़ चुका है। इससे पहले सीट शेयरिंग पर बात नहीं बना पाने की वजह से जयंत चौधरी की पार्टी आरएलडी इंडिया गठबंधन से अलग हो गई थी और बीजेपी के साथ चली गई थी। इसके अलावा मायावती पहले से इंडिया गठबंधन से दूरी बनाए हुए हैं। हालांकि, अब यूपी में सपा 63 और कांग्रेस 17 सीटों पर चुनाव लड़ रही है।



### बिहार में कहां फंस गया पेंच?

बिहार की बात करें तो यहां इंडिया अलायंस बड़ी मुश्किल से सीट शेयरिंग कर पाया. बावजूद इसके पूर्णिया सीट पर अभी भी पेंट फंसा हुआ है। हाल ही में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए पप्पू यादव पूर्णिया सीट से लड़ने का दम भर रहे हैं। लेकिन ये सीट तो आरजेडी के खाते में जा चुकी है और तेजस्वी यादव की पार्टी पूर्णिया से बीमा भारती को मैदान में उतार भी चुकी है। पप्पू बगावत पर आमादा हैं। फिलहाल, राजद बिहार में 26, कांग्रेस 9 और लेफ्ट 5 सीटों पर लड़ने को राजी हुआ है।

### पश्चिम बंगाल में नहीं हो पाया गठबंधन

पश्चिम बंगाल में तो पहले ही काम खराब हो चुका है। ममता बनर्जी की पार्टी ने लेफ्ट या कांग्रेस किसी से भी गठबंधन नहीं किया है। टीएमसी सभी 42 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इसकी वजह से लेफ्ट और कांग्रेस मिलकर 42 सीटों पर लड़ेंगे और बंगाल में त्रिकोणीय फाइट देखने को मिल सकती है।

### पंजाब में खिंची तलवार

आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन की बात करें तो दोनों दिल्ली में तो साथ हैं लेकिन पंजाब में दोनों पार्टियों के बीच तलवार खिंची हुई है। बहुत कोशिशों के बाद भी पंजाब में आप और कांग्रेस का गठबंधन नहीं हो पाया है। इसकी वजह से पंजाब में आप, कांग्रेस, अकाली दल और बीजेपी में चौतरफा लड़ाई देखने को मिल सकती है।

### महाराष्ट्र में कौन, किसके साथ?

महाराष्ट्र में भी विपक्षी गठबंधन कितना मजबूत है इसका पता नहीं चल पा रहा है। क्योंकि शिवसेना और एनसीपी बंट चुकी हैं। दोनों का एक-एक धड़ा एनडीए के साथ है। नेता तो बंट गए लेकिन उनके कार्यकर्ता किसके साथ हैं ये तो चुनाव के बाद ही पता चलेगा।

### चुनावों के दरमियान शुरू हो चुका है पार्टियों का पोस्टर वार



लगभग समूचा विपक्ष दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को एकत्र हुआ। इस दौरान जमकर पोस्टर वार भी नजर आया। बीजेपी ने पोस्टर अभियान चलाकर विपक्ष की रैली पर हमला बोला है। भाजपा ने अपनी पोस्टर में यह आरोप लगाया है कि पूरा विपक्ष भ्रष्टाचारी नेताओं को बचाने के लिए एकजुट हो गया है, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश से भ्रष्टाचार को हटाने की बात कर रहे हैं। वहीं, भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली के रामलीला मैदान की तरफ जाने वाले सभी प्रमुख सड़कों के चौराहों पर बड़े-बड़े बैनर और पोस्टर लगाकर विपक्ष की रैली पर निशाना साधा है। इन पोस्टरों में आधी तरफ जेल में बंद किसी नेता की तस्वीर दिखाई गई है, वहीं दूसरी आधी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भ्रष्टाचार पर वार करने की बात कहते हुए दिखाए गए हैं।

**एनडीए इंडिया गठबंधन को देंगे टक्कर**

# ओवैसी, पल्लवी ने बनाया पीडीए के जवाब में पीडीएम



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए यूपी में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम की एंट्री हो गई है। पल्लवी पटेल की पार्टी अपना दल (कमेरावादी), राष्ट्र उदय पार्टी और प्रगतिशील मानव समाज पार्टी के साथ मिलकर एआईएमआईएम ने गठबंधन कर लिया है। सभी मिलकर जल्द ही सीट बंटवारे का ऐलान कर सकते हैं। डॉ. पल्लवी पटेल की पहल पर साथ आए दलों ने भागीदारी के सवाल पर आगामी लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ने का ऐलान करते हुए उत्तर प्रदेश में नया राजनीतिक विकल्प पेश किया। पल्लवी पटेल और ओवैसी की संयुक्त प्रेस वार्ता में एक नया नारा दिया गया है, पीडीएम यानी पिछड़ा दलित मुसलमान।

### तीन सीटों पर है पटेल की पकड़

यूपी की तीन सीटें मिर्जापुर, कौशांबी और फूलपुर में पल्लवी पटेल की पार्टी की अच्छी पकड़ है। हालांकि पिछले लोकसभा चुनाव में ये तीनों सीटों पर बीजेपी ने जीत दर्ज की थी। वहीं सपा तीनों सीटों पर दूसरे स्थान पर रही। वहीं 2022 के यूपी विधान सभा चुनाव में अपना दल (कमेरावादी) ने चुनाव नहीं लड़ा था। हालांकि पल्लवी पटेल ने सपा के उम्मीदवार के तौर पर सिराथू सीट से चुनाव लड़कर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को 7 हजार से अधिक वोटों से हराया था।

# वोट मांगने पहुंचे कांग्रेस प्रत्याशी लखमा ने खेली मुर्गा लड़ाई





**जगदलपुर।** लगातार 6 बार के विधायक और भूपेश सरकार में उद्योग एवं आबकारी मंत्री रहे कवासी लखमा अपने अलग अंदाज और वनवासियों के बीच उनके ही रंग में रंग जाने की जीवनशैली के कारण हमेशा चर्चा में रहते हैं। वे रविवार को चुनाव प्रचार के लिए पुसपाल पहुंचे थे, जहां साप्ताहिक बाजार होने के कारण बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। वहीं बाजार में होने वाला पारंपरिक मुर्गा लड़ाई भी चल रही थी। इस बीच कवासी लखमा सीधे लड़ाकू मुर्गे को उठा लिया और सामने वाले ग्रामीण के मुर्गे के साथ लड़ा दिया। उनके इस बिंदास शैली को देख ग्रामीणों ने भी जमकर हल्ला करते हुए मजा लिया। लखमा ने कहा कि मैं अपने आदिवासी जीवनशैली को छोड़ नहीं सकता। हमारे आदिवासी जीवन में हर पल का मजा लेने का मौका रहता है। हाट बाजार में 20-25 गांव के ग्रामीण पहुंचते हैं इसलिए वोट मांगने आया था और जब मुर्गा लड़ाई चल रही थी तो मैं भी शामिल हो गया।

## दुर्लभ व्यापारी थे जेआरडी टाटा, चंदे को लेकर प्रधानमंत्री को लिखा था पत्र

# 'नेहरू को साफ-साफ कह दिया था- मैं विपक्ष को भी चंदा दूंगा'



**खास बातें**

- नेहरू ने भी अपनी नीतियों का बचाव करते हुए उनके फैसले का किया था सम्मान
- जेआरडी मानते थे, लोकतंत्र की मजबूती के लिए मजबूत विपक्ष जरूरी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

चुनावी बांड खरीदारों के नामों में 'विशेष लोगों' की स्पष्ट कमी को देखते हुए, यह स्पष्ट है कि इस योजना को राजनीतिक दलों की फंडिंग को उतना पारदर्शी नहीं बनाया, जितना दावा किया गया था। जिन छोटे लोगों के नाम शीर्ष दानदाताओं में सूचीबद्ध हैं, उन्होंने भोलेपन से केवल बदले में कुछ पाने के लिए ऐसा किया और उनके नाम आसानी से उजागर कर दिए गए। भारतीय उद्योग के बड़े खिलाड़ी लंबे समय से खेल के नियमों को समझते हैं। राजनेताओं को सभी प्रकार के एहसान गोपनीयता के आवरण में छिपाने होते हैं, ताकि किसी पर उंगली उठाना मुश्किल हो। इस संदर्भ में भारत के सबसे ईमानदार व्यापारियों में से एक जेआरडी



टाटा द्वारा पंडित नेहरू को लिखे एक पत्र को याद रखना प्रासंगिक है। जेआरडी एक दुर्लभ भारतीय व्यापारी थे प्रधानमंत्री नेहरू को पत्र लिखकर यह बताया था कि वह विपक्ष को चंदा देंगे।

### नेहरू को टाटा का पत्र

1961 में वरिष्ठ राजनेता सी राजगोपालाचारी ने जेआरडी को अपनी नई बनी स्वतंत्र पार्टी में योगदान देने के लिए पत्र लिखा था। जेआरडी को पता कि उनकी कंपनी 'टाटा' कांग्रेस को फंड करती है, लेकिन उन्होंने महसूस किया कि एक मजबूत विपक्ष की अनुपस्थिति में कोई भी लोकतंत्र मजबूत नहीं हो सकता, इसलिए उन्होंने उद्योग घरानों द्वारा विपक्ष को भी वित्तपोषित करने को देशभक्ति माना। अपने साथी व्यापारियों के विपरीत जिन्होंने स्वतंत्र पार्टी को गुपचुप तरीके से फंड दे रहे थे, जेआरडी ने नेहरू को स्पष्ट रूप से लिखा कि वह स्वतंत्र पार्टी को भी दान देंगे क्योंकि यह एक रचनात्मक विपक्ष को वित्तपोषित करने का एकमात्र विकल्प है। शायद आज के किसी भी उद्योगपति में ऐसा पत्र लिखने की हिम्मत नहीं होगी। वर्तमान में भी राहुल भाटिया, किरण मजूमदार-शॉ और एल एन मित्तल, उद्योग जगत के अधिकांश बड़े नामों की तुलना में अपने दान को कम गुप्त रखते हैं, लेकिन उनकी उदारता भी केंद्र या राज्य में सत्ताधारी दलों के लिए होती है।

### नेहरू का ये था जवाब

नेहरू ने जेआरडी को जवाबी पत्र में लिखा था, 'बेशक, आप स्वतंत्र पार्टी की किसी भी तरह से मदद करने के लिए पूरी तरह से स्वतंत्र हैं। लेकिन मुझे नहीं लगता कि आपकी यह आशा कि स्वतंत्र पार्टी एक मजबूत विपक्ष के रूप में उभरेगी, उचित है। मुझे लगता है कि अगले आम चुनाव में उसे निराशा होगी। ऐसा लगता है कि इसकी न तो भारत की जनता और न ही बुद्धिजीवियों के बड़े हिस्से के बीच कोई आधार है।" जाहिर है नेहरू ने जेआरडी टाटा को ना सिर्फ विनम्रता से जवाब दिया बल्कि अपनी नीतियों का बचाव करते हुए उनके फैसले का सम्मान भी किया।

# मुथूट फाइनेंस भारत का सबसे भरोसेमंद वित्तीय सेवा ब्रांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

टीआरए की ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट 2024 के अनुसार लगातार 8वें वर्ष भारत की सबसे बड़ी गोल्ड लोन एनबीएफसी, मुथूट फाइनेंस ने भारत के नंबर 1 सबसे भरोसेमंद के रूप में मान्यता प्राप्त करके एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया। टीआरए की ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट के अनुसार लगातार 8वें वर्ष वित्तीय सेवा ब्रांड (बीटीआर) 2024 मान्यता हासिल किया है। यह मान्यता मुथूट फाइनेंस की ग्राहक केंद्रित सेवा वितरण में उत्कृष्टता एवं अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

टीआरए की ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट की 13वीं श्रृंखला में 16 शहरों में 2,500 उपभोक्ता-प्रभावकों के साथ प्राथमिक शोध का परिणाम है। इस अध्ययन में 6,000 घंटे से अधिक का फील्डवर्क और उनकी प्रतिक्रियाएं शामिल थीं विश्वास के ब्रांड व्यवहार के लिए उपभोक्ताओं को शीर्ष 1000 भरोसेमंद सूचीबद्ध किया गया भारत में ब्रांड- ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट उन असाधारण ब्रांडों का जश्न मना रही है जिसमें कि भारत में उपभोक्ताओं का विश्वास पाया गया है। पिछले कुछ वर्षों में, मुथूट फाइनेंस ने लगातार अपने व्यवसाय का विस्तार किया है एवं संपूर्ण भारत में 6300 से अधिक शाखाओं का एक मजबूत नेटवर्क स्थापित किया है। यह व्यापक उपस्थिति एनबीएफसी को 2.5 से अधिक लोगों को परेशानी मुक्त स्वर्ण ऋण प्रदान करने में सक्षम बनाया है, प्रतिदिन लाखों ग्राहक, उनकी विविध वित्तीय आवश्यकताओं को कुशलतापूर्वक पूरा करते हैं।

## टीआरए की ब्रांड ट्रस्ट रिपोर्ट

मान्यता ग्राहक केंद्रित सेवा वितरण में उत्कृष्टता एवं अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि



### मुथूट फाइनेंस एक विरासत के रूप में खड़ा

मुथूट ने स्थापना के बाद से ही 72 करोड़ से अधिक की विविध वित्तीय जरूरतों को पूरा किया है बार-बार आने वाले ग्राहकों सहित, मुथूट फाइनेंस एक विरासत के रूप में खड़ा है वित्तीय समावेशन, ग्राहक सशक्तिकरण और सेवा गुणवत्ता के प्रति इसकी प्रतिबद्धता। गोल्ड लोन फाइनेंस में अग्रणी होने से, मुथूट फाइनेंस का लक्ष्य इसे सुदृढ़ करना भी है। अपनी उपस्थिति को और अधिक विस्तारित करके एक वित्तीय सेवा समूह के रूप में माइक्रोफाइनेंस, गृह ऋण, व्यक्तिगत ऋण, व्यवसाय ऋण, वाहन ऋण और बीमा कुछ के नाम बताने के लिए ब्रोकिंग स्थान प्राप्त किया।

### मुथूट फाइनेंस पर लाखों ग्राहक का भरोसा अलेक्जेंडर जॉर्ज मुथूट

अलेक्जेंडर जॉर्ज मुथूट, मुथूट फाइनेंस के संयुक्त प्रबंध निदेशक ने कहाकि



मुथूट फाइनेंस पर भरोसा है अपने ग्राहकों द्वारा व्यापक रूप से और हम 2016 से लगातार 8वें वर्ष विश्वसनीय वित्तीय सेवा ब्रांड भारत के नंबर 1 ब्रांड के रूप में पहचाने जाने पर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। वास्तव में हमारी टीम के पास उपभोक्ता अनुभव को विकसित करने का प्रयास ग्राहक केंद्रित व्यवसाय संगठन अटूट रहा है और यह मान्यता भरोसे का प्रमाण है और विश्वास है कि हमारे लाखों ग्राहक हम पर भरोसा करते हैं जो हमारी टीम की सफलता के नये परचम लहरा रही है।

### एनबीएफसी क्षेत्र में मार्केट लीडर के रूप में स्थिति मजबूत

मुथूट फाइनेंस का उत्कृष्टता और ग्राहक के प्रति अटूट समर्पण है वित्तीय सेवाओं के परिदृश्य में खुद को विश्वास और विश्वसनीयता के प्रतीक के रूप में स्थापित किया, गोल्ड लोन एनबीएफसी क्षेत्र में मार्केट लीडर के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है।

# जेईई (एडवांस्ड) के विद्यार्थियों के लिए रेजोनेंस का यूनिक एचओडी बैच लीजेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोटा

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए देश भर में विख्यात रेजोनेंस संस्थान ने कक्षा 10 वीं से कक्षा 11वीं में प्रवेश करने जा रहे एवं जेईई मेन व एडवांस्ड 2026 की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए लीजेंड बैच की घोषणा की है। यह बैच 15 अप्रैल 2024 से प्रारंभ होने जा रहा है एवं बैच के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और विद्यार्थी रेजोनेंस की वेबसाइट पर जाकर इस बैच के लिए आवेदन कर सकते हैं।



### कोटा में ऑफलाइन मोड में इंग्लिश माध्यम के विद्यार्थियों के लिए चलेगा यूनिक बैच

इस बैच की विशेषता यह है कि इसमें रेजोनेंस के सभी विभागाध्यक्ष पढ़ाएंगे, जिसमें रेजोनेंस के संस्थापक व प्रबंध निदेशक आरके वर्मा (आरकेवी सर), गणित के विभागाध्यक्ष लोकेश खंडेलवाल (एलके सर), केमिस्ट्री के विभागाध्यक्ष शिव प्रताप रघुवंशी (एसपीआर सर), फिजिक्स के विभागाध्यक्ष भरत कुमार मटोरिया (बीकेएम सर) व गणित के प्रोफेसर व डिप्टी हेड कपिल जोशी (केजे सर) पढ़ाएंगे। यह यूनिक बैच केवल कोटा में ऑफलाइन मोड में इंग्लिश माध्यम के विद्यार्थियों के लिए चलाया जाएगा।

### इस बैच में हॉस्टल व मैस की सुविधा भी

*इस बैच में विद्यार्थियों को अभ्यास कार्यक्रम की सुविधा भी प्रदान की जा रही है जिसके माध्यम से बच्चों को नियमित क्लासेस के बाद 4 घंटे तक की सेल्फ स्टडी, नियमित अभ्यास, प्रॉब्लम सॉल्विंग व होमवर्क चेकिंग की सुविधा प्रदान की जाएगी। कोटा के बाहर से आने वाले विद्यार्थियों के लिए इस बैच में हॉस्टल व मैस की सुविधा भी दी जाएगी जबकि कोटा में रहने वाले विद्यार्थियों को इस बैच में नियमित अध्ययन व अभ्यास की सुविधा प्रदान जाएगी।*

इरडा ने कहा- 1 अप्रैल के बाद से यह लागू

# पॉलिसीधारक को आज से पॉलिसी सिर्फ डिजिटल रूप में ही मिलेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक अप्रैल 2024 के बाद बीमा खरीदने वाले हैं, तो अब सिर्फ डिजटल फॉर्मेट में ही मिलेगा। क्योंकि अब बीमा कंपनी भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण के पॉलिसीधारकों के हितों के संरक्षण नियमों के अनुसार पॉलिसी सिर्फ डिजिटल रूप में जारी करेगी। नए नियमों के मुताबिक, बीमा कंपनियों के लिए डीमैट फॉर्म में पॉलिसी जारी करना अनिवार्य है और अब इसे चार बीमा रिपोजिटरी सीएएमएस रिपोजिटरी, कार्वी, एनएसडीएल डेटाबेस मैनेजमेंट और सेंट्रल इंश्योरेंस रिपोजिटरी ऑफ इंडिया द्वारा सुगम बनाया जाएगा।




ई-बीमा खातों में डिजिटल रूप में पॉलिसी जारी करना और रखना शामिल है। जबकि ज्यादातर निजी बीमाकर्ता पहले से ही पॉलिसीधारकों के लिए ई-बीमा खाते खोलते हैं, पॉलिसीधारक अन्य पॉलिसी को इलेक्ट्रॉनिक रूप में खरीदने और रखने का ऑप्शन चुन सकते हैं। एक अप्रैल से बीमा कंपनियों के लिए सिर्फ डिजिटल पॉलिसी जारी करना अनिवार्य है। इरडा के नियमों में कहा गया है कि चाहे प्रपोजल इलेक्ट्रॉनिक रूप में मिला हो या किसी और तरीके से, हर बीमाकर्ता सिर्फ इलेक्ट्रॉनिक रूप में बीमा पॉलिसी जारी करेगा।

## जीएसटी विभाग ने जोमैटो को दिया 23.26 करोड़ का नोटिस

**नई दिल्ली।** फूड डिलीवरी करने वाली कंपनी जोमैटो को तगड़ा झटका लगा है। कंपनी को भारी भरकम जीएसटी का नोटिस मिला है। कंपनी को यह नोटिस कर्नाटक में कमर्शियल टैक्स (ऑडिट) के असिस्टेंट कमिश्नर से मिला है। ऑनलाइन ऑर्डर देकर खाना मंगाने की सुविधा देने वाले मंच जोमैटो को कर अधिकारियों से 23.26 करोड़ रुपए की कर मांग का नोटिस मिला है। इसमें ब्याज और जुर्माना शामिल है।




## क्वालिटीनुसार भाव 200 से 400 रुपए किलो

# गर्मी बढ़ने के साथ मंडी और मार्केट में आसमान छू रहा 'नींबू का भाव'

### आने वाले दिनों में नींबू हो सकता और महंगा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

गर्मी बढ़ने के साथ ही मार्केट में नींबू की खपत भी बढ़ गई है। इससे इसकी कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मांग बढ़ने से रिटेल के साथ-साथ हॉलसेल मार्केट में भी नींबू महंगा हो गया है। स्थानीय करोंद स्थित थोक सब्जी मंडी में क्वालिटीनुसार नींबू 200 से 400 रुपए किलो के भाव बिकना बताया जा रहा है।

विक्रेताओं के अनुसार नींबू कीमत में 350 फीसदी की जबरदस्त मूल्य वृद्धि हुई है। कहा जा रहा है कि अगर तापमान में बढ़ोतरी इसी तरह से जारी रहा तो आने वाले दिनों में नींबू और महंगा हो सकता है।



### पेड़ के फूल खराब होने से उपज में कमी आई

नींबू व्यापारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में तापमान बढ़ने से नींबू की मांग और बढ़ेगी। मध्यम आकार के नींबू की कीमत 3 से 5 रुपए हो गई है, जबकि बड़े आकार का नींबू 5 ,6 और 7 रुपए में बिक रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस बार नींबू के पेड़ के फूल खराब हो गए थे, जिससे उपज में कमी आई है। सब्जी मंडी व्यापारी मो.सलीम के अनुसार एक महीने पहले बड़े आकार के 1,000 नींबू की थोक कीमत 2,000 रुपए थी। अब, बड़े आकार की समान मात्रा के लिए, हमें 7,000 रुपए से भी अधिक का भुगतान करना पड़ रहा है। यानी नींबू के हॉलसेल रेट में 350 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### किसानों के पास मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त मात्रा में नींबू नहीं

जानकारों का कहना है कि नींबू की कीमत में बढ़ोतरी से उपभोक्ताओं की जेब पर महंगाई का बोझ बढ़ गया है और उनके किचन का बजट खराब होने लगा है। विक्रेताओं के अनुसार इस साल पर्याप्त मात्रा में नींबू का उत्पादन नहीं हुआ है, जिससे सप्लाई में भी कमी है। यही वजह है कि नींबू की कीमत आसमान छू रही है। बताया जा रहा है कि किसानों के पास मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त मात्रा नींबू नहीं है।



### लहसुन की लेवाली बढ़ी स्टॉकिस्ट भी हुए सक्रिय

लहसुन के भाव में आने वाले दिनों को देखते हुए स्टॉकिस्ट सक्रिय हो गए हैं। मंडी में लहसुन की लेवाली अधिक हो गई है। इसका असर भाव पर पड़ा है। जानकारों के अनुसार लहसुन के भाव में तेजी आने की संभावना जाता रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस वर्ष लहसुन का रकबा पिछले वर्ष की तुलना में कम है, यही कारण है कि आने वाले दिनों में भी लहसुन के भाव कम नहीं होंगे। इधर किसानों के पास में भी ज्यादा माल नहीं बता बचा है। लहसुन की सबसे बड़ी मंडी में नीमच में लहसुन की कुल 11000 बोरी की आवक रही। नीमच मंडी में भाव में 700 रुपए प्रति क्विंटल तक की तेजी रही। नीमच मंडी में आज ऊटी लहसुन के भाव 19500 रुपए प्रति क्विंटल रहे, वहीं देसी लहसुन 14300 रुपए प्रति क्विंटल तक बिकी।

*अब किसी भी बड़े औद्योगिक घराने के खिलाफ जांच से पहले*

# जीएसटी फील्ड ऑफिसर्स को लेनी होगी प्रिंसिपल कमिश्नर की मंजूरी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने सेंट्रल जीएसटी अधिकारियों के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। इन निर्देशों के तहत जीएसटी फील्ड ऑफिसर्स अब चार श्रेणियों में जांच शुरू करने और कार्रवाई करने के लिए जोनल प्रिंसिपल चीफ कमिश्नर की लिखित में पूर्व मंजूरी की जरूरत होगी। इन चार श्रेणियों में किसी भी सेक्टर/कमोडिटी/सर्विस पर पहली बार टैक्स/शुल्क लगाने की मांग करने वाली व्याख्या के मामले शामिल हैं। इसके अलावा बड़े औद्योगिक घरानों और प्रमुख मल्टीनेशनल कंपनियों से जुड़े मामले, संवेदनशील मामले या राष्ट्रीय महत्व के मामले और ऐसे मामले जो पहले से ही जीएसटी परिषद के समक्ष हैं, इसमें शामिल हैं। इन दिशानिर्देशों के अनुसार जब एक करदाता की जांच अलग-अलग मामलों में राज्य जीएसटी और डीजीजीआई अधिकारी कर रहे हैं।

### सुजलॉन एनर्जी पर लगाया 260 करोड़ का जुर्माना

**नई दिल्ली।** रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में काम करने वाली कंपनी सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड पर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने 260.35 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के नेशनल फेसलेस एसेसमेंट सेंटर ने एसेसमेंट ईयर 2016-17 और 2017-18 के मामले में यह कार्रवाई की है। यह पेनाल्टी गुडविल पर आधारित डेप्रिसिएशन के क्लेम को अस्वीकार करने से जुड़ी है। हालांकि, कंपनी ने पेनाल्टी के आदेशों पर आपत्ति जताई है। सुजलॉन ने कहा है कि पहले के न्यायिक आदेशों को ध्यान में रखते हुए कंपनी का मानना है कि जब तक इस सिलसिले में अपील पर सुनवाई पूरी नहीं की जाती है, तब तक पेनाल्टी की कार्यवाही को रोक कर रखा जाना चाहिए। कंपनी का कहना है कि इस सिलसिले में अपील फिलहाल ट्राइब्यूनल के पास पेंडिंग है, लिहाजा उसकी नजर में पेनाल्टी ऑर्डर अभी उचित नहीं है।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

6 महीने में 11000 महंगा हुआ सोना, आगे और चमकेगा

# अगले नौ महीनों में 75,000 रुपए तोला (10 ग्राम) के स्तर को छुएगा 'सोना'

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सोने की खरीदारी सालभर होती है, लेकिन वैवाहिकी सीजन, अक्षय तृतीया, रक्षाबंधन, धनतेरस, दीपावली में इसकी जबरदस्त डिमांड रहती है। इस साल अक्षय तृतीया से पहले ही सोने के रेट ने सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। नए वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में यानी पहली तीन तिमाहियों में अनुमान है कि अमेरिकी फेड तीन बार ब्याज दरों में कटौती कर सकता है। इसके अलावा ग्लोबल पॉलिटिकल टेंशन, अमेरिकी मुद्रास्फीति में कमी और अमेरिकी डॉलर के परफॉर्मेंस का असर सोने की कीमतों पर पड़ने की संभावना है।



### स्थानीय बाजार में सोना 70400 रुपए तो चांदी 75800 रुपए किलोग्राम

### *अमेरिकी फेड तीन बार ब्याज दरों में कर सकता है कटौती*

गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख के बीच स्थानीय भोपाल सराफा बाजार में सोने का भाव 70400 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत भी 75800 रुपए किलोग्राम है। बाजार जानकार नवनीत अग्रवाल के अनुसार पिछले छह महीने में एमसीएक्स पर सोने की कीमत में लगभग 11,000 प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी हुई है। आगे और भी तेजी की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2025 में सोने की कीमत में तेजी जारी रह सकती है क्योंकि यूएस फेड द्वारा 2024 में तीन ब्याज दरों में कटौती की घोषणा करने की उम्मीद है। अग्रवाल के अनुसार चालू वित्त वर्ष की पिछली दो तिमाहियों में 11,000 प्रति 10 ग्राम से अधिक बढ़ गया है। इसने निवेशकों को अट्रैक्ट किया है। यह तेजी का रुझान जारी रहने की उम्मीद है। अगले वित्तीय वर्ष में सोना और भी अधिक चमकेगा।

## इंफोसिस को मिलेगा 6,329 करोड़ रुपए का विंडफॉल टैक्स रिफंड

**एजेंसी:नई दिल्ली।** देश की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी इंफोसिस को आयकर विभाग से विंडफॉल टैक्स रिफंड के रूप में करीब 6,329 करोड़ रुपए जल्द मिलने की उम्मीद है। कंपनी ने 30 मार्च 2024 को एक एक्सचेंज फाइलिंग में शेयर बाजारों को इसकी जानकारी दी। हालांकि असेसमेंट ऑर्डर के मुताबिक, कंपनी को 2,763 करोड़ रुपए की कर देनदारी का भी सामना करना पड़ सकता है। शेयर बाजारों को दी सूचना में कंपनी ने कहाकि इंफोसिस 31 मार्च 2024 को समाप्त होने वाली तिमाही और वर्ष के वित्तीय विवरणों पर इन आदेशों के निहितार्थ का मूल्यांकन करने की प्रक्रिया में है।


# अवैध कर्ज देने वाले एप पर आरबीआई सख्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक साइबर फ्रॉड पर लगाम लगाने और अवैध कर्ज देने वाले ऐप पर रोक लगाने के लिए डिजिटल इंडिया ट्रस्ट एजेंसी (डिजिटा) के गठन पर विचार कर रहा है। बता दें कि कि देश में अवैध कर्ज देने वाले ऐप तेजी से बढ़ रहे हैं। इसके साथ ही साइबर फ्रॉड के मामलों में में बढ़ोतरी देखी गई है। सूत्रों ने कहा कि यह एजेंसी डिजिटल लोन देने वाले ऐप का वेरिफिकेशन करेगी और वेरिफाइड ऐप का एक पब्लिक रजिस्टर बनाएगी।



## शब्द पहेली - 5468



**बाएँ से दाएँ**
1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

### शब्द पहेली- 5467 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | र | ज | क | ता | | | म | वा | ली | |
| स | म | | ल | | चा | ला | न | | ख | त |
| मा | | | प | ना | ह | | न | | | म |
| न | ज | रा | ना | | | म | | क | या | स |
| ता | | व | | ना | ला | य | क | | प | |
| | प्रा | ण | | म | | खा | | जा | न | |
| | रु | | आ | ज | मा | ना | | हि | | म |
| स | प | ना | | द | | | ब | ल | वा | न |
| र | | | स | | ल | की | र | | | भा |
| ल | व | | न | सी | ब | | सा | | दा | व |
| | ध | म | की | | | इ | त | मी | ना | न |

## सूडोकु नवताल- 5479

सरल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5478 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |



# नायक 2 को लेकर आया बड़ा अपडेट

**मुंबई।** साल 2001 में अभिनेता अनिल कपूर के फिल्मी करियर की एक बेहद शानदार मूवी आई, जिसका नाम नायक-द रियल हीरो था। पॉलिटिकल ड्रामा इस मूवी ने अपनी लाजवाब कहानी से फैंस के दिल बखूबी जीत लिया और नायक सुपरहिट साबित हुई। इस मूवी का निर्देशन साउथ सिनेमा के दिग्गज डायरेक्टर एस शंकर ने किया था। ऐसे में अब शंकर ने दो अनिल कपूर से खास मुलाकात की है। इन दोनों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं और अब प्रशंसकों के बीच ये चर्चा काफी तेज हो गई है कि जल्द ही नायक 2 को लेकर कोई न कोई अपडेट आने वाला है।

लाइफ Style

# ऋचा



## हीरामंडी में हुआ पुराने कपड़ों का यूज

एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा ने अपकमिंग पीरियड ड्रामा 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' को लेकर खुलासा किया है कि कैसे फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली ने सीरीज में वास्तिवकता की झलक पेश करने के लिए वेशभूषा पर काम किया। उन्होंने असली पुराने आभूषणों और कपड़ों का इस्तेमाल किया।

एजेंसी ⏭ मुंबई


ऋचा ने कहा कि भंसाली अपनी दुनिया के प्रति बेहद सचेत हैं। ऋचा ने कहा, यह उनका दृष्टिकोण है। वह भव्यता, कविता, संगीत, पोशाक और आभूषण चाहते हैं। हमने जो आभूषण पहने हैं वे सभी असली हैं। भले ही यह तीन-चार किलोग्राम के आभूषण हों, यह सभी असली, सभी पुराने आभूषण हैं। इसमें कॉस्ट्यूम के तौर पर पुराने कपड़ों का उपयोग किया गया है। 'लज्जो' की भूमिका के लिए की गई तैयारियों के बारे में बात करते हुए ऋचा ने कहा, उर्दू सीखने के लिए काफी क्लासेज लेनी पड़ी।

जब मैं बच्ची थीं तो मैंने एक दशक तक कथक सीखा था, इसलिए मुझे उसमें निखार लाना था। मैंने वॉयस मॉड्यूलेशन किया। एक्ट्रेस ने कहा, 1930, 1940 और 1950 के दशक में महिलाएं कैसे बात करती थीं, मैंने उस तरीकों को अपनी बोलचाल में लाने की कोशिश की। उस बातचीत में एक अलग लय थी। सीरीज में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल और संजीदा शेख भी हैं। 'हीरामंडीः द डायमंड बाजार' का प्रीमियर जल्द ही नेटफ्लिक्स पर होगा। 'हीरामंडीः द डायमंड बाजार' से संजय लीला भंसाली ओटीटी प्लेटफॉर्म पर डेब्यू करने जा रहे है।




# मार्वल फिल्मों में काम नहीं करेंगी क्रिस्टन

**लॉस एंजेलिस।** बेला स्वान उर्फ क्रिस्टन स्टीवर्ट मार्वल फिल्मों में काम नहीं करेंगी। वह सिर्फ एक शर्त पर एमसीयू की फिल्मों में नजर आएंगी। मार्वल फिल्मों में काम करने को लेकर क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा, मैं शायद कभी मार्वल फिल्म नहीं करूंगी। यह वाकई एक बुरे सपने जैसा लगता है। आपके पास एक व्यक्ति पर इतना पैसा और इतना भरोसा होना चाहिए और ऐसा नहीं होता है। यह एक अजीब अनुभव है, जहां आप इसके बारे में बिल्कुल भी व्यक्तिगत महसूस नहीं कर सकते। तो इस वजह से नहीं। हालांकि, क्रिस्टन ने आगे कहा कि अगर वह कभी मार्वल के तहत कोई प्रोजेक्ट साइन करेंगी तो एक शर्त होगी। शर्त ये होगी कि ग्रेटा गेरविग (बार्बी फिल्म की डायरेक्टर) इसकी डायरेक्टर हो। वह कहती हैं, लेकिन शायद दुनिया बदल जाएगी, मैं यही कह रही हूं। मैं आपको कैसे मना कर सकती हूं, जब शायद एक दिन अगर ग्रेटा गेरविग मुझसे मार्वल फिल्म करने के लिए कहेंगी, तो मैं वह करूंगी। मालूम हो कि ग्रेटा पिछले साल रिलीज हुई फिल्म 'बार्बी' के लिए एकेडमी अवॉर्ड नॉमिनेटेड राइटर-डायरेक्टर हैं। उन्होंने 'लेडी बर्ड' और 'लिटिल वुमेन' जैसी फिल्मों का निर्देशन भी किया है। क्रिस्टन की भारत में भी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। 'ट्वाइलाइट' मूवी सीरीज से उन्हें काफी लोकप्रियता मिली थी।




# साल की तीसरी बड़ी ओपनर बनी क्रू

**मुंबई।** तब्बू, करीना कपूर खान और कृति सेनन स्टारर 'क्रू' इस शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस फिल्म के पहले टीजर और फिर ट्रेलर के बाद तो इस फिल्म को लेकर दर्शकों का उत्साह बढ़ गया था। वहीं सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद 'क्रू' को काफी अच्छे रिव्यू मिले हैं। दर्शक महिला प्रधान फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हैं और इसे बेहद एंटरटेनिंग फिल्म बता रहे हैं। इस वर्ष अब तक प्रदर्शित हुई फिल्मों में क्रू 3री ऐसी फिल्म रही, जिसने डबल डिजिट में ओपनिंग की है। इससे पहले प्रदर्शित हुई फाइटर और शैतान दो ऐसी फिल्में रही हैं। फाइटर ने पहले दिन 25 करोड़ और शैतान ने 14 करोड़ से ज्यादा का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की थी। अब क्रू ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 10.28 करोड़ का कारोबार किया है। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि इसमें कोई बड़ा नायक नहीं है।



# 'श्रीकांत आ रहा...10 मई को होगी रिलीज

**मुंबई** । एक्टर राजकुमार राव जल्द ही उद्योगपति श्रीकांत बोला की वास्तविक जीवन की कहानी पेश करेंगे। 'श्रीकांत- आ रहा है सबकी आंखें खोलने' नाम की फिल्म अक्षय तृतीया के अवसर पर 10 मई को रिलीज होगी। 'सांड की आंख' के तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में ज्योतिका, अलाया एफ और शरद केलकर भी हैं। यह फिल्म दर्शकों को एक उद्योगपति श्रीकांत बोला की रोमांचक और प्रेरणादायक यात्रा पर ले जाती है, जिन्होंने दृष्टिबाधित होने के बावजूद निडर होकर अपने सपनों का पूरा किया और अंततः बोलैंट इंडस्ट्रीज की स्थापना की। श्रीकांत जन्म से दृष्टिबाधित थे और उनका परिवार मुख्य रूप से खेती पर निर्भर था। 2012 में, उन्होंने रतन टाटा से फंडिंग लेकर बोलैंट इंडस्ट्रीज की शुरुआत की। यह इको फ्रेंडली पैकेजिंग प्रोडक्ट्स बनाती है और कई दिव्यागों को रोजगार प्रदान करती है।



# तमन्ना ने किया फिल्म अरनमनई 4 का प्रमोशन

**मुंबई।** तमन्ना भाटिया ने शनिवार को अपनी अपकमिंग तमिल हॉरर कॉमेडी फिल्म अरनमनई 4 का प्रमोशन करते हुए अपने नए फोटोशूट की तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें उन्हें ग्रीन कलर के एथनिक आउटफिट में देखा जा सकता है। पिछली बार एक्ट्रेस मलयालम फिल्म बांद्रा में नजर आईं थीं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें तमन्ना ने स्लीवलेस बॉटल ग्रीन कलर का ब्लाउज पहना हुआ है, उस पर गोल्डन एंब्रॉयडरी का वर्क है। उन्होंने इसे लॉन्ग स्लीव्स से मेल खाते अलग जॉर्जेट फैब्रिक, मैचिंग स्कर्ट और ग्लोडन दुपट्टे के साथ पेयर किया। बबली बाउंसर एक्ट्रेस ने मैट मेकअप लुक चुना। साथ ही अपने बालों का बन बनाया, और आउटफिट के साथ बड़े गोल्ड झुमके पहने। पोस्ट के कैप्शन में एक्ट्रेस ने लिखा कि ग्रीन फ्लैग एनर्जी, हैशटैग अरनमनई 4। सुंदर सी द्वारा निर्देशित अरनमनई 4 में तमन्ना, राशी खन्ना, संतोष प्रताप, रामचंद्र राजू, कोवई सरला और अन्य कलाकार हैं। अवनी सिनेमैक्स के बैनर तले खुशबू सुंदर द्वारा निर्मित यह फिल्म अप्रैल में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस बीच, तमन्ना के पास पाइपलाइन में 'वेदा' और ओडेला 2 भी हैं।

# मायरा 'पू' से बनी 'पार्वती

## लुक को लेकर किया खुलासा



**मुंबई ।** टीवी शो 'भाग्य लक्ष्मी' में सात साल का लीप आया है, जिससे एक्ट्रेस मायरा मिश्रा काफी खुश हैं। उन्हें एक बिल्कुल नए अवतार में अपने लुक के साथ एक्सपेरिमेंट करने का मौका मिल रहा है। इस नए लुक में वह साड़ी, बिंदी और बालों का जूड़ा बनाकर तैयार होती हुई नजर आएंगी। मायरा ने कहा, जब से मैं शो में शामिल हुई हूं, तब से मैं मॉडर्न और डिजाइनर आउटफिट पहन रही हूं। इसलिए मुझे खुशी है कि इस लीप के साथ, मुझे अब एक बिल्कुल नए अवतार में अपने लुक के साथ एक्सपेरिमेंट करने का मौका मिल रहा है। एक्ट्रेस ने कहा कि उनके लिए यह पू बनी पार्वती जैसा है। एक्ट्रेस ने कहा, साड़ी पहनना मलिष्का के लिए अहम बदलाव है, जैसे- पू बनी पार्वती। मुझे हमेशा लगता है कि साड़ी लुक बेहद खूबसूरत और आकर्षक है। और आम तौर पर, हमें इसे रोजाना पहनने का मौका नहीं मिलता है, लेकिन मेरे लुक में बदलाव के साथ, मुझे इसका एक्सपीरियंस भी होगा। मायरा ने अपनी क्रिएटिविटी टीम को श्रेय देते बुए कहा कि टीम के लोग बेहद मददगार हैं। उनकी मदद से, हमने कई शानदार लुक डिजाइन किए हैं, जिन्हें मैं दर्शकों द्वारा स्क्रीन पर देखने का इंतजार नहीं कर सकती।




# थोड़ा देसी लड़के से डेट करना चाहती हैं कृति

**मुंबई।** एक्ट्रेस कृति सेनन को फिल्म 'क्रू' के लिए काफी सरहाना मिल रही है। एक्ट्रेस ने खुलासा किया है कि उन्हें भारतीय लड़के क्यों पसंद हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हें एक ऐसे लड़के की जरूरत है, जो थोड़ा देसी हो। एक्ट्रेस ने कहा, अभी तक मैं किसी गोरे व्यक्ति की ओर आकर्षित नहीं हुई हूं, लेकिन मुझे कैनेडियन एक्टर रयान गोसलिंग बहुत आकर्षक लगते हैं। आप हॉट हो सकते हैं लेकिन मैं किसी ऐसे व्यक्ति के प्यार में नहीं पड़ी हूं, जो भारतीय नहीं है। मैं ऐसे लड़के को डेट करना पसंद करूंगी जो थोड़ा देसी हो। उन्होंने आगे कहा, ऐसा इसलिए है क्योंकि मैं बहुत देसी हूं, मुझे चाहिए कि पार्टनर कम से कम हिंदी समझे। मेरे मुंह से हिंदी निकलने वाली है, मैं हमेशा इंग्लिश में बात नहीं कर सकती। मैं इंग्लिश गानों पर ज्यादा देर तक डांस नहीं कर सकती, मैं हिंदी गाने और पंजाबी गाने प्ले करना पसंद करती हूं।

## राजकपूर के लिए लकी साबित हुईं, बचाया था डूबता करियर

# डेब्यू फिल्म के लिए डिंपल ने दो बार दिया था स्क्रीन टेस्ट

**मुंबई।** एक तरफ 70 के दशक की कई ऐसी एक्ट्रेसेज रही हैं, जो अब एक्टिंग की दुनिया से नाता तोड़ चुकी हैं। लेकिन दूसरी तरफ डिंपल कपाड़िया वो अदाकारा हैं, जो आज भी हिंदी सिनेमा में अपनी पकड़ बनाए हुए हैं। कमाल की अदाकारी, झील जैसी आंखों और दमदार आवाज की धनी डिंपल अपने समय की सफल अभिनेत्रियों में से एक मानी जाती हैं।



### पहली बार हुई थीं रिजेक्ट

उन्होंने बेटे ऋषि कपूर को लॉन्च करने के लिए फिल्म बॉबी के बनाने का विचार किया और वह इसके लिए अदाकारा की तलाश करने लगे। बताया जाता है कि राज कपूर ने एक्ट्रेस के लिए अखबार में विज्ञापन भी निकलवाए थे, जिसे पढ़कर डिंपल कपाड़िया बॉबी के लिए स्क्रीन टेस्ट देने गईं, लेकिन पहली बार में राज कपूर को उनका टेस्ट अच्छा नहीं लगा और डिंपल का रिजेक्ट कर दिया गया। उन्हें ऐसा लगा कि किरदार के हिसाब से डिंपल ऋषि से उम्रदाज दिखीं।

### पिता की वजह से मिला दूसरा मौका

पहली बार बॉबी मूवी के लिए स्क्रीन टेस्ट में विफल होने के बाद डिंपल कपाड़िया को दूसरा मौका उनके पिता की वजह से मिला। दरअसल एक्ट्रेस के पिता के एक मित्र राज कपूर के भी दोस्त थे। ऐसे में जब दूसरी बार डिंपल ने बॉबी के लिए स्क्रीन टेस्ट दिया तो इस बार वह डायरेक्टर को पसंद आईं और इसके साथ ही वह बॉबी के लिए सेलेक्ट हुईं।

### राज कपूर का बचाया करियर

जब सिनेमाघरों में फिल्म बॉबी रिलीज हुई तो इसने सफलता के सारे रिकॉर्ड धरायशी कर दिए। बताया जाता है कि ये मूवी कुछ शहरों के सिनेमाघरों में 6 महीनों तक हाउसफुल रही थी। इतना ही नहीं 1973 की टॉप फिल्मों में बॉबी शुमार हुई। इस फिल्म में अपनी कमाल की एक्टिंग से डिंपल कपाड़िया ने हर किसी का दिल जीता। बॉबी की सक्सेस से राज कपूर का डूबता हुआ करियर बच सका।



### 1973 में रखा बॉलीवुड में कदम

डिंपल कपाड़िया के बॉलीवुड डेब्यू की कहानी काफी रोचक है। पहली फिल्म के लिए उन्हें एक नहीं बल्कि दो बार स्क्रीन टेस्ट की प्रक्रिया से गुजरना पड़ा था। डिंपल कपाड़िया ने साल 1973 में फिल्म बॉबी के जरिए हिंदी सिनेमा में कदम रखा। इस मूवी में उनके को-स्टार दिवंगत एक्टर ऋषि कपूर थे, जबकि फिल्म के निर्देशन की कमान उनके पिता और बॉलीवुड के शो मैन के नाम से मशहूर राज कपूर थे। लेकिन मेरा नाम जोकर के बुरे तरह असफल होने से राज कपूर की साख पूरी तरह से दांव पर लगी थी।

# बोपन्ना सबसे उम्रदराज एटीपी मास्टर्स 1000 चैंपियन, मियामी ओपन जीत बने वर्ल्ड नंबर-1

एजेंसी ▶▶ मियामी

भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने सबसे उम्रदराज एटीपी मास्टर्स 1000 चैंपियन बनने के अपने रिकॉर्ड में सुधार करते हुए आस्ट्रेलिया के जोड़ीदार मैथ्यू इबडेन के साथ यहां मियामी ओपन में पुरुष युगल का खिताब जीता।

इस साल अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 44 साल बोपन्ना और इबडेन की जोड़ी ने शुरुआती सेट में पिछड़ने के बाद शनिवार को हार्ड रॉक स्टेडियम में क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिसेक की जोड़ी पर 6-7(3), 6-3, 10-6 से रोमांचक जीत हासिल की। इस जीत के साथ बोपन्ना ने पिछले साल बनाए अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। उन्होंने बीते साल 43 बरस की उम्र में इंडियन वेल्स खिताब जीता था। उन्होंने इसके साथ ही युगल रैंकिंग में शीर्ष स्थान भी हासिल किया।

- इबडेन के साथ जीता पुरुष युगल का खिताब
- डोडिग-ऑस्टिन को 6-7(3), 6-3, 10-6 से हराया

## 26वां युगल खिताब

यह बोपन्ना का 14वां एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल था। इस अनुभवी भारतीय खिलाड़ी का यह 63वां एटीपी टूर स्तर का फाइनल और 26वां युगल खिताब था। बोपन्ना ने इस दौरान एक और उपलब्धि हासिल की। वह लिएंडर पेस के बाद सभी नौ एटीपी मास्टर्स स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय बन गए।



*'यह आश्चर्यजनक है। हम इन बड़े आयोजनों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, हम इसी के लिए खेलते हैं। मैं मास्टर्स 1000 और ग्रैंड स्लैम में अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं। उच्च रैंकिंग को बरकरार रखना और बाकी सभी को कड़ी टक्कर देना अच्छा है।'*

\- रोहन बोपन्ना

## 26वां युगल खिताब

*यह बोपन्ना का 14वां एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल था। इस अनुभवी भारतीय खिलाड़ी का यह 63वां एटीपी टूर स्तर का फाइनल और 26वां युगल खिताब था। बोपन्ना ने इस दौरान एक और उपलब्धि हासिल की। वह लिएंडर पेस के बाद सभी नौ एटीपी मास्टर्स स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय बन गए।*

## छठी बार जीता एटीपी मास्टर्स

बोपन्ना ने छठी बार एटीपी मास्टर्स जीता है। बोपन्ना ने साल 2011 में पहली बार पाकिस्तान के एसम-उ-हक- कुरेशी के साथ जीता था। इसके बाद से बोपन्ना ने साल 2012 पेरिस, 2015 मैड्रिड, 2017 मोन्टे कार्लो और साल 2023 में इंडियन वेल्स मास्टर्स जीता था। एटीपी मास्टर्स नौ टेनिस टूर्नामेंट्स की एक सीरीज है। ग्रैंड स्लैम जीतने पर 2000 पॉइंट मिलते है, वहीं, मास्टर्स जीतने पर 1000 पॉइंट्स एड होते हैं।



### दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन

रोहन बोपन्ना ने इस साल जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन का टाइटल जीता था। 43 साल के बोपन्ना अपने ऑस्ट्रेलियाई साथी मैथ्यू इबडेन के साथ साल के पहले ग्रैंड स्लैम की मेंस डबल में चैंपियन बने। इसी के साथ बोपन्ना ने पहला मेंस डबल्स ग्रैंड स्लैम टाइटल जीता और ओपन एरा में ऐसा करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी बने थे। इससे पहले उन्होंने 2017 में कनाडा की गैब्रिएला डाब्रोव्स्की के साथ फ्रेंच ओपन में मिक्स्ड डबल्स खिताब जीता था।

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| चेन्नई | 2 | 2 | 0 | 4 |
| कोलकाता | 2 | 2 | 0 | 4 |
| राजस्थान | 2 | 2 | 0 | 4 |
| गुजरात | 3 | 2 | 1 | 4 |
| हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 |
| लखनऊ | 2 | 1 | 1 | 2 |
| पंजाब | 3 | 1 | 2 | 2 |
| बेंगलोर | 3 | 1 | 2 | 2 |
| दिल्ली | 2 | 0 | 2 | 0 |
| मुंबई | 2 | 0 | 2 | 0 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
181 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



मुस्तफिजुर रहमान
06 विकेट
चेन्नई

### बाउंड्री मीटर

342 चौके
228 छक्के

## खबर संक्षेप



### पीसीबी ने बाबर को बनाया टी20 और वनडे का कप्तान

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम को टी20 विश्व कप से दो महीने पहले रविवार को फिर से सफेद गेंद प्रारूप का कप्तान नियुक्त किया गया। बाबर टी20 कप्तान के रूप में तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी की जगह लेंगे, जिन्होंने जनवरी में न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में 1-4 की हार में पाकिस्तान का नेतृत्व किया था। यह निर्णय पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की चयन समिति की सर्वसम्मत सिफारिश के बाद लिया गया। पीसीबी ने कहा, 'पीसीबी की चयन समिति की सर्वसम्मत सिफारिश के बाद बोर्ड अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने बाबर आजम को पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम के सफेद गेंद प्रारूप (वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय) कप्तान नियुक्त किया है।' पीसीबी प्रमुख नकवी के साथ लाहौर में हाल ही में एक बैठक के दौरान, बाबर ने कथित तौर पर अपने कार्यकाल को लेकर आश्वासन के साथ टेस्ट टीम का कप्तान भी नियुक्त करने की मांग की थी।

### भारत में मुझे अभी तक नहीं हुई कोई समस्या

**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन की पूर्व सहयोगी यानेक शॉपमैन ने भले ही हॉकी इंडिया पर भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया हो लेकिन उन्हें इस तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़ा है और उन्हें हर तरफ से पूरा सहयोग मिल रहा है।



शॉपमैन

भारतीय महिला हॉकी टीम की मुख्य कोच थीं जबकि फुल्टोन पुरुष टीम के मुख्य कोच हैं। शॉपमैन ने फरवरी में इस पद से इस्तीफा दे दिया था। फुल्टोन ने कहा, 'मुझे अब तक कोई समस्या नहीं हुई है। मुझे अच्छा समर्थन मिला है। मेरे चयन में स्पष्टता है। मुझे सीनियर खिलाड़ियों का पूरा समर्थन मिला है और उन्हें मेरी चीजें अच्छी तरह समझ आती हैं। मौजूदा स्टाफ से लेकर नये स्टाफ तक हम सभी एक सा ही सोचते हैं।

## तीन मैचों में दो जीत से चौथे स्थान पर टाइटंस

# गुजरात ने हैदराबाद को 7 विकेट से रौंदा, मोहित बने मैच के हीरो

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग मैच में रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद को सात विकेट से शिकस्त दी। मोहित शर्मा ने डैथ ओवरों में बेहतरीन प्रदर्शन किया जबकि अफगानिस्तान के स्पिनरों राशिद खान और नूर अहमद ने बीच के ओवरों में किफायती गेंदबाजी की जिसके दम पर गुजरात टाइटंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को आठ विकेट पर 162 रन पर रोक दिया। टाइटंस ने 19.1 ओवर में तीन विकेट पर 168 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

डेविड मिलर ने मांसपेशियों में खिंचाव के बावजूद 44 रन की नाबाद पारी में चार चौके और दो छक्के लगाए। उन्होंने बी साई सुदर्शन (45 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी कर जीत की नींव रखी और फिर विजय शंकर (नाबाद 14 रन) के साथ 18 गेंद में 30 रन जोड़कर टीम को लक्ष्य के पार पहुंचाया। सलामी बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा (13 गेंद में 25 रन) और शुभमन गिल (28 गेंद में 36 रन) ने भी बल्ले से उपयोगी योगदान दिया।



## एक भी फिफ्टी नहीं बनने से मिली हार

गुजरात टाइटंस के खिलाफ मिली हार के बाद कप्तान पैट कमिंस ने कहा, /"अच्छा क्रिकेट मैच रहा। अंत में काफी टाइट मुकाबला रहा। शायद हमको 10 से 15 रन और बनाने चाहिए थे। मुझे लगता है कि गुजरात के गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी की। हमारी ओर से कोई भी बल्लेबाज फिफ्टी नहीं लगा सका। हमको आज लगा कि पिच थोड़ा स्लो खेलेगी और ऑफ कटर्स असरदार रहेगी। हमारे पास 8 बॉलिंग ऑप्शन भी मौजूद थे। हालांकि, मेरे हिसाब से पिच दोनों ही पारियों में एक जैसा खेली। पिछले कुछ मैचों में बल्लेबाजों का प्रदर्शन दमदार रहा था, लेकिन आज वह उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके।



## राशिद गुजरात के बेस्ट गेंदबाज

राशिद खान गुजरात टाइटंस के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। राशिद के खाते में 49 विकेट हो गए हैं। उन्होंने मोहम्मद शमी को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने गुजरात के लिए 48 विकेट चटकाए थे। अहमदाबाद के मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ राशिद ने चार ओवर में 33 रन देकर एक विकेट हासिल किया। राशिद ने 14वें ओवर में हेनरिक क्लासेन को बोल्ड किया। राशिद खान ने मैच में शानदार फील्डिंग भी की। उमेश यादव की गेंद पर एडन मार्करम का राशिद खान ने शानदार डाइव लगाकर कैच लपका।

## स्कोर बोर्ड

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मयंक का दर्शन बो अजमतुल्लाह | 16 | 14 | 3 | 0 |
| ट्रेविस हेड बो नूर अहमद | 19 | 17 | 2 | 0 |
| अभिषेक का गिल बो मोहित | 29 | 20 | 2 | 2 |
| मार्कराम का राशिद बो उमेश | 17 | 19 | 0 | 0 |
| हेनरिच क्लासेन बो राशिद | 24 | 13 | 1 | 2 |
| अहमद का तेवतिया बो मोहित | 22 | 20 | 1 | 1 |
| अब्दुल समद रन आउट | 29 | 14 | 3 | 1 |
| सुंदर का राशिद बो मोहित | 00 | 01 | 0 | 0 |
| पैट कमिंस नाबाद | 02 | 02 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 04, कुल : 20 ओवर में 162/8
गेंदबाजी : उमरजई 3-0-24-1, उमेश यादव 3-0-28-1, राशिद 4-0-33-1, अहमद 4-0-32-1, मोहित 4-0-25-3, दर्शन 2-0-18-0.

| गुजरात टाइटंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| साहा का कमिंस बो शाहबाज | 25 | 13 | 1 | 2 |
| गिल का समद बो मार्कंडेय | 36 | 28 | 2 | 1 |
| सुदर्शन का अभिषेक बो कमिंस | 45 | 36 | 4 | 1 |
| डेविड मिलर नाबाद | 44 | 27 | 4 | 2 |
| विजय शंकर नाबाद | 14 | 11 | 2 | 0 |

अतिरिक्त : 04, कुल : 19.1 ओवर में 168/3
गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-27-0, शाहबाज 2-0-20-1, उनादकट 3.1-0-33-0, वाशिंगटन 3-0-27-0, मार्कंडेय 3-0-33-1, कमिंस 4-0-28-1.

खास खबर

## कोलिन्स बनीं महिला एकल चैंपियन



**मियामी।** डेनिएल कोलिन्स ने मियामी ओपन टेनिस में विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज ऐलेना रायबकिना को 7-5, 6-3 से हराकर अपने घरेलू मैदान पर महिला एकल खिताब पर कब्जा किया। तीस साल की कोलिन्स आखिरी बार इस टूर्नामेंट में खेल रही है। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन में घोषणा की थी कि यह उनका आखिरी सत्र होगा क्योंकि वह 'एंडोमेट्रियोसिस' से पीड़ित हैं। यह एक दर्दनाक बीमारी है जो गर्भाशय को प्रभावित करती है। स्टेडियम में आंद्रे अगासी और मार्टिना नवरातिलोवा की मौजूदगी के बीच विश्व रैंकिंग में 59वें स्थान पर काबिज कोलिन्स अपने बैकहैंड से क्रॉसकोर्ट विनर लगाने के बाद 10 सेकंड तक कोर्ट पर लेटी रही। कोलिन्स के करियर का यह तीसरा जबकि मास्टर्स 1000 स्तर का पहला खिताब है। वह इससे पहले सैन जोस में 2021 में चैंपियन बनीं थी।

## ब्रेंटफोर्ड ने यूनाइटेड को बराबरी पर रोका



**लंदन।** मैनचेस्टर यूनाइटेड की टीम इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल मैच में शनिवार को यहां ब्रेंटफोर्ड के खिलाफ बढ़त लेने के बाद जीत दर्ज करने में नाकाम रही। दोनों टीमों ने मैच के स्टॉपेज समय में गोल किया। मैसन माउंट (90+6 मिनट) के गोल से मैनचेस्टर यूनाइटेड ने बढ़त बनाई। टीम जीत की ओवर बढ़ रही थी लेकिन इसके तीन मिनट बाद ही क्रिस्टोफर अजेर के गोल से स्कोर 1-1 से बराबर हो गया। मैनचेस्टर यूनाइटेड 29 मैचों में 48 अंक के साथ तालिका में छठे पायदान पर है जबकि ब्रेंटफोर्ड 30 मैच में 27 अंक के साथ 15वें स्थान पर है।

# हार्दिक-सलीमा वर्ष के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी अशोक को पिता के नाम का ध्यानचंद अवार्ड

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

युवा मिडफील्डर हार्दिक सिंह और डिफेंडर सलीमा टेटे को वर्ष 2023 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार दिया गया जबकि मेजर ध्यानचंद के नाम पर लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान उनके बेटे अशोक कुमार को मिला।

पिछले साल एफआईएच वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार भी जीतने वाले हार्दिक ने पुरस्कार की दौड़ में पी आर श्रीजेश और हरमनप्रीत सिंह जैसे सीनियर खिलाड़ियों को पछाड़ा। टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे 25 वर्ष के हार्दिक सौ से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। झारखंड के सिमडेगा जिले की टेटे टोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही भारतीय महिला टीम का हिस्सा थी। उन्होंने पुरस्कार की दौड़ में अपनी कप्तान और एफआईएच वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला गोलकीपर का पुरस्कार जीतने वाली सविता पूनिया को पछाड़ा। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को पुरस्कार के तौर पर 25 लाख रुपए और प्रशस्ति पत्र दिया गया।





### अवार्ड विजेता खिलाड़ी

| खिलाड़ी | अवार्ड |
|---|---|
| हार्दिक सिंह | सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी |
| हार्दिक सिंह | सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर |
| सलीमा टेटे | सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी |
| पी आर श्रीजेश | सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर |
| हरमनप्रीत सिंह | सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर |
| अभिषेक | सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड |
| अशोक कुमार | लाइफटाइम अचीवमेंट |

## अलग-अलग विदेशी कोच नियुक्त करेगा पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने लाल गेंद और सफेद गेंद प्रारूपों के लिए अलग-अलग विदेशी कोच नियुक्त करने का फैसला किया है और सूत्रों के अनुसार इसमें ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी और पूर्व दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज गैरी कर्स्टन को संभावित उम्मीदवारों के रूप में शामिल किया गया है। पीसीबी ने शनिवार को आधिकारिक तौर पर लाल गेंद और सफेद गेंद कोच के पदों के लिए विज्ञापन जारी किया। इच्छुक उम्मीदवार (विदेशी और स्थानीय) 15 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं और उनके पास न्यूनतम लेवल दो कोचिंग की पात्रता होने के अलावा घरेलू, अंतरराष्ट्रीय या फ्रेंचाइजी टीम को कोचिंग देने का कम से कम पांच साल का अनुभव होना चाहिए। इसमें कहा गया है कि उच्च स्तर की कोचिंग पात्रता वाले उम्मीदवारों को नियुक्तियों में प्राथमिकता दी जाएगी।

# श्रीलंका ने बिना शतक के बनाया टेस्ट क्रिकेट का सबसे बड़ा स्कोर

### 531 रन बनाकर भारत का 48 साल पुराना 524/9 का रिकॉर्ड तोड़ा

एजेंसी ▶▶ चट्टोग्राम

बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच दूसरा टेस्ट मैच चट्टोग्राम के मैदान पर खेला जा रहा है। रविवार को श्रीलंका ने पहली पारी में सभी विकेट खोकर 531 रन बनाए। श्रीलंकाई टीम की तरफ से पहली पारी में किसी भी प्लेयर ने शतक नहीं जड़ा। श्रीलंकाई टीम ने इस मैच में टेस्ट का हाईएस्ट स्कोर बनाया और भारत का 48 साल पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त किया।

भारत ने 1976 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 524/9 का स्कोर बनाया था, जिसे अब श्रीलंका ने तोड़ दिया। ऐसे में श्रीलंकाई टीम के किसी बैटर ने पहली पारी में शतक नहीं जमाया और बिना सेंचुरी के श्रीलंका ने टेस्ट का सबसे बड़ा स्कोर बनाया। दरअसल, बांग्लादेश के खिलाफ श्रीलंकाई टीम ने दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 531 रन बनाए। श्रीलंका की तरफ से सबसे ज्यादा रन विकेटकीपर बल्लेबाज कुशल मेंडिस ने बनाए। उन्होंने 150 गेंदों में 11 चौके और 1 छक्के की मदद से 93 रन बनाए। कामिंदु मेंडिस 92 रन की नाबाद पारी खेलकर लौटे। उन्होंने 167 गेंदों में 7 चौके और 2 छक्के लगाए। दिमुथ करुणारत्ने के बल्ले से 86 और कप्तान धनजंय ने 70 रन बनाए। दिनेश ने 59 और निशान ने 57 रन का योगदान दिया।



## पंड्या की अगुवाई में शुरुआती दो मैचों में मिली हार

# मुंबई को राजस्थान के खिलाफ वापसी का भरोसा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हार्दिक पंड्या की अगुवाई में शुरुआती दो मैचों में हार का सामना करने वाली मुंबई इंडियंस की टीम लय में चल रही राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सोमवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर उतरेगी तो हार के सिलसिले को खत्म करना चाहेगी। मुंबई को आईपीएल में अपनी धीमी शुरुआत के लिए जाना जाता है और पंड्या के कप्तान बनने के बाद भी इस में कोई बदलाव नहीं आया है।

मुंबई इंडियंस को पांच खिताब दिलाने वाले रोहित शर्मा की जगह पंड्या को कप्तान बनाए जाने का फैसला प्रशंसकों को नागवार गुजरा और इस हरफनमौला खिलाड़ी को शुरुआती मैचों में दर्शकों की हूटिंग का भी सामना करना पड़ा। मुंबई इंडियंस को पंड्या की पूर्व टीम गुजरात टाइटंस ने सत्र के पहले मैच में छह रन से हराया जबकि हैदराबाद में बड़े स्कोर के रिकॉर्ड वाले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने उसे 32 रन से शिकस्त दी।



इन दो हार के बाद टीम अंक तालिका में सबसे नीचे 10वें पायदान पर है। यह हालांकि आईपीएल के 17 वें सत्र का शुरुआती चरण है लेकिन मुंबई की टीम हार के सिलसिले को खत्म करने के साथ अपने नेट रन रेट (-0.925) को भी सुधारना चाहेगी। मुंबई को अपने अनुभवी खिलाड़ी सूर्यकुमार यादव की कमी खल रही है जो चोट से उबर रहे है।

## रॉयल्स का शानदार प्रदर्शन

*दोनों टीमों के बीच पिछले पांच मैचों में मुंबई की टीम चार जीत दर्ज करने में सफल रही है लेकिन संजू सैमसन की अगुवाई वाली राजस्थान रॉयल्स ने इस सत्र में अब तक कमाल का प्रदर्शन किया है। टीम ने अपने दोनों मैच जीते है और इस दौरान उसके ज्यादातर खिलाड़ियों का प्रदर्शन अच्छा रहा है। सैमसन आईपीएल के शुरुआती चरण में बेहतरीन लय में है बेहद प्रतिभाशाली यशस्वी जायसवाल इस सत्र अपना पहला बड़ा स्कोर बनाने के लिए उत्सुक होंगे। जायसवाल अपने घरेलू मैदान पर लौट रहे हैं, जहां उन्होंने दोनों टीमों के बीच खेले गए पिछले मैच में 62 गेंदों में 124 रनों की तूफानी पारी खेली थी। मध्यक्रम में रियान पराग पर भरोसा दिखाना राजस्थान के लिए अच्छा साबित हो रहा है।*

# विश्व कप में वापसी करेंगी चानू ओलंपिक कोटा होगा पक्का

एजेंसी ▶▶ फुकेट

टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू छह महीने चोट के कारण ब्रेक के बाद आईडब्लूएफ विश्व कप के जरिए वापसी करेंगी ताकि पेरिस ओलंपिक का टिकट कटा सके। विश्व कप आखिरी क्वालीफाइंग टूर्नामेंट ही नहीं है बल्कि पेरिस खेलों के लिए अनिवार्य भी है।

विश्व कप में उनकी भागीदारी ही पेरिस का टिकट कटाने के लिए काफी होगी क्योंकि पूर्व विश्व चैंपियन महिलाओं की 49 किलो ओलंपिक क्वालीफिकेशन रैंकिंग में दूसरे स्थान पर है। ओलंपिक 2024 क्वालीफिकेशन नियमों के तहत विश्व चैंपियनशिप 2023 और विश्व कप 2024 में भाग लेना अनिवार्य है। इन दोनों टूर्नामेंटों के अलावा भारोत्तोलक को 2022 विश्व चैंपियनशिप, 2023 उपमहाद्वीपीय चैंपियनशिप, 2023 ग्रां प्री वन, 2023 ग्रां प्री टू और 2024 उपमहाद्वीपीय चैंपियनशिप में से कम से कम तीन में भाग लेना जरूरी है। चानू इन मानदंडों पर खरी उतरती है जिन्होंने 2022 विश्व चैंपियनशिप और 2023 एशियाई चैंपियनशिप खेली थी।



नए सत्र में हो रही लागू

# सीबीएसई स्कूलों ने बढ़ा दी 15 फीसदी फीस

**जबलपुर।** प्राइवेट स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ाना अब ज्यादा महंगा होने जा रहा है। सीबीएसई के मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों ने बगैर किसी सूचना दिए 10 से 15 फीसदी तक फीस बढ़ा दी है। इस बढ़ोत्तरी से निश्चित ही बच्चों के अभिभावकों को ज्यादा झटका लगने वाला है। फीस के साथ ही इस बार यूनिफॉर्म, किताबें और बसों का किराया भी भारी पडऩे वाला है।



मध्यप्रदेश के सीबीएसई स्कूलों में बगैर कोई सूचना दिए फीस बढ़ाने का मामला सामने आया है। एक अप्रेल से नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो रहा है। इस सत्र में भी अभिभावकों को स्कूल संचालकों की मनमानी का शिकार होना पड़ रहा है। निजी स्कूलों ने न केवल फीस में 10-15 फीसदी तक की बढ़ोतरी कर दी है, बल्कि यूनिफॉर्म, किताबें व समान दूरी का अलग-अलग परिवहन शुल्क भी अभिभावकों की जेब पर भारी पड़ रहा है। फीस रेगुलेशन एक्ट के तहत स्कूलों की फीस तीन साल के लेखाजो खा के आधार पर तय की जाना थी, स्थिति यह है कि इस साल भी जिला शिक्षा कार्यालय की ओर से स्कूलों से फीस तय करने के लिए आवेदन नहीं लिए गए हैं। न ही उनसे फीस के संबंध में कोई जानकारी मांगी गई। ऐसे में स्कूलों ने एक बार फिर मनमाने तरीके से फीस बढ़ा दी है।

### यह है गाइडलाइन

नए शिक्षण सत्र में प्रस्तावित फीस स्ट्रक्चर क्या होगा, स्कूल की फीस में वृद्धि 10 प्रतिशत या उससे कम है। यह नए सत्र से 90 दिन पहले जानकारी अपलोड करना होगी। यदि पिछले शैक्षणिक सत्र की तुलना में फीस वृद्धि 10 प्रतिशत से अधिक और 15 प्रतिशत या उससे कम है तो जिला समिति को भेजना होगी, वह इस पर 45 दिन में निर्णय लेगी। यदि यह फीस वृद्धि 15 प्रतिशत से ज्यादा है तो जिला समिति 7 दिन में अपने अभिमत के साथ राज्य समिति को भेजेगी। जिला समिति निजी विद्यालय के प्रबंधन से ऐसी अतिरिक्त जानकारी या साक्ष्य मांग सकेगी कि वह फीस क्यों बढ़ा रहे हैं। फीस बढ़ाने पर निर्णय लेने से पहले समिति स्कूल प्रबंधन और छात्रों या पालक संगठनों का पक्ष भी ले सकेगी।

### 10-15 फीसदी फीस बढ़ाई

पालक महासंघ के महासचिव प्रबोध पंड्या का कहना है कि स्कूलों की फीस पर नियंत्रण करने के लिए चार साल पहले गाइडलाइन जारी की गई थी। गाइड लाइन के अनुसार तीन साल के लेखा-जोखा के आधार पर स्कूलों की फीस तय की जाना चाहिए। अब तक इसकी प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। स्कूलों ने इस साल भी 10 से 15 प्रतिशत तक फीस बढ़ा दी है।

10वीं में अब छह विषय की देनी होगी परीक्षा

## माध्यमिक शिक्षा मंडल ने की बेस्ट ऑफ फाइव योजना बंद

**जबलपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल ने कक्षा 10वीं के लिए कुछ साल पहले शुरू की गई बेस्ट आफ फाइव योजना को बंद कर दिया है। दरअसल मंडल की 2017 में आयोजित हुई 10वीं की बोर्ड परीक्षा में आधे से अधिक परीक्षार्थी फेल हो गए थे। इसके बाद मंडल ने 10वीं में बेस्ट आफ फाइव योजना को लागू किया था। इसमें किसी भी किसी एक विषय में फेल होने पर भी परीक्षार्थी पास कर दिया जाता था।

परीक्षा परिणाम सुधारने के लिए माशिमं ने नौवीं और 10वीं में बेस्ट फाइव योजना लागू की थी। इसमें परीक्षार्थी सभी छह विषय की परीक्षा में शामिल होते थे, लेकिन सर्वाधिक पांच अंक लाने वाले विषयों के नंबर जोडक़र रिजल्ट घोषित किया जाता था, जबकि सबसे कम अंक आने वाले विषय को रिजल्ट में शामिल नहीं किया जाता था। बेस्ट ऑफ फाइव लागू होने के बाद 10वीं के वर्ष 2018 के रिजल्ट में काफी सुधार आया, लेकिन योजना का असर यह हुआ कि विद्यार्थियों ने गणित, विज्ञान व अंग्रेजी पर ध्यान देना बंद कर दिया। पिछले सालों में 10वीं के गणित व अंग्रेजी में सबसे ज्यादा विद्यार्थी फेल हुए। इसी कारण से नए शिक्षा सत्र से इस योजना को बंद कर दिया गया है।

**गणित में होगा विकल्प**

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा इस शिक्षा सत्र से पहली बार 10वीं के विद्यार्थियों को सामान्य गणित व उच्च गणित का विकल्प दिया जाएगा। इस संबंध में माशिमं सचिव केडी त्रिपाठी ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। दरअसल माशिमं ने उच्च गणित और सामान्य गणित का सत्र 2023-24 में नौवीं कक्षा से लागू किया है। इसमें विद्यार्थी उच्च और सामान्य गणित में कोई एक विकल्प चुन सकता है। 10वीं में भी इस विकल्प को जोड़ दिया गया है।

अब पहली में प्रवेश के लिए 6 साल उम्र अनिवार्य, 40 की बजाए 32 बच्चों की होगी क्लास की क्षमता

# केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश के लिए नियमों में बदलाव

**जबलपुर।** केंद्रीय विद्यालय संगठन ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए कक्षा पहली से 11वीं तक प्रवेश के लिए कार्यक्रम की घोषणा की है। कक्षा पहली में प्रवेश पंजीकरण प्रक्रिया 1 अप्रैल सुबह 10 बजे से 15 अप्रैल शाम 5 बजे तक ऑनलाइन माध्यम से दी गई पोर्टल लिंक पर होगी। इस बार केंद्रीय विद्यालय ने नियमों में कईं बदलाव किए है। इसके तहत अब कक्षा पहली के लिए एक सेक्शन में बच्चों की संख्या 32 कर दी गई है। पहले यह संख्या 40 थी। जिसमें आरटीई के तहत 8 सीट, ओबीसी 8, एससी 5 और एसटी 2 सीट आरक्षित की गई है।



### प्रवेश नियमों में यह आया बदलाव

कक्षा दूसरी से ऊपर की कक्षाओं में भी तभी प्रवेश दिया जाएगा, यदि संबंधित कक्षा में 32 से कम बच्चें हो। कक्षा 2 से 9 तक के प्रवेश के लिए कक्षा विशेष में रिक्तियां होने पर 01 अप्रैल से 10 अप्रैल 2024 तक विद्यालय में ऑफलाइन माध्यम से पंजीकरण होगा। अभिभावकों के स्थानांतरण पर मिलने वाले प्रवेश को भी केंद्रीय कर्मचारियों तक के लिए सीमित किया गया है। जैसे पहले ही केंद्रीय विद्यालय में सभी प्रकार के एडमिशन कोटे बंद कर दिए थे। सत्र 2024-25 से सिंगल गर्ल चाइल्ड एकल कन्या के लिए अब कोई स्थान विशेष प्रावधान के तहत नहीं हैं। पिछले वर्षों में दो सिंगल गर्ल चाइल्ड लड़कियों को इस कोटे के तहत प्रवेश मिलता था जो अब बंद कर दिया गया है। नई शिक्षा नीति के अनुसार कक्षा पहली में प्रवेश लिए बच्चे की आयु 31 मार्च को 6 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है। कक्षा पहली के सभी पंजीकृत विद्यार्थियों की चयनित, प्रतीक्षित सूची 19 अप्रैल 2024 को जारी की जाएगी। कक्षा 11वीं में प्रवेश सीबीएसई बोर्ड द्वारा जारी दसवीं के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद अगले 10 दिन के अंदर पंजीकरण कर दिया जाएगा।

## आठ साल बाद दी एफआईआर को चुनौती

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने एफआईआर को चुनौती देने में अत्यधिक देरी का हवाला देते हुए मामले में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने दहेज प्रताड़ना से जुड़े मामले में दायर याचिका निरस्त कर दी। कटनी मुड़वारा के डी चक्रवर्ती व अन्य की ओर से याचिका दायर कर बताया गया क उन्हें दहेज प्रताड़ना के मामले में झूठा फंसाया गया है। याचिकाकर्तओं के खिलाफ दुर्भावनावश और झूठी एएफआईआर दर्ज की गई है। याचिकाकर्ता शासकीय सेवक है और अभियोजन के चलते उसके सेवानिवृत्ति देयकों व अन्य भुगतानों में दिक्कत आ सकती है। वहीं शासन की ओर से कोर्ट को बताया गया क इस मामले में बहुत पहले यानी 15 जुलाई 2015 को एफआईआर दर्ज कराई गई है। मामले की ट्रायल में अभियोजन गवाही पूरी हो चुकी है। अब आरोपियों के बयान होना शेष है। अब इस स्थिति में एफआईआर को चुनौती नहीं दी जा सकती। सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा क इस याचिका में इस बात का कोई स्पष्टीकरण नहीं है क आठ साल बाद एफआईआर को क्यों चुनौती दी गई। चूंकि अब ट्रायल समाप्ति की ओर है, ऐसे में एफआईआर निरस्त करने की मांग पर हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता।

मुद्रा लोन के नाम पर 10 लाख रुपये हड़पे

# बेरोजगारों से ठगी का काम कर रहा गिरोह

**जबलपुर।** भारत सरकार ने छोटे कारोबारियों की मदद के लिए मुद्रा लोन की व्यवस्था की है ताकि बेरोजगार को रोजगार से जोड़कर उद्यमी बनाया जा सके। दस्तावेजी कार्रवाई के बाद बैंक के माध्यम से मिलने वाली राशि का डकारने के लिए ठगबाजों की गैंग भी सक्रिय है। बैंक में फरियादी के दस्तावेज लगाकर खुद के एकाउंट में 10 लाख रुपए लेने वाले जालसाज के विरूद्ध अधारताल पुलिस ने धारा 420,34 का अपराध पंजीबद्ध करते हुए उसकी तलाश शुरु कर दी है। अंहिसा चौक विजय नगर निवासी रामचंद्र भटीजा ने अधारताल थाना में शिकायत आवेदन देते हुए पुलिस को बताया कि उसने मुद्रा लोन लेने के लिए प्रयास कर रहा था, तभी एक परिचित की मैडम से संपर्क किया गया। उन्होंने एक सुमित पांडे नाम के लड़के से मिलवाया। सुमित ने बताया कि वह पंजाब नेशनल बैंक अधारताल में कार्य करता है। आपको वहां से लोन दिलवा दूंगा सुमित पांडे द्वारा फार्म भरवाया गया। मेरे से एक दुकान के कोटसन पर भी दस्तखत लिये एवं कहा गया कि तुम्हारा मुद्रा स्वीकृत हो गया है, जल्द ही लोन मिल जाएगा। कारोबार के लिए जहां से आपको सामान लेना है, उसके पास रकम पहुंच जाएगी।आप मशीनरी लेकर अपना व्यवसाय शुरु कर सकेंगे। स्वीकृत दिनांक के बाद जिस दुकान का कोटेशन था सामान लेने पहुंचा तो दुकान संचालक ने बताया की रुपए तो सुमित पांडे ले गया है। सुमित से रुपए देने की बात कही तो वह आज कल करते हुए 2 माह तक टालता रहा। अब सुमित द्वारा धमकी दी जा रही है, कि अगर उसने कही भी यह बात बताई तो जान से मार देगा।

### बेरोजगारों से ठगी का पूरा सिंडीकेट

बेरोजगार और जरूरतमंदों से ठगी करने वालों के कई गिरोह शहर में सक्रिय है। हाल ही में हनुमानताल पुलिस ने जीवित महिला के नाम पर फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर रूपए निकालने वालों के विरुद्ध अपराध दर्ज किया था। हनुमानताल पुलिस के साथ नगर निगम के अधिकारी इस मामले की विस्तृत जांच में अभी भी जुटे हुए हैं।

### दुकानदारों और ट्रेडर्स के लिए मुद्रा लोन

जिन लोगों को अपनी दुकान चलाने, सर्विस एंटरप्राइज, कारोबार और व्यापार करने, और गैर-कृषि कार्य करने के लिए पैसों की जरूरत है जिससे उन्हें आमदनी हो सके, वे लोग मुद्रा लोन ले सकते हैं। इसी तहर किसानी जैसे मधुमक्खी पालन, मछली पालन, मवेशी, छंटाई, कृषि क्लिनिक जैसे कार्यों के लिए लोग मुद्रा लोन लेते हैं।


### कल से मप्र में भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व करेगा प्रचार

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण की बिसात बिछ चुकी है। एमपी के पहले फेस में कुल 88 उम्मीदवार मैदान में है। वहीं सभी राजनीतिक दलों ने प्रचार प्रसार तेज कर दिए हैं। प्रदेश में 2 अप्रैल से भारतीय जनता पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व प्रचार शुरू करेगा। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा महाकौशल में हुंकार भरेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा महाकौशल से चुनाव प्रचार का आगाज करेंगे। 2 अप्रैल को शहडोल में चुनावी दौरे पर रहेंगे। जहां वे जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसके बाद जबलपुर जाएंगे। आपको बता दें कि एमपी की 6 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा। पहले फेस में 6 सीटों पर कुल 88 प्रत्याशी मैदान में है। प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण की 6 सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होना है। इसके लिए सभी सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब इन क्षेत्रों में चुनाव प्रचार जोर पकड़ेगा।

पांच जालसाजों पर मामला दर्ज

# कोर्ट से स्टे के बाद भी बेच दी जमीन

**जबलपुर।** संजीवनी नगर थानांतर्गत मंगेली में 5.73 हेक्टेयर जमीन को पांच लोगों ने कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से अपना बताकर बेच दिया। फर्जीवाड़े में शामिल पांच आरोपियों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। संजीवनी नगर थाना पुलिस ने बताया कि स्वामीदत्त प्यासी ने शिकायत की थी कि मंगेली में उसकी 5.73 हेक्टेयर जमीन है। इस जमीन पर किसी का हक नहीं है। इसके बावजूद श्रीमती सियाबाई प्यासी, आशीष प्यासी, प्रवीण प्यासी, सौरभ प्यासी व हरीश प्यासी ने संपत्ति में बटवारे का वाद प्रस्तुत किया एवं राजस्व न्यायालय में तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश किया। पांचों ने उक्त जमीन पर छलपूर्वक



अपना नाम दर्ज करा लिया। इस संबंध में स्वामीदत्त प्यासी ने न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त कर इस संबंध में उपपंजीयक कार्यालय जबलपुर-2 के कार्यालय में ही तीनों रजिस्ट्री की जानकारी दे दी गई। इसके बाद श्रीमती विद्याबाई प्यासी, आशीष प्यासी, प्रवीण प्यासी, सौरभ प्यासी व हरीश प्यासी द्वारा स्थगन की बात को छिपाकर छलपूर्वक उक्त जमीन की रजिस्ट्री खरीदारी मेसर्स जब एसोसिएट्स द्वारा पार्टनरों शयन कुमार आसवानी, अशोक कुमार पारवानी के पक्ष में दस्तावेज का पंजीयन उपपंजीयक कार्यालय जबलपुर-2 में कराया गया। दस्तावेज निष्पादन के दौरान सेवाप्रदाता कमलेन्दुशरण शुक्ला, विक्रेता एवं भरत सिंह उप पंजीयक द्वारा हानि पहुंचाने मकसद से दस्तावेज का पंजीयन कराया गया। भरत सिंह उपपंजीयक के स्थगन आदेश की जानकारी होने के बावजूद विक्रय पत्र का पंजीयन होने दिया गया। जांच के बाद पुलिस ने विद्याबाई प्यासी, आशीष प्यासी, प्रवीण प्यासी, सौरभ प्यासी व हरीश प्यासी के खिलाफ धारा 420, 424, 34 का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

कोर्ट ने एरियर्स का भी भुगतान करने के निर्देश दिए

# दिव्यांग पुत्र को फैमिली पेंशन देने विद्युत कंपनी को हाई कोर्ट का आदेश

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को आदेश दिए हैं कि वह याचिकाकर्ता दिव्यांग पुत्र को उसकी मां की मृत्यु दिनांक से फैमिली पेंशन का लाभ दें। कोर्ट ने एरियर्स का भी भुगतान करने के निर्देश दिए। हाईकोर्ट ने कंपनी के उस आदेश को भी निरस्त कर दिया जिसके तहत याचिकाकर्ता का दावा खारिज कर दिया गया था। जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने पूरी प्रक्रिया 60 दिन में पूरी करने के निर्देश दिए।



सीहोर निवासी बाने संह की ओर से अधिवक्ता सुधा गौतम ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता के पिता उक्त कंपनी में लाइन इंस्पेक्टर के पद पर पदस्थ थे। फरवरी 2019 की मृत्यु के बाद याचिकाकर्ता की मां को फैमिली पेंशन मिल रही थी, लेकिन नवंबर 2019 में वो भी चल बसीं। दलील दी गई क याचिकाकर्ता पुत्र 75 फीसदी दिव्यांग है, इसलिए वह फैमिली पेंशन का हकदार है। वहीं अनावेदक कंपनी की ओर से दलील दी गई क याचिकाकर्ता के केवल पैर खराब हैं और वह कोई भी बैठने वाला जॉब करने में सक्षम है, इसलिए वह फैमिली पेंशन पाने का हकदार नहीं है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा क यदि मेडिकल बोर्ड ने याचिकाकर्ता को 75 प्रतिशत दिव्यांगता का सर्टिफिकेट दिया है, तो वह उक्त पेंशन पाने का हकदार है।

कई गुना वृद्धि से कार-बस-ट्रक वालों को बड़ा झटका

# आज से बढ़ेगा टोल टैक्स

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश में रोड पर चलना अब और महंगा पड़ेगा। प्रदेश के कई नेशनल हाईवे और स्टेट हाइवे पर टोल टैक्स बढ़ा दिया गया है। टोल टैक्स की नई दरें एक अप्रेल से लागू होंगी। सरकार ने टैक्स में वृद्धि को मंजूरी दे दी है। टोल टैक्स में करीब 7.50 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। प्रदेश में एक अप्रैल से रोड पर सफर करना महंगा पड़ेगा। प्रदेश के चार नेशनल हाईवे और छह स्टेट हाईवे के लिए अगले माह से टोल टैक्स महंगा कर दिया गया है।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण यानि एनएचएआई और एमपीआरडी सी द्वारा ये वृद्धि की गई है जोकि 1 अप्रैल से लागू होगी। जहां टोल रेट बढ़ाए गए हैं वहां उनकी दरें जारी कर दी गईं हैं। लिस्ट में इंदौर देवास बायपास पर कार चालकों को 65 रुपए टोल तय किया है वहीं बस-ट्रक के लिए 220 रुपए टोल है। इंदौर से अहमदाबाद, इंदौर से देवास और देवास से ब्यावरा का सफर महंगा हो जाएगा। हालांकि कुछ रूट्स पर कोई बदलाव नहीं किया गया है। इंदौर-देवास रूट पर एबी रोड पर मांगलिया टोल से निकलनेवालों को राहत रहेगी। यहां कार के टोल रेट में बढ़ोत्तरी नहीं की गई है लेकिन बस और ट्रक के लिए टोल बढ़ाकर 65 रुपए कर दिया गया है। इंदौर अहमदाबाद रूट पर मेहतवाड़ा टोल पर कार के लिए अब 160 टोल देना होगा। ट्रक और बस के लिए 505 रुपए टोल कर दिया गया है। दत्तीगांव टोल पर कार के लिए 140 रुपए और ट्रक या बस के लिए 445 रुपए टोल लगेगा। देवास होते हुए ब्यावरा रूट पर छपरा और रोजवास टोल पर कार के कुल 235 रुपए टोल देना होगा। एनएचएआई द्वारा कुछ रोड पर टोल टैक्स बढ़ाया गया है पर अधिकांश पुरानी रोड पर पुरानी दरें ही लागू हैं। जानकारी के अनुसार एमपी के 10 नेशनल हाईवे और स्टेट हाइवे पर एक अप्रैल से टोल राशि महंगी की गई है। यहां टोल में करीब 7.50 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। जहां टोल बढ़ा है उनमें प्रदेश के चार नेशनल हाइवे शामिल हैं।



पश्चिमी विक्षोभ से छाए बादल, उमस बढ़ी

# बारिश-बदली के हालात में गर्मी का बढ़ा जोर

**जबलपुर।** मौसम का मिजाज बदल गया है, बारिश बदली के हालात बने रहे हैं, लेकिन गर्मी से राहत नहीं है। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से तापमान में भले ही गिरावट आई लेकिन गर्मी जस की तस बनी रही। मार्च के आखरी दिन में पारा 40.04 डिग्री तक पहुंच गया था। इसके बाद शुक्रवार की शाम को बारिश हुई और शनिवार रविवार को बादलों की आमद दर्ज हुई। जिससे उमस भरी गर्मी बनी रही। क्षेत्रीय मौसम कार्यालय के मुताबिक वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ ईरान के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण के रूप में व्यवस्थित है। एक अन्य चक्रवातीय परिसंचरण पश्चिमी मध्यप्रदेश के ऊपर सक्रिय है जो पूर्वी मध्यप्रदेश को भी प्रभावित कर रहा है। इसके असर से अगले 24 घंटे के दौरान जबलपुर सहित संभाग के जिलों में कहीं-कहीं तेज हवा के साथ हल्की वर्षा की संभावना है। हवा में नमी कम हो जाने से मौसम के मिजाज लगातार तीखे होते जा रहे हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 37.9 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया, न्यूनतम तापमान 23.9 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 4 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातकाल 53 प्रतिशत और सायंकाल 25 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 6.01 बजे और सूर्यास्त शाम 6.26 बजे हुआ। प्रदेश में सबसे अधिक 40 डिग्री तापमान सतना जिलें में भी दर्ज किया गया। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 31.04 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 22.08 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। पश्चिमी हवायें 5 से 6 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान जिले में कहीं कहीं हलकी वर्षा की संभावना है।

कमीशन के लालच में बुकी फैला रहे जाल

# कॉलेज, कोचिंग तक पहुंच गया ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क

**जबलपुर।** ऑनलाइन सट्टा कारोबार करने वालों ने ट्रेंड बदला है। अब उनका नेटवर्क कोचिंग, कॉलेज और स्कूली छात्रों तक फैल रहा है। इसमें ब्याज पर पैसे देने वाले भी सटटा कारोबारियों के गुप्त पार्टनर बन रहे है। खास बात यह है कि सटोरियों का जाल लगातार बढ़ रहा है, लेकिन पुलिस इससे बेखबर है।

आइपीएल शुरू होने के साथ ऑनलाइन सट्टा लगवाने वाले पुलिस के रडार पर हैं। लेकिन पकड़े सिर्फ वही जा रहे हैं जिनकी पहचान सटटे के धंधे से जुड़ी है। उन लोगों से पुलिस बेखबर है, जो इस धंधे में प्लानिंग के साथ उतारे गए हैं। इस कारोबार की जानकारी रखने वाले बताते हैं कि पिछले साल पुलिस ने आइपीएल शुरू होने के साथ ही सटटेबाजों की उठाई धराई की थी। इसलिए इस बार सटोरियों ने ट्रेंड बदल दिया है। मोटे कमीशन का ऑफर



देकर उन युवकों को बुकी बनाया है, जिनका नाम पता पुलिस रिकॉर्ड में नहीं है। यह बुकी कॉलेज और कोचिंग के छात्र हैं। कमीशन के लालच में अपने सहपाठियों और दोस्तो को मोटा पैसा कमाने के लालच में दांव लगवा रहे हैं।

### सूदखोरों से टाइअप

सटोरियों ने नए बुकी के साथ सूदखोरों की टीम भी शामिल की है। सट्टेबाजी में पैसा गंवाने वालों को सूदखोर को 30 से 40 प्रतिशत ब्याज पर रकम उधार दे रहे हैं। पुलिस का कहना है कि सटटेबाजों ने पुराने ठिकाने की जगहों पर लक्जरी फ्लैट और टाउनशिप में अपने ठिकाने बनाए हैं, यह तो सामने आया था। इसके अलावा नए बुकी और सूदखोरों के साथ टाइअप की बातें भी अब सामने आ रही हैं। इस नेटवर्क का पता लगाया जा रहा है। कुछ संदेहियों के नाम भी सामने आए हैं। उनकी तस्दीक की जा रही है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240